ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 5 जून 2024
वर्ष 5, अंक 71, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



फिर से... मोदी

● कई राज्यों में सीटें घटीं पर सरकार बरकरार
● लगातार तीसरी बार बनेगी एनडीए की सरकार

291 सीटों पर राजग

235 सीटों पर इंडी गंबधन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में तीसरी बार राजग की सरकार बनने जा रही है। मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। भाजपा भले ही 2019 की तरह प्रदर्शन न कर पाई हो, लेकिन इस बार भी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। मतगणना के बाद रात 11 बजे तक सामने आए रुझानों से तय है कि भाजपा को स्पष्ट बहुमत न मिला हो, लेकिन बहुमत राजग के साथ ही है। परिणामों में एनडीए 291 सीटों पर आगे थी, वहीं इंडिया गठबंधन 235 सीटों पर आगे थी। एनडीए में इस बार 41 तो इंडिया गठबंधन में 37 दलों ने चुनाव लड़ा था। भाजपा 240, कांग्रेस 99, सपा 37, टीएमसी-22, डीएमके-22, जेडी (यू)- 4 टीडीपी- 3, शिवसेना- 2, एनसीपी शरद पवार की पार्टी 1 सीट जीत चुकी थी। यह आम चुनाव कांग्रेस और सपा के लिए पिछले लोकसभा चुनाव से बेहतर रहा। रुझानों में 100 सीट हासिल कर रही कांग्रेस पार्टी 99 सीटें जीत चुकी है, जबकि पिछली बार 2019 में सिर्फ 52 सीटें ही जीत पाई थी। वहीं सपा रुझानों में 37 सीटों में से 36 सीटें जीत चुकी है। पिछली बार सपा सिर्फ 5 सीटों तक ही सिमट गई थी।

तीसरे कार्यकाल में हर तरह के भ्रष्टाचार को उखाड़ फेंकेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव परिणामों में एनडीए को बहुमत मिलने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में राजग सरकार देश में बड़े फैसलों का नया अध्याय लिखेगी। मोदी मंगलवार रात भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल की प्राथमिकताओं का खुलासा करते हुए कहा, तीसरे कार्यकाल में देश बड़े फैसलों का एक नया अध्याय लिखेगा और ये मोदी की गारंटी है। राजग सरकार की प्रतिबद्धता समाज के हर क्षेत्र और हर वर्ग के विकास की रही है। 10 वर्ष में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है।...हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक गरीबी देश के अतीत का हिस्सा ना हो जाये।

उन्होंने कहा भारत को 21 वीं के एक मजबूत स्तंभ बनाने के लिए भ्रष्टाचार पर लगातार तेज प्रहार करने होंगे। डिजिटल इंडिया और तकनीक ने भ्रष्टाचार के रास्ते को बंद कर दिया है। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई दिनों दिन कठिन होती जा रही है।..लोग निर्लज्जता से भ्रष्टाचार का बचाव कर रहे हैं। तीसरे कार्यकाल में राजग की सरकार हर तरह के भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकने का काम करेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसे भाजपा एवं राजग के लिए एक बड़ी और गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि 1962 के बाद पहली बार कोई सरकार, दो कार्यकाल के बाद लगातार तीसरी बार वापस आयी है। यही नहीं, लोकसभा चुनाव के साथ ही अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, आंध्रप्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनावों में चारों राज्यों में राजग की सरकारें

पूर्ण बहुमत प्राप्त करके आयीं हैं और वहां कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। उन्होंने कहा, छह दशक बाद, देश के मतदाताओं ने एक नया इतिहास रचा है, छह दशक बाद किसी गठबंधन को, राजग को लगातार तीसरी बार देश की सेवा करने का अवसर दिया है।

उन्होंने कहा यह पल, निजी तौर पर मेरे लिए भी भावुक करने वाला पल है। मेरी मां के जाने के बाद ये मेरा पहला चुनाव था, लेकिन सच मानिए देश की कोटि-कोटि माताओं-बहनों-बेटियों ने मां की कमी मुझे खलने नहीं दी। मोदी ने कहा, हमारे विरोधी एकजुट होकर भी उतनी सीटें नहीं जीत पाए, जितनी इस लोकसभा चुनाव में अकेले बीजेपी ने जीती है। अगर आप (देशवासी) 10 घंटे काम करेंगे तो मोदी 18 घंटे काम करेगा, आप दो कदम चलेंगे तो मोदी चार कदम चलेगा। हम भारतीय मिलकर चलेंगे, देश को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने महिलाओं और युवाओं के लिए रोज़गार स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ाने तथा किसानों को हर प्रकार से आत्मनिर्भर बनाने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि आने वाला युग हरित युग होगा। इस मौके पर भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे।

उप्रः केंद्र के इन मंत्रियों के हिस्से में हार

प्रत्याशी : अजय मिश्र टेनी
केंद्रीय गृह राज्य मंत्री
सीट : लखीमपुर खीरी
मतों से हारे
34,329

प्रत्याशी : स्मृति ईरानी
मंत्री
सीट : अमेठी
मतों से हारे
1,67,196

प्रत्याशी : महेंद्र नाथ पांडेय
मंत्री
सीट : चंदौली
मतों से हारे
21,565

प्रत्याशी : कौशल किशोर
मंत्री
सीट : मोहनलालगंज
मतों से हारे
70,292

प्रत्याशी : संजीव बालियान
मंत्री
सीट : मुजफ्फरनगर
मतों से हारे
24,672

272 सीटें चाहिए होती हैं पूर्ण बहुमत हासिल करने के लिए

2019 में सिर्फ 52 सीटें ही जीत पाई थी कांग्रेस ने 99 सीट हासिल कीं, वहीं सपा ने 37 सीटों में से 36 सीटें जीतीं

देश मोदी को नहीं चाहता : राहुल गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि इंडी गठबंधन से बाहर के दलों के संपर्क करने और सरकार गठन के प्रयासों से जुड़ी कवायद के बारे में कोई भी फैसला घटक दल मिलकर करेंगे। उन्होंने कहा कि गठबंधन की बैठक होगी, जिसमें फैसला होगा।

राहुल ने कहा कि चुनाव में देश की जनता ने साफ संदेश दिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को नहीं चाहती। राहुल ने सरकार गठन के लिए नीतीश और चंद्रबाबू नायडू जैसे नेताओं के संपर्क किए जाने से जुड़े सवाल पर कहा, हम उम्मीद करते हैं कि इंडी गठबंधन की कल बैठक होगी। उनका कहना था, यह चुनाव हमें भाजपा के साथ ही सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग समेत हिंदुस्तान की कई संस्थाओं और आधी न्यायपालिका के खिलाफ भी लड़ना पड़ा। नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ने संस्थाओं को डराया और धमकाया। लड़ाई संविधान को बचाने की थी और संविधान बचाने में गरीबों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब मोदी सरकार ने हमारे बैंक खाते फ्रीज किए, मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला, पार्टियां तोड़ी तो मेरे दिमाग में था कि हिंदुस्तान की जनता अपने संविधान के लिए एकजुट होकर लड़ जाएगी। ये बात सच साबित हुई। राहुल गांधी ने कहा, गठबंधन के इस चुनावी परिणाम के पीछे संविधान, आरक्षण और गरीबी जैसे मुद्दे रहे हैं।

लोकसभा चुनाव

जनता का फैसला

4 हिमाचल में क्लीन स्वीप

7 दिल्ली में क्लीन स्वीप

5 उत्तराखंड में क्लीन स्वीप

29 मध्य प्रदेश में क्लीन स्वीप

अमृत विचार

बुधवार, 5 जून, 2024

www.amritvichar.com

जीत का सहरा

सीट : गुना (मध्य प्रदेश)
प्रत्याशी: ज्योतिरादित्य
मतों से जीत: 5.4 लाख

सीट : हमीरपुर (हिमाचल)
प्रत्याशी : अनुराग ठाकुर
मतों से जीत: 182357

सीट : कैसरगंज लखनऊ
प्रत्याशी : करण भूषण
मतों से जीत: 1,48,843

सीट : नगीना (उप्र)
प्रत्याशी : चंद्रशेखर
मतों से जीत: 151473

सीट: आसनसोल (पं. बंगाल)
प्रत्याशी : शत्रुघ्न सिन्हा
मतों से जीत: 59,564



सीट : मंडी (हिमाचल)
प्रत्याशी : कंगना रनोट
मतों से जीत: 74755

सीट : मेरठ (उप्र)
प्रत्याशी : अरुण गोविल
मतों से जीत: 10585

सीट : त्रिशूर (केरल)
प्रत्याशी : सुरेश गोपी
मतों से जीत: 74686

सीट : गोरखपुर (उप्र)
प्रत्याशी : रवि किशन
मतों से जीत: 103526

सीट : पीलीभीत (उप्र)
प्रत्याशी : जितिन प्रसाद
मतों से जीत : 1,66,575

सीट : खीरी (उप्र)
प्रत्याशी : उत्कर्ष वर्मा
मतों से जीत : 34, 329



सीट : मुजफ्फरनगर (उप्र)
प्रत्याशी : हरेंद्र मलिक
मतों से जीत: 24,672

सीट : उधमपुर
प्रत्याशी : जितेंद्र सिंह
मतों से जीत: 1,24,373

सीट : हैदराबाद
प्रत्याशी : ओवैसी
मतों से जीत: 3,38,087

सीट : वडोदरा
प्रत्याशी : हेमंग जोशी
मतों से जीत : 5.82 लाख

सीट : सिरसा
प्रत्याशी : कुमारी शैलजा
मतों से जीत: 2.67 लाख

सीट : उधमसिंह नगर
प्रत्याशी : अजय भट्ट
मतों से जीत: 3.26 लाख

सीट : मथुरा
प्रत्याशी : हेमा मालिनी
मतों से जीत: 2.61 लाख

मतगणना की आंधी में उड़ गए एक्जिट पोल्स

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : सातवें चरण के मतदान के बाद एनडीए के पक्ष में एक्जिट पोल की आंधी मतगणना के साथ ही ढह गई। बड़े मीडिया हाउस और एजेंसियों के एग्जिट पोल्स में एनडीए गठबंधन को 400 से ज्यादा सीटें और भाजपा को 370 सीट के साथ बहुमत में दिखाया गया था। मतगणना के बाद आए रुझान ने पूरी कहानी ही पलट दी। अब भाजपा को लोकसभा में बहुमत बनाए रखने के लिए तेलुगू देशम पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड) और एकनाथ शिंदे की शिवसेना जैसे अपने सहयोगियों पर बहुत हद तक निर्भर रहना पड़ेगा।

इस लोकसभा चुनाव में 400 पार एनडीए सरकार का नारा देने वाली मोदी सरकार मंगलवार को हुई मतगणना में 300 पार के लिए तरस गई। मध्य प्रदेश

- **रुझानों में भाजपा को 360 सीट और एनडीए को 400+ का किया था दावा**
- **300 पार के लिए तरस गई एनडीए विपक्ष को तगड़ा फायदा**

और गुजरात को छोड़ दें तो भाजपा को सबसे बड़ा नुकसान उत्तर प्रदेश में उठाना पड़ा। वहीं महाराष्ट्र में भी विपक्षी गठबंधन का प्रदर्शन शानदार रहा, यहां भी भाजपा एक्जिट पोल्स के रुझानों में आगे थी।

पिछले चुनाव के नतीजे में बहुमत में थी भाजपा : 2019 के चुनाव नतीजे

दावों से उलट इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन

मतगणना के बाद आए रुझान में इंडिया गठबंधन को मिली बढ़त ने सभी को भौचक्का कर दिया। मतगणना से पूर्व के रुझानों में 130 से कम सीटों को दिखाया गया था, लेकिन वास्तविक में 230 से ज्यादा पार कर गई। 100 से अधिक सीटें इंडिया गठबंधन के लिए माइलस्टोन की तरह काम करेगा। गठबंधन 9 जून तक सरकार बनाने का दवा यदि पेश नहीं कर पाया तो भी लोकसभा में मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाएगा।

उत्तर प्रदेश ने बढ़ाई भाजपा की टेंशन

वर्तमान में मोदी सरकार के लिए सबसे बड़ी टेंशन इस समय उत्तर प्रदेश की कम सीटें बन गई हैं। एक्जिट पोल्स में एनडीए को 400 पार की सबसे बड़ी बढ़त उत्तर प्रदेश राज्य में दिखाई गई थी। यहां 80 में से 72 सीटों का दावा किया गया था, लेकिन 36 सीटों पर सिमट गई। ऐसे में भाजपा को अन्य राज्यों के घटक दलों पर निर्भर रह कर सरकार चलानी पड़ी। 2019 के चुनाव में बीजेपी की अगुवाई वाली एनडीए ने 64 सीटों पर जीत हासिल की थी। वहीं, गठबंधन में बसपा ने 10 और सपा ने 5 सीटों पर जीत हासिल की थी।

जब सामने आए थे तो भाजपा लगातार दूसरी बार खुद के दम पर सत्ता में आई। भाजपा ने सबसे ज्यादा 303 सीटें जीतीं। इसके बाद कांग्रेस को महज 52 सीटों पर जीत मिली थी। इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस के 22 सांसद, बसपा के 10, भाकपा के 2, माकपा के 3 और एनसीपी के 5 सांसद जीते थे। इसके अलावा अन्य सीटें एनडीए गठबंधन के हिस्से में पहुंची थी।

छह राज्यों में भाजपा को भारी नुकसान

उप्र, महाराष्ट्र, बिहार, पं. बंगाल, कर्नाटक, हरियाणा, राजस्थान में कम सीटें

संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मत की गिनती आज सुबह आठ बजे से शुरू होने के साथ ही आए परिणाम ने भाजपा की परेशानी को बढ़ा दिया है। राजग को उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पंजाब, लद्दाख, पंश्चिम बंगाल, कर्नाटक, हरियाणा और राजस्थान जैसे राज्यों में भाजपा की अपेक्षा से कम सीटें आई हैं। कांग्रेस और उसकी इंडिया गठबंधन के दमदार प्रदर्शन ने सभी को चौका दिया है। साथ ही सरकार बनाने के लिए 272 सीटों की जरूरत होती है। लेकिन कई राज्यों में निराशजन प्रदर्शन के बाद भी राजग सरकार बनाने की ओर अग्रसर है।

उत्तर प्रदेश में सपा तो पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने भाजपा को काफी नुकसान पहुंचाया है। जहां भाजपा ने हिमाचल, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश और गुजरात की सभी सीटों पर जीत दर्ज की है, वहीं हरियाणा और महाराष्ट्र में उसको काफी नुकसान हुआ है। भाजपा सबसे ज्यादा बेहतर परिणाम की आशा प. बंगाल से थी पर ममता बनर्जी ने यह साबित किया की वह बंगाल में भाजपा पर भारी पड़ेंगी।

2019 के चुनाव में भाजपा ने इन सभी राज्यों में बेहतर प्रदर्शन किया था और इस बार भी सबसे ज्यादा सीटों के आने की उम्मीद भी भाजपा को इन्हीं राज्यों से थी।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के लिए निराशाजनक साबित हुए हैं। उत्तर प्रदेश, हरियाणा पंजाब, पश्चिम बंगाल जैसे कई प्रमुख राज्यों में उसकी करारी हार हुई है। भाजपा को उत्तर प्रदेश में 30, बिहार में 9, पंजाब में 2, कर्नाटक में 9, लेह की एक सीट, पश्चित बंगाल में 6 हरियाणा में 5 और महाराष्ट्र में 23 सीटों का नुकसान उठाना पड़ा है वहीं, कांग्रेस ने पिछली वार की अपेक्षा अच्छा प्रदर्शन किया है और यूपी में कांगेस में 6 सीटों पर जीत दर्ज की, साथ ही सपा ने भी 38 सीटें जीती है। महाराष्ट्र में कांग्रेस ने 13, शिवसेना ने 7 सीटों पर जीत दर्ज कर भाजपा को नुकसान पहुंचाया है। बिहार में भी कांग्रेस को तीन सीटें मिली है और राजद ने चार सीटों पर जीत दर्ज की है। कर्नाटक में कांग्रेस को नौ और पंश्चिम बंगाल में एक सीट मिली है।

बंगाल से भाजपा को काफी उम्मीद थी पर टीएमसी ने 29 सीटों पर जीत दर्ज कर इस पर पानी फेर दिया। वहीं हरियाणा में भी कांग्रेस ने पांच सीट जीतकर भाजपा को पांच सीट पर ही समेट दिया जबकि पिछली बार भाजपा ने यहां की सभी 10 सीटों पर जीत दर्ज की थी। राजस्थान में भी भाजपा को दस सीटों का नुकसान हुआ है जहां भाजपा को केवल 14 सीटों पर ही जीत मिल सकी है और कांग्रेस को 8 और अन्य को तीन सीटें मिली हैं।

वहीं भाजपा ने उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज कर ली है। केरल के त्रिपुर में भी भाजपा ने अपना खाला खोल दिया है। साथ ही मध्य प्रदेश की 29 सीटों पर भाजपा ने एकतरफा जीत दर्ज की है। साथ ही भाजपा ने असम में 9 छत्तीसगढ़ में 10, दिल्ली की सातों सीटों के साथ ही

इन राज्यों में नुकसान

उत्तर प्रदेश-80	
भाजपा	33 (-29)
सपा	37 (+32)
कांग्रेस	6 (+5)
रालोद	2
अन्य	2

कर्नाटक-28	
कांग्रेस	9 (+8)
भाजपा	17 (-8)
जेडीएस	2

राजस्थान-25	
भाजपा	14 (-10)
कांग्रेस	+8
अन्य	3

हरियाण-10	
भाजपा	5 (-5)
कांग्रेस	5 (+5)

महाराष्ट्र-48	
भाजपा	10 (-13)
कांग्रेस	13 (+12)
शिवसेना	7
एनसीपी	1
अन्य	17

प. बंगाल-42	
टीएमसी	29(+7)
भाजपा	12 (-6)
कांग्रेस	1 (-1)

बिहार-40	
भाजपा	12 (-5)
राजद	+4
जदयू	12 (-4)
कांग्रेस	3 (+2)
अन्य	9

गुजरात में 26 मेंसे 25, हिमाचाल की चार पर जीत दर्ज की है। इसी के साथ ही कई छोटे राज्यों में भी भाजपा को कोई खास सफलता हाथ नहीं लग सकी है।

5 नेताओं ने तोड़े रिकॉर्ड, इंदौर के लालवानी आगे

नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा के चार उम्मीदवारों सहित कम से कम पांच राजनेताओं ने जीत के अंतर के सभी रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। इंदौर के मौजूदा सांसद शंकर लालवनी ने 11.72 लाख मतों से जीत दर्ज की। गृह मंत्री अमित शाह, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और भाजपा नेता सीआर पाटिल मतगणना के अंतिम दौर में सात लाख से ज्यादा मत से जीते हैं।

असम के धुबरी क्षेत्र से कांग्रेस के रकीबुल हुसैन 7.36 लाख मतों से जीते। सबसे ज्यादा अंतर से जीत का रिकॉर्ड भाजपा के प्रीतम मुंडे के नाम था, जिन्होंने अक्टूबर 2014 में महाराष्ट्र की बीड सीट पर हुए उपचुनाव में 6.96 लाख से ज्यादा मतों पाए थे। उन्होंने 7.67 लाख मतों से दर्ज की। विदिशा से शिवराज सिंह चौहान 7.96 लाख से ज्यादा मतों से जीते। अमित शाह गांधीनगर लोकसभा सीट पर 7.37 लाख, जबकि उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश की गुना सीट से 5.4 लाख से अधिक मतों जीते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वाराणसी से 1,52,513 मतों से जीते हैं। जहां से उनकी ये तीसरी जीत है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली क्षेत्र से भाजपा के दिनेश प्रताप सिंह को 3.88 लाख मतों से हराया है। राहुल, केरल के वायनाड से भी 3.64 लाख से जीते हैं। त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब त्रिपुरा पश्चिम लोकसभा सीट से छह लाख से अधिक मतों से जीते, जबकि भाजपा के कृति देव देबबर्मन ने त्रिपुरा पूर्व निर्वाचन क्षेत्र में 4.86 लाख से अधिक जीत दर्ज की। भाजपा के हेमंग जोशी भी वडोदरा से 5.82 लाख से अधिक मतों से विजयी रहें। कांग्रेस के अमासहायम रघुराम रेड्डी खम्मम से 4.59 लाख, भाजपा के एटला राजेंद्र मलकानगिरी से 3.81 लाख, अजय भट्ट नैनीताल-उधमसिंह नगर से 3.26 लाख से अधिक मतों से जीते हैं। रायपुर क्षेत्र से भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल 4.43 लाख तो मथुरा से हेमा मालिनी 2.61 लाख मतों से आगे चल रही हैं जबकि नोएडा से पार्टी उम्मीदवार महेश शर्मा 5.57 लाख मतों से आगे चल रहे हैं। हरियाणा में कांग्रेस की कुमारी शैलजा और दीपेंद्र सिंह हुड्डा सिरसा और रोहतक से क्रमशः 2.67 लाख और 3.01 लाख मतों से आगे चल रहे हैं।

लोगों ने नफरत और तानाशाही के खिलाफ वोट दिया : आप

नई दिल्ली। आप ने मंगलवार को कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद इसके उम्मीदवारों ने दिल्ली में भाजपा को कड़ी टक्कर दी और साथ ही लोगों ने भाजपा की नफरत तथा तानाशाही की राजनीति के खिलाफ मतदान किया।

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा, मैं देश के मतदाताओं के सामने सिर झुकाना चाहता हूं। यह चुनाव जनता का एक संदेश है कि वह भाजपा के 10 साल के शासन से थक गई है और उसे बाहर करना चाहती है। लोग महंगाई से परेशान हो गए हैं। भाजपा के 272 के बहुमत के आंकड़े से दूर दिखाई देने पर सिंह ने कहा, नतीजे भाजपा और उसकी नफरत तथा तानाशाही की राजनीति के लिए एक बड़ा सबक हैं।

हार का बोझ

सीट : खूंटी (झारखंड)
प्रत्याशी : अर्जुन मुंडा
मतों से हारे: 1.49 लाख

सीट : मथुरा
प्रत्याशी : मुकेश धनगर
मतों से हारे: 2.93 लाख

सीट : हैदराबाद
प्रत्याशी : माधवी लता
मतों से हारे: 3,38,087

सीट : गाजियाबाद
प्रत्याशी : डॉली शर्मा
मतों से हारे: 3.36 लाख

सीट : अनंतनाग- राजौरी
प्रत्याशी : महबूबा मुफ्ती
मतों से हारे: 2,81,794

सीट : रामपुर
प्रत्याशी : घनश्याम लोधी
मतों से हारे: 87434

सीट : आजमगढ़
प्रत्याशी : दिनेश लाल यादव
मतों से हारे: 1,61,035

सीट : राजगढ़ (मध्यप्रदेश)
प्रत्याशी : दिग्विजय सिंह
मतों से हारे: 1.46 लाख

सीट : फतेहपुर
प्रत्याशी: निरंजन ज्योति
मतों से हारे: 35 हजार

सीट : जलौन
प्रत्याशी : भानू प्रताप वर्मा
मतों से हारे: 53,898

सीट : घोसी
प्रत्याशी : अरविंद राजभर
मतों से हारे: 1,62,943

सीट : रायबरेली
प्रत्याशी : दिनेश प्रताप सिंह
मतों से हारे: 3,90,030

सीट : सुल्तानपुर
प्रत्याशी : मेनका गांधी
मतों से हारे: 40 हजार

सियासत केंद्रीय मंत्रियों में स्मृति, डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, संजीव बालियान, साध्वी निरंजन ज्योति, भानू प्रताप वर्मा, टेनी और कौशल किशोर जबकि राज्य सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह और जयवीर सिंह हारे

मोदी–योगी के कई मंत्री पराजित, अयोध्या भी हार गयी भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **केन्द्र के सात और राज्य सरकार के दो मंत्री चुनाव हार गए**

अमृत विचार: राजनीतिक हलकों में भले कहा जाता हो कि दिल्ली की कुर्सी का रास्ता उप्र. से हो कर जाता है लेकिन इस बार चुनाव में तो यहां कई मंत्रियों ने भी अपनी सांसदी गंवा दी। देश को चौंकाने वाले उप्र. की लोस सीट के परिणामों में चुनाव लड़ रहे 12 केंद्रीय मंत्रियों में से सात मंत्री और राज्य सरकार के दो मंत्री चुनाव हार गए। इस बार भाजपा से जनता का ऐसा मोहभंग हुआ कि चुनाव के दौरान चर्चा में रहे अयोध्या में भव्य राम मंदिर को सहेजने वाली अयोध्या सीट से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने चुनाव हरा दिया है।

हारने वाले केंद्रीय मंत्रियों की तो इस सूची में स्मृति ईरानी, डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय, संजीव वालियान, साध्वी निरंजन ज्योति, भानू प्रताप वर्मा, अजय मिश्रा टेनी और कौशल किशोर के नाम शामिल हैं। जबकि राज्य सरकार के

लोकसभा फैजाबाद (अयोध्या)	
गठबंधन के अवधेश प्रसाद	554289
भाजपा लल्लू सिंह	499722
बसपा के सच्चिदानंद पांडेय	46407
कम्युनिस्ट पार्टी के अरविंद सेन	15367

मंत्री दिनेश प्रताप सिंह और जयवीर सिंह भी चुनाव हार गए हैं। भाजपा के अन्य दिग्गज नेताओं में पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी (सुल्तानपुर), भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ (आजमगढ़), महाराष्ट्र के पूर्व गृहमंत्री कृपाशंकर सिंह (जौनपुर), पूर्व पीएम चंद्रशेखर के पुत्र नीरज शेखर (बलिया), मंत्री व निषाद पार्टी के अध्यक्ष डा. संजय निषाद के पुत्र प्रवीण निषाद (संत कबीर नगर), मंत्री व सुभासपा अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के पुत्र अरविंद राजभर (घोसी) जैसे बड़े नेता भी चुनाव हार गए।

अयोध्या : आस्था व विकास पर भारी पड़ा जातीय समीकरण

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

- **नहीं लुभा पाया वैश्विक पर्यटन नगरी का आकर्षण**
- **सामान्य सीट से दलित विधायक ने दर्ज कराई जीत**
- **मंडल से प्रदेश तक जातीय समीकरण का असर**

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में अयोध्या से राजनीति के नए ट्रेड का संकेत है। आस्था और विकास, जातीय समीकरण के मकड़जाल में उलझ कर रह गए। वैश्विक पर्यटन नगरी का आकर्षण भी मतदाताओं को आकर्षित नहीं कर पाया। परिणाम रहा कि अयोध्या में भाजपा को मुंह की खानी पड़ी। अयोध्या राजनीति की प्रयोगशाला के तौर पर देखी जाती है। यहां नए-नए प्रयोग राजनीति को नई दिशा देते रहे हैं। भाजपा को ऊर्जा अयोध्या से मिलती रही है तो सपा और बसपा ने भी अयोध्या में अपने नए प्रयोगों के जरिए सियासत से सत्ता की सीढ़ी चढ़ी। तीनों दलों ने अलग-अलग चुनाव में सोशल इजीनियंरिग का प्रयोग भी यहीं किया। कामयाबी हासिल की। इस बार भी सपा ने एकदम नया प्रयोग किया। सामान्य सीट से सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र मिल्कीपुर के विधायक अवधेश प्रसाद को चुनाव मैदान में भेजा। प्रसाद, पासी बिरादारी से आते हैं। बिरादरी के साथ अन्य वोटों के ध्रुवीकरण से उन्होंने भाजपा की नाक रही अयोध्या की सीट छीन ली। यह अयोध्या के लिए बड़ी बात है।

अयोध्या केवल भाजपा का गढ़ नहीं रही है बल्कि अयोध्या को आस्था और विकास के नजरिए से भी देखा जाता है। राम मंदिर पर फैसला आने से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा तक आस्था की तरंगे पूरे देश में यहां से फैलती रहीं। प्रदेश में अयोध्या से ज्यादा विकास शायद ही कहीं किया गया हो, कुछ लोग इससे प्रभावित भी हुए तो लाभ बहुतों को हुआ। इंटरनेशनल एयरपोर्ट से हाईवे तक। आधुनिक सुविधाओं युक्त भव्य रेलवे स्टेशन से अच्छी ट्रेनों के साथ राम मंदिर निर्माण और राम लला की प्राण प्रतिष्ठा। कई हजार करोड़ रूपये की परियोजनाएं और लोगों को योजनाओं के लाभ। सब एक ओर रह गए और जातीय सियासत दूसरी ओर। साफ है कि लोकसभा चुनाव में अयोध्या के विकास का मुद्दा नहीं रहा।

जातीय सियासत इसलिए भी कि साल 2019 का चुनाव सपा-बसपा ने यहां ने एक साथ मिलकर लड़ा था, लेकिन जीत नहीं पाई। भाजपा लगभग 65 हजार वोट से चुनाव जीत गई थी। गठबंधन के प्रत्याशी को 4 .63 लाख वोट मिले। तब प्रत्याशी आनंद सेन यादव थे । वह अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित थे। इस लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के सपा प्रत्याशी के पक्ष में पहले से ज्यादा ध्रुवीकरण हुआ। इसका कारण प्रत्याशी का पासी बिरादरी से होना माना जा रहा है। सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह पर 56 हजार से ज्यादा वोटों से बढ़त बना ली। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र की पांच विधानसभा क्षेत्र में चार में जातीय समीकरण का प्रभाव साफ देखा गया। आस्था, विकास से इतर सरकार के विरोध के साथ जातीय राजनीति का असर अयोध्या ही नहीं, फैजाबाद मंडल के सभी सीटों पर महसूस किया जा रहा है। अयोध्या के पड़ोस में अमेठी की तस्वीर को छोड़ दिया जाए तो अंबेडकरनगर, बाराबंकी, सुल्तानपुर में इसका साफ असर है। इन सीटों के जीते प्रत्याशियों की जाति और जातीय समीकरण इसी ओर इशारा करते हैं। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो मंडल ही नहीं पूरे प्रदेश में सपा ने जातीय राजनीति के जरिए चुनावी फतह पर काम किया। लोकसभावार ज्यादातर प्रत्याशियों का चयन ही जातीय समीकरण के आधार पर किया गया। मतगणना के बाद चुनाव परिणाम के साथ जातीय राजनीति के पक्ष में परिणाम साफ दिख रहा है।

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 5 जून 2024
वर्ष 5, अंक 71, पृष्ठ 18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मिशन विश्वकप का आगाज करेगी टीम इंडिया 15

पिता बने वरुण, पत्नी नताशा ने दिया बेटी को जन्म 16

राजग को बहुमत, 9 को मोदी ले सकते हैं शपथ

सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी भाजपा, सहयोगी दलों के दम पर फिर बनेगी सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के अब तक आए नतीजों के मुताबिक भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भले ही बहुमत (272 सीट) से दूर नजर आ रही है लेकिन वह सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। हालांकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के अपने सहयोगियों की बदौलत उसकी फिर से सरकार बनने जा रही है। राजग की सीटों का आंकड़ा 300 सीटों के करीब पहुंचता दिख रहा है। खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजग की नई सरकार का 9 जून को शपथ ग्रहण कार्यक्रम हो सकता है। दरअसल, राष्ट्रपति भवन की ओर से एक बयान जारी किया गया है जिसके मुताबिक राष्ट्रपति भवन का सर्किट-1 बुधवार (5 जून) से लेकर 9 जून तक आम जनता के लिए बंद रहेगा। इस दौरान राष्ट्रपति भवन में नई सरकार के शपथ ग्रहण की तैयारियां की जाएंगी।

नई दिल्ली भाजपा मुख्यालय में समर्थकों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा। ● एजेंसी

लोकसभा चुनावों के लिए मतों की गिनती जैसे-जैसे आगे बढ़ी, रुझानों में स्पष्ट होता चला गया कि सत्तारूढ़ गठबंधन उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर रहा है और एग्जिट पोल के अनुमान भी गलत साबित हो रहे हैं। अब तक के रूझान और नतीजे इसकी भी तस्दीक कर रहे हैं कि किसी एक दल को बहुमत देने के पिछले एक दशक के जनादेश में बदलाव आया है और एक बार फिर देश की राजनीति में गठबंधन युग की वापसी हो रही है। तकरीबन साढ़े ग्यारह बजे तक के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक भाजपा 228 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी थी जबकि 12 सीटों पर उसके उम्मीदवार आगे थे। भाजपा कुल मिलाकर 240 सीटों पर आगे थी। 543 सदस्यों वाली लोकसभा में बहुमत के लिए आवश्यक 272 के जादुई आंकड़े से वह पीछे है। हालांकि राजग का आंकड़ा 300 के करीब पहुंचता दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर 'इंडिया' गठबंधन करीब 234 सीटों पर आगे हैं। कांग्रेस 88 सीटों पर जीत चुकी है और 11 सीटों पर उसके उम्मीदवार आगे हैं। साल 2019 के प्रदर्शन के मुकाबले कांग्रेस लगभग दोगुनी सीट की ओर आगे बढ़ती दिख रही है। पिछले चुनाव में भाजपा के पास 303 जबकि राजग के पास 350 से अधिक सीटें थीं। राजग यदि फिर से सत्ता में आता है और नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनते हैं तो लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में वह जवाहरलाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेंगे। भाजपा को इस चुनाव में उत्तर प्रदेश में में खासा झटका लगा है जहां समाजवादी पार्टी ने उसे पीछे छोड़ दिया है। राजस्थान और हरियाणा में भी उम्मीद के विपरीत उसका प्रदर्शन रहा।

नई ऊर्जा, नए संकल्पों के साथ हम आगे बढ़ेंगे : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लगातार तीसरी बार जीत को ऐतिहासिक पल बताया है और इसके लिए देश की जनता के प्रति आभार जताया। मोदी ने कहा है कि गठबंधन देश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए नई ताकत से काम करेगा। प्रधानमंत्री ने 18वीं लोकसभा के परिणामों और रुझानों के बीच मंगलवार शाम एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि देश की जनता-जनार्दन ने एनडीए पर लगातार तीसरी बार अपना विश्वास जताया है। भारत के इतिहास में ये एक अभूतपूर्व पल है। मैं इस स्नेह और आशीर्वाद के लिए अपने परिजनों को नमन करता हूं। मैं देशवासियों को विश्वास दिलाता हूं कि उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए हम नई ऊर्जा, नई उमंग, नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ेंगे। सभी कार्यकर्ताओं ने जिस समर्पण भाव से अथक मेहनत की है, मैं इसके लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं, अभिनंदन करता हूं। लोकसभा चुनाव 2024 की मतगणना के जाता रूझानों में भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को 292 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि विपक्षी 'इंडिया समूह' के प्रत्याशी 233 सीटों पर आगे चल रहे हैं या विजयी हुए हैं। इन चुनावों में भाजपा अपने बल पर बहुमत हासिल करने में कामयाब नहीं हुई है, लेकिन लोकसभा की 543 सीटों में से उसे 240 सीटें मिलती हुई दिखाई दे रही हैं।

आंध्र प्रदेश में राजग बहुमत की ओर, तेदेपा कार्यालय में जश्न

विधानसभा चुनाव

अमरावती, एजेंसी

आंध्र प्रदेश में अपने चुनाव पूर्व सहयोगियों जनसेना और भाजपा के साथ मिलकर सरकार बनाने के लिए तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के भारी बहुमत प्राप्त करने की ओर अग्रसर होने के साथ ही मंगलवार को राज्यभर में पार्टी के कार्यालयों में खुशियां मनाई जाने लगीं।

निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, तेदेपा ने 124 विधानसभा सीट पर जीत हासिल की है तथा 10 सीट पर आगे है, जबकि जनसेना ने 20 सीट पर जीत दर्ज की है तथा 1 पर आगे है। वहीं, भाजपा ने 6 विधानसभा सीट पर जीत हासिल कर ली है तथा 2 सीट पर आगे है। सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस महज 8 पर जीती और 4 सीट पर आगे है। गुंटूर लोकसभा सीट से तेदेपा प्रत्याशी पी चंद्रशेखर ने संवाददाताओं से कहा कि इतिहास फिर से लिखा गया है। राजग सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे के तहत तेदेपा ने 144 विधानसभा सीट पर, जबकि भाजपा ने 10 सीट, जनसेना ने 21 सीट पर चुनाव लड़ा। आंध्र में विधानसभा की 175 सीट है।

तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू को जीत की बधाई देते भाजपा नेता सिद्धार्थ सिंह।

ओडिशा में भाजपा ने 74 सीटें जीतीं, पाया पूर्ण बहुमत

भुवनेश्वर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ओडिशा की 147-सदस्यीय विधानसभा में 74 सीट जीतकर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार मतों की गिनती जारी है और भाजपा ने 74 सीट जीत ली हैं जबकि चार निर्वाचन क्षेत्रों में उनके उम्मीदवार बढ़त बनाए हुए हैं। ओडिशा में वर्ष 2000 से सत्तारूढ़ बीजद को विधानसभा में इस बार 50 सीट मिली हैं और एक सीट पर उसका उम्मदवार आगे है। कांग्रेस को इस चुनाव में 14 सीट से संतोष करना पड़ा है। ओडिशा में 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में बीजद ने 113 सीट पर जीत दर्ज की थी, जबकि भाजपा और कांग्रेस के खाते में क्रमशः 23 एवं नौ सीट गई थीं।

आंध्र के राज्यपाल ने जगन का इस्तीफा किया स्वीकार

अमरावती। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल एस अब्दुल नजीर ने मंगलवार को मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया और उनसे नई सरकार के गठन तक पद पर बने रहने का अनुरोध किया। राज्यपाल के विशेष मुख्य सचिव अनिल कुमार सिंघल ने बताया कि नजीर ने मंगलवार को रेड्डी का इस्तीफा स्वीकार कर लिया। सिंघल ने कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

मंडल में सपा को तीन, भाजपा, रालोद व आसपा को एक-एक सीट मिली

मुरादाबाद में सपा की रुचिवीरा ने रचा इतिहास, चुनी गई पहली महिला सांसद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : मंडल में लोकसभा की तीन सीटें सपा, एक भाजपा, एक आजाद समाज पार्टी (आसपा) और एक सीट रालोद के खाते में गई हैं। सपा प्रत्याशी रुचिवीरा ने मुरादाबाद सीट पर इतिहास रच दिया है। वह इस सीट पर अब तक हुए चुनाव में पहली महिला सांसद चुनी गई हैं। रुचि वीरा ने भाजपा के सर्वेश सिंह (दिवंगत) को 1,05,762 वोटों से हराया। रुचि वीरा को कुल 6,37,363 वोट मिले। जबकि भाजपा के सर्वेश सिंह को 5,31,601 वोट प्राप्त हुए। बसपा के इरफान सैफी 92,313 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। इस सीट पर कुल 12 प्रत्याशी थे।

अमरोहा सीट से दूसरी बार सांसद बने भाजपा के कंवर सिंह तंवर ने कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर दानिश अली को 28670 मतों से पराजित किया है। तंवर को 4,76,506 वोट मिले, जबकि दानिश अली को 4,47,836 मत मिले। बसपा के मुजाहिद हुसैन 1,64,099 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। संभल सीट पर सपा के जियाउर्रहमान बर्क ने भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी को121494 मतों से हराया। बर्क को 571161वोट मिले जबकि सैनी को 449667 मत मिले। बसपा के सौलत अली को 152460 वोट मिले। रामपुर सीट पर सपा प्रत्याशी मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी को 4,81,503 वोट मिले। उन्होंने 87,434 मतों से जीत दर्ज की। जबकि, उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को 3,94,069 वोट मिले। बसपा के जीशान खान को 79,692 मत मिले। बिजनौर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल के प्रत्याशी चंदन सिंह चौहान ने जीत दर्ज की है। उन्होंने 404493 मत हासिल कर 37508 वोटों से सपा के दीपक सैनी को हराया। सैनी को 366995 वोट मिले हैं। नगीना सीट से आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर उर्फ रावण को 151473 वोटों से जीत मिली। उन्हें 512552 वोट मिले। उन्होंने भाजपा के ओम कुमार को हराया। ओम को 36107 मत मिले हैं।

मुरादाबाद सीट

कुल मिले मत 6,37,363
जीत का अंतर 1,05,762
रुचि वीरा (सपा)

अमरोहा सीट

कुल मिले मत 4,76,506
जीत का अंतर 28,670
कंवर सिंह तंवर (भाजपा)

संभल सीट

कुल मिले मत 5,71,161
जीत का अंतर 1,21,494
जियाउर्रहमान बर्क (सपा)

रामपुर सीट

कुल मिले मत 4,81,503
जीत का अंतर 87,434
मौ. मोहिब्बुल्लाह नदवी (सपा)

बिजनौर सीट

कुल मिले मत 4,04,493
जीत का अंतर 37,508
चंदन सिंह चौहान (रालोद)

नगीना सीट

कुल मिले मत 5,12,552
जीत का अंतर 1,51,473
चंद्रशेखर उर्फ रावण (आसपा)

सफल रहा गठबंधन, दो लड़कों की जोड़ी हिट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अखिलेश ने पूर्व में कांग्रेस रालोद और बसपा से गठबंधन कर पाई थी असफलता
- इस बार अखिलेश-राहुल की जोड़ी का उप्र में दिखा दम भाजपा के दावों को झुठलाया

अमृत विचार : पिछले चार चुनावों (विधानसभा और लोकसभा) में गठबंधन का असफल प्रयोग कर चुके समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के गठबंधन का प्रयोग इस बार सफल रहा। अखिलेश और राहुल यानी दो लड़कों की जोड़ी भी हिट हो गई जबकि सत्तासीन दल (भाजपा) ने इस जोड़ी को असफल करार देने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी थी।

लोकसभा चुनाव 2024 के परिणामों और रुझानों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश में सपा को लगभग 37 तो वहीं कांग्रेस को छह सीटें मिलीं। कांग्रेस उप्र. से 17 सीटों पर चुनाव लड़ी थी जबकि सपा एक सीट टीएमसी को देकर कुल 63 सीट पर लड़ी। दरअसल, उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर सबकी निगाहें टिकी हुई थीं। पिछले दो आम चुनावों में मुकाबला एकतरफा रहा था। दोनों में भाजपा ने प्रचंड जीत हासिल की थी। 2014 में भाजपा ने 71 सीटें तो 2019 में 62 सीटों पर जीत हासिल की, लेकिन इस बार के चुनाव में भाजपा काफी पिछड़ गई और विपक्षी गठबंधन मजबूत स्थिति में आ गया। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में पहली बार जब राहुल और अखिलेश की जोड़ी सामने आई तो एक नारा खूब चला- यूपी को ये साथ पसंद है। मगर उस चुनाव में जनता ने दोनों की जोड़ी को पूरी तरह नकार दिया था। स्थिति यह रही कि सपा से गठबंधन करके कांग्रेस ने जिन 114 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ा, उनमें से सिर्फ 7 सीट ही जीत पाई थी। जबकि सपा ने 311 सीटों पर चुनाव लड़ा, मगर उसके खाते में सिर्फ 47 विधानसभा सीट ही आईं थीं।

बहरहाल, एक बार फिर पूरी ताकत से उत्तर प्रदेश में दो लड़कों की जोड़ी ने भाजपा और मोदी की गारंटी का सामना करने के लिए साथ आना तय किया और इस बार जनता के दिलो-दिमाग पर छा गए। दोनों ने मिलकर राजनीतिक गणित साधी। राहुल गांधी के जनता से किए वायदे और अखिलेश यादव की पीडीए यानी पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक की रणनीति काम कर गई। स्वार्थ का गठबंधन करने का आरोप झेलते हुए भी सपा और कांग्रेस ने सकारात्मक मुद्दों के साथ चुनाव प्रचार किया और सफल रहे।

निवेशकों के डूबे 31 लाख करोड़

मुंबई, एजेंसी

शेयर बाजार में भूचाल

सेंसेक्स 4389.73 अंक टूटा तो निफ्टी भी 1379.40 अंक उतरा

लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ भाजपा नेतृत्व वाले राजग को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने के रूझानों से निराश निवेशकों की बिकवाली से शेयर बाजार में आज भूचाल आ गया और सेंसेक्स एवं निफ्टी में करीब छह फीसदी की गिरावट दर्ज की गई जिससे निवेशकों के 31 लाख करोड़ रुपये से अधिक डूब गए।

आम चुनाव के एक्जिट पोल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 400 सीटों के करीब बताया गया था लेकिन मतगणना में भाजपा को 244 सीटें और राजग को करीब 300 सीटें मिलने के रूझान से निवेशक हताश हो गए और जमकर बिकवाली की जिसके कारण बाजार में भूचाल आ गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 4389.73 अंक टूटकर 72079.05 अंक पर तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 1379.40 अंक उतरकर 21884.50 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों में हुई बिकवाली का असर छोटी और मझौली कंपनियों पर पड़ा और बीएसई का मिडकैप 8.07 प्रतिशत फिसलकर 40788.10 अंक पर और स्मॉलकैप 6.79 फीसद गिरकर 44958.48 अंक पर रहा। इस बिकवाली से बीएसई का बाजार पूंजीकरण गिरकर 39483705.27 करोड़ रुपये पर आ गया। पिछले दिवस यह 42591511.54 करोड़ रुपये पर रहा था। इस तरह से निवेशकों के आज 3107806.27 करोड़ रुपये डूब गए।

मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के परिणाम घोषित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को बताया कि मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट (स्नातक) के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नतीजे घोषित कर दिए गए हैं, अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपने परिणाम देख सकते हैं। सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों का विवरण भी शीघ्र ही उपलब्ध होगा। इस वर्ष राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) के लिए रिकॉर्ड 23 लाख अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें 10 लाख से ज्यादा पुरुष, 13 लाख से अधिक महिलाएं और 24 थर्ड जेंडर श्रेणी के उम्मीदवार शामिल हैं।

उप्र. में भाजपा के मिशन 80 को लगा करारा झटका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लगातार पांचवीं बड़ी जीत से चूकी पार्टी, राम मंदिर मुद्दे का नहीं मिला फायदा

अमृत विचार : इस बार के लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को करारा झटका लगा है। यह झटका करारा इसलिए कि पार्टी का न तो मिशन 80 पूरा हुआ और न ही उत्तर प्रदेश में ऐतिहासिक राम मंदिर निर्माण (अयोध्या) की उपलब्धि भाजपा के खाते में आई।

अगर ऐसा होता तो भाजपा राज्य में लगभग 33 सीट जीतने के बजाय कम से कम 70 सीटों के आसपास पा जाती। उत्तर प्रदेश में दो बार विधानसभा और दो बार लोकसभा चुनाव जीत चुकी भाजपा इस बार अपनी पांचवीं प्रचंड जीत से चूक गई।

मतगणना के दौरान वीरान नजर आया लखनऊ स्थित भाजपा कार्यालय।

दरअसल, पिछले दो लोकसभा चुनाव में शानदार नतीजे के बाद खासकर उत्तर प्रदेश में भाजपा अपने बुलंद हौसलों के साथ थी। राम मंदिर की शुरुआत और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद तो ऐसा लग रहा था कि पार्टी राज्य में क्लीन स्वीप करेगी। लेकिन इसे अतिआत्मविश्वास कहें या जनता की नब्ज पकड़ लेने की गलतफहमी, भाजपा नाकाम साबित हुई। पार्टी को लगा कि हिंदुत्व और राम मंदिर का मुद्दा उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा है। लेकिन विपक्ष के गठजोड़ और सामाजिक समीकरण साधने की रणनीति के आगे भाजपा कमजोर साबित हुई।

गौर करने वाली बात यह है कि लोकसभा चुनाव घोषित हो जाने के बावजूद सपा और कांग्रेस में सीटों के बंटवारे को लेकर सहमति नहीं बन पा रही थी। सत्तासीन दल के नेताओं ने इस पर तफरीह भी ली कि हम यहां प्रचार में उतर गए और विपक्ष सीट बंटवारे में ही उलझा है। इसके बाद भी जिस तरह ऐन चुनाव से पहले सपा और कांग्रेस में सीटों पर सहमति बनी और नामांकन के आखिरी दिन तक उम्मीदवारों को बदलने का सिलसिला रहा, उससे अच्छा संदेश तो नहीं गया लेकिन अब परिणाम चौंकाने वाले सामने आए हैं। इधर, भाजपा के आत्मविश्वास के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी थी तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कुशल प्रशासक वाली छवि। डबल इंजन की इस जोड़ी के बूते भाजपा पिछले चुनावों की तरह इस बार भी बड़े बहुमत को लेकर आश्वस्त थी, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और निकली।

अमृत विचार
2
बुधवार, 5 जून 2024
www.amritvichar.com

लोकसभा चुनाव जनता का फैसला (यूपी)

सहारनपुर (1)

(+64542)
1 : इमरान मसूद (कांग्रेस)
547967 (कुल मिले मत)
2 : राघव लखनपाल (भाजपा)
483425 (कुल मिले मत)

बागपत (11)

(+159459)
1 : राजकुमार सांगवान (भाजपा+)
488967 (कुल मिले मत)
2 : अमरपाल (सपा)
329508 (कुल मिले मत)

मैनपुरी (21)

(+221639)
1 : डिंपल यादव (सपा)
598526 (कुल मिले मत)
2 : जयवीर सिंह (भाजपा)
376887 (कुल मिले मत)

हरदोई (31)

(+27856)
1 : जय प्रकाश रावत (भाजपा)
486798 (कुल मिले मत)
2 : उषा वर्मा (सपा)
458942 (कुल मिले मत)

इटावा (41)

(+58419)
1 : जितेंद्र दोहरे (सपा)
490747 (कुल मिले मत)
2 : रामशंकर कठेरिया (भाजपा)
432328 (कुल मिले मत)

फूलपुर (51)

(+4332)
1 : प्रवीण पटेल (भाजपा)
452600 (कुल मिले मत)
2 : अमरनाथ मौर्या (सपा)
448268 (कुल मिले मत)

बस्ती (61)

(+100994)
1 : रामप्रसाद चौधरी (सपा)
527005 (कुल मिले मत)
2 : हरीश द्विवेदी (भाजपा)
426011 (कुल मिले मत)

सलेमपुर (71)

(+3573)
1 : रमाशंकर राजभर (सपा)
405472 (कुल मिले मत)
2 : रवींद्र कुशवाहा (भाजपा)
401899 (कुल मिले मत)

कैराना (2)

(+ 69116)
1 : इकरा चौधरी (सपा)
528013 (कुल मिले मत)
2 : प्रदीप कुमार (भाजपा)
458897 (कुल मिले मत)

गाजियाबाद (12)

(+ 336965)
1 : अतुल गर्ग (भाजपा)
854170 (कुल मिले मत)
2 : डॉली शर्मा (कांग्रेस)
517205 (कुल मिले मत)

एटा (22)

(+28052
1 : देवेश शाक्य (सपा)
475808 (कुल मिले मत)
2 : राजवीर सिंह (भाजपा)
447756 (कुल मिले मत)

मिश्रिख (32)

(+33406)
1 : अशोक कुमार रावत (भाजपा)
475016 (कुल मिले मत)
2 : संगीता राजवंशी (सपा)
441610 (कुल मिले मत)

कन्नौज (42)

(+170922)
1 : अखिलेश यादव (सपा)
642292 वोट (कुल मिले मत)
2 : सुब्रत पाठक (भाजपा)
471370 (कुल मिले मत)

इलाहाबाद (52)

(+58795)
1 : उज्जवल रमण सिंह (कांग्रेस)
462145 (कुल मिले मत)
2 : नीरज त्रिपाठी (भाजपा)
403350 (कुल मिले मत)

सन्त कबीर नगर (62)

(+ 92170)
1 : लक्ष्मीकांत पप्पू निषाद (सपा)
498695 (कुल मिले मत)
2 : प्रवीण निषाद (भाजपा)
406525 (कुल मिले मत)

बलिया (72)

(+43384)
1 : सनातन पांडेय (सपा)
467068 (कुल मिले मत)
2 : नीरज शेखर (भाजपा)
423684 (कुल मिले मत)

मुजफ्फरनगर (3)

(+24672)
1 : हरेन्द्र मलिक (सपा)
470721 (कुल मिले मत)
2 : संजीव बलियान (भाजपा)
446049 (कुल मिले मत)

गौतम बुद्ध नगर (13)

(+ 559472)
1 : डॉ . महेश शर्मा (भाजपा)
857829 (कुल मिले मत)
2 : महेन्द्र सिंह नागर (सपा)
298357 (कुल मिले मत)

बदायूं (23)

(+34991)
1 : आदित्य यादव (सपा)
501855 (कुल मिले मत)
2 : दुर्विजय सिंह शाक्य (भाजपा)
466864 (कुल मिले मत)

उन्नाव (33)

(+35818)
1 : साक्षी महाराज (भाजपा)
616133 (कुल मिले मत)
2 : अनु टंडन (सपा)
580315 (कुल मिले मत)

कानपुर (43)

(+20968)
1 : रमेश अवस्थी (भाजपा)
443055 (कुल मिले मत)
2 : आलोक मिश्रा (कांग्रेस)
422087 (कुल मिले मत)

बाराबंकी (53)

(+215704)
1 : तनुज पुनिया (कांग्रेस)
719927 (कुल मिले मत)
2 : राजरानी रावत (भाजपा)
504223 (कुल मिले मत)

महाराजगंज (63)

(+ 35451)
1 : पंकज चौधरी (भाजपा)
591310 (कुल मिले मत)
2 : वीरेंद्र चौधरी (कांग्रेस)
555859 (कुल मिले मत)

जौनपुर (73)

(+99335)
1 : बाबू सिंह कुशवाहा (सपा)
509130 (कुल मिले मत)
2 : कृपा शंकर सिंह (भाजपा)
409795 (कुल मिले मत)

बिजनौर (4)

(+37508)
1 : चंदन चौहान (भाजपा+)
404493 (कुल मिले मत)
2 : दीपक सैनी (सपा)
366985 (कुल मिले मत)

बुलंदशहर (14)

(+ 275134)
1 : डॉ . भोला सिंह (भाजपा)
597310 (कुल मिले मत)
2 : शिवराम (कांग्रेस)
322176 (कुल मिले मत)

आंवला (24)

(+15969)
1 : नीरज मौर्य (सपा)
492515 (कुल मिले मत)
2 : धर्मेंद्र कश्यप (भाजपा)
476546 (कुल मिले मत)

मोहनलालगंज (34)

(+70292)
1 : आरके चौधरी (सपा)
667869 (कुल मिले मत)
2 : कौशल किशोर (भाजपा)
597577 (कुल मिले मत)

अकबरपुर (44)

(+44345)
1 : देवेंद्र सिंह भोले (भाजपा)
517423 (कुल मिले मत)
2 : राजाराम पाल(सपा)
473078 (कुल मिले मत)

फैजाबाद (54)

(+54567)
1 : अवधेश प्रसाद (सपा)
554289 (कुल मिले मत)
2 : लल्लू सिंह (भाजपा)
499722 (कुल मिले मत)

गोरखपुर (64)

(+103526)
1 : रवि किशन (भाजपा)
585834 (कुल मिले मत)
2 : काजल निषाद (सपा)
482308 (कुल मिले मत)

मछलीशहर (74)

(+35850)
1 : प्रिया सरोज (सपा)
451292 (कुल मिले मत)
2 : बीपी सरोज (भाजपा)
415442 (कुल मिले मत)

नगीना (5)

(+151473)
1 : चंद्रशेखर (आसपा)
512552 (कुल मिले मत)
2 : ओम कुमार (भाजपा)
361079 (कुल मिले मत)

अलीगढ़ (15)

(+15647)
1 : सतीश गौतम (भाजपा)
501834 (कुल मिले मत)
2 : बिजेंद्र सिंह (सपा)
486187 (कुल मिले मत)

बरेली (25)

(+34804)
1 : छत्रपाल सिंह गंगवार (भाजपा)
567127 (कुल मिले मत)
2 : प्रवीण सिंह एरन (सपा)
532323 (कुल मिले मत)

लखनऊ (35)

(+135159)
1 : राजनाथ सिंह (भाजपा)
612709 (कुल मिले मत)
2 : रविदास मेहरोत्रा (सपा)
477550 (कुल मिले मत)

जालौन (45)

(+53898)
1 : नारायण दास अहिरवार (सपा)
530180 (कुल मिले मत)
2 : भानु प्रताप वर्मा (भाजपा)
476282 (कुल मिले मत)

अम्बेडकरनगर (55)

(+137247)
1 : लालजी वर्मा (सपा)
544959 (कुल मिले मत)
2 : रितेश पांडेय (भाजपा)
407712 (कुल मिले मत)

कुशीनगर (65)

(+81790)
1 : विजय कुमार दुबे (भाजपा)
516345 (कुल मिले मत)
2 : अजय प्रताप सिंह (सपा)
434555 (कुल मिले मत)

गाजीपुर (75)

(+ 124861)
1 : अफजाल अंसारी (सपा)
539912 (कुल मिले मत)
2 : पारस नाथ राय (भाजपा)
415051 (कुल मिले मत)

मुरादाबाद (6)

(+105762)
1 : रुचि वीरा (सपा)
637363 (कुल मिले मत)
2 : कुंवर सर्वेश सिंह (भाजपा)
531601 (कुल मिले मत)

हाथरस (16)

(+ 247318)
1 : अनूप वाल्मिकी (भाजपा)
554746 (कुल मिले मत)
2 : जसवीर वाल्मिकी (सपा)
307428 (कुल मिले मत)

पीलीभीत (26)

(+164935)
1 : जितिन प्रसाद (भाजपा)
607158 (कुल मिले मत)
2 : भगवत सरन गंगवार (सपा)
442223 (कुल मिले मत)

रायबरेली (36)

(+390030)
1 : राहुल गांधी (कांग्रेस)
687649 वोट (कुल मिले मत)
2 : दिनेश प्रताप सिंह (भाजपा)
297619 (कुल मिले मत)

झांसी (46)

(+102614)
1 : अनुराग शर्मा (भाजपा)
690316 (कुल मिले मत))
2 : प्रदीप जैन ' आदित्य ' (कांग्रेस)
587702 (कुल मिले मत)

बहराइच (56)

(+64227)
1 : आनंद कुमार गोंड (भाजपा)
518802 (कुल मिले मत)
2 : रमेश चंद्र (सपा)
454575 (कुल मिले मत)

देवरिया (66)

(+34842)
1 : शशांक मणि त्रिपाठी (भाजपा)
504541 (कुल मिले मत)
2 : अखिलेश प्रताप सिंह (कांग्रेस)
469699 (कुल मिले मत)

चन्दौली (76)

(+21565)
1 : बीरेंद्र सिंह (सपा)
474476 (कुल मिले मत)
2 : महेंद्र नाथ पांडेय (भाजपा)
452911 (कुल मिले मत)

रामपुर (7)

(+87434)
1 : मोहिबुल्लाह नदवी (सपा)
481503 (कुल मिले मत)
2 : घनश्याम सिंह लोधी (भाजपा)
394069 (कुल मिले मत)

मथुरा (17)

(+293407)
1 : हेमा मालिनी (भाजपा)
510064 (कुल मिले मत)
2 : मुकेश धनगर (कांग्रेस)
216657 (कुल मिले मत)

शाहजहांपुर (27)

(+55379)
1 : अरुण कुमार सागर (भाजपा)
592718 (कुल मिले मत)
2 : ज्योत्सना गोंड (सपा)
537339 (कुल मिले मत)

अमेठी (37)

(+167196)
1 : केएल शर्मा (कांग्रेस)
539228 (कुल मिले मत)
2 : स्मृति इरानी (भाजपा)
372032 (कुल मिले

हमीरपुर-महोबा (47)

(+2629)
1 : अजेन्द्र सिंह लोधी (सपा)
490683 (कुल मिले मत)
2 : पुष्पेन्द्र चंदेल (भाजपा)
488054 (कुल मिले मत)

कैसरगंज (57)

(+148843)
1 : करण भूषण सिंह (भाजपा)
571263 (कुल मिले मत)
2 : भगत राम (सपा)
422420 (कुल मिले मत)

बांसगांव (67)

(+3150)
1 : कमलेश पासवान (भाजपा)
428693 (कुल मिले मत)
2 : सदल प्रसाद (कांग्रेस)
425543 (कुल मिले मत)

वाराणसी (77)

(+ 152513)
1 : नरेन्द्र मोदी (भाजपा)
612970 (कुल मिले मत)
2 : अजय राय (कांग्रेस)
460457 (कुल मिले मत)

सम्भल (8)

(+121494)
1 : जियाउरहमान (सपा)
571161 (कुल मिले मत)
2 : परमेश्वर लाल सैनी (भाजपा)
449667 (कुल मिले मत)

आगरा (18)

(+271294)
1 : एसपी सिंह बघेल (भाजपा)
599397 (कुल मिले मत)
2 : सुरेश चंद कर्दम (सपा)
328103 (कुल मिले मत)

खीरी (28)

(+ 34329)
1 : उत्कर्ष वर्मा ' मधुर ' (सपा)
557365 (कुल मिले मत)
2 : अजय मिश्र (टेनी) (भाजपा)
523036 (कुल मिले मत)

सुल्तानपुर (38)

(+43174)
1 : राम भुआल निषाद (सपा)
444330 (कुल मिले मत)
2 : मेनका गांधी(भाजपा)
401156 (कुल मिले मत)

बांदा (48)

(+71210)
1 : कृष्णा देवी पटेल (सपा)
406567 (कुल मिले मत)
2 : आरके सिंह पटेल (भाजपा)
335357 (कुल मिले मत)

श्रावस्ती (58)

(+76673)
1 : राम शिरोमणि वर्मा (सपा)
511055 (कुल मिले मत)
2 : साकेत मिश्रा (भाजपा)
434382 (कुल मिले मत)

लालगंज (68)

(+115023)
1 : दरोगा प्रसाद सरोज (सपा)
439959 (कुल मिले मत)
2 : नीलम सोनकर (भाजपा)
324936 (कुल मिले मत)

भदोही (78)

(+44072)
1 : डॉ . विनोद कुमार बिंद (भाजपा)
459982 (कुल मिले मत)
2 : ललितेश पति त्रिपाठी (टीएमसी)
415910 (कुल मिले मत)

अमरोहा (9)

(+28670)
1 : कंवर सिंह तंवर (भाजपा)
476506 (कुल मिले मत)
2 : दानिश अली (कांग्रेस)
447836 (कुल मिले मत)

फतेहपुर सीकरी (19)

(+43405)
1 : राजकुमार चाहर (भाजपा)
445657 (कुल मिले मत)
2 : राम नाथ सिकरवार (कांग्रेस)
402252 (कुल मिले मत)

धौरहरा (29)

(+4449)
1 : आनंद भदौरिया (सपा)
443743 (कुल मिले मत)
2 : रेखा वर्मा (भाजपा)
439294 (कुल मिले मत)

प्रतापगढ़ (39)

(+66206)
1 : एसपी सिंह पटेल (सपा)
441932 (कुल मिले मत)
2 : संगम लाल गुप्ता (भाजपा)
375726 (कुल मिले मत)

फतेहपुर (49)

(+33199)
1 : नरेश उत्तम पटेल (सपा)
500328 (कुल मिले मत)
2 : निरंजन ज्योति (भाजपा)
467129 (कुल मिले मत)

गोंडा (59)

(+46224)
1 : कीर्तिवर्धन सिंह (भाजपा)
474258 (कुल मिले मत)
2 : श्रेया वर्मा (सपा)
428034 (कुल मिले मत)

आज़मगढ़ (69)

(+161035)
1 : धर्मेंद्र यादव (सपा)
508239 वोट (कुल मिले मत)
1 : दिनेश यादव निरहुआ (भाजपा)
347204 (कुल मिले मत)

मिर्जापुर (79)

(+37810)
1 : अनुप्रिया पटेल (भाजपा+)
471631 (कुल मिले मत)
2 : रमेश चंद बिंद (सपा)
433821 (कुल मिले मत)

मेरठ (10)

(+10585)
1 : अरुण गोविल (भाजपा)
546469 (कुल मिले मत)
2 : सुनीता वर्मा (सपा)
535884 (कुल मिले मत)

फिरोज़ाबाद (20)

(+89312)
1 : अक्षय यादव (सपा)
543037 (कुल मिले मत)
2 : विश्वदीप सिंह (भाजपा)
453725 (कुल मिले मत)

सीतापुर (30)

(+ 89641)
1 : राकेश राठौर (कांग्रेस)
531138 (कुल मिले मत)
2 : राजेश वर्मा (भाजपा)
441497 (कुल मिले मत)

फर्रुखाबाद (40)

(+2678)
1 : मुकेश राजपूत (भाजपा)
487963 (कुल मिले मत)
2 : डॉ नवल किशोर शाक्य (सपा)
485285 (कुल मिले मत)

कौशाम्बी (50)

(+103944)
1 : पुष्पराज सरोज (सपा)
509787 (कुल मिले मत)
2 : विनोद सोनकर (भाजपा)
405843 (कुल मिले मत)

डुमरियागंज (60)

(+42728)
1 : जगदंबिका पाल (भाजपा)
463303 (कुल मिले मत)
2 : भीष्मा शंकर तिवारी(सपा)
420575 (कुल मिले मत)

घोसी (70)

(+162943)
1 : राजीव राय (सपा)
503131 (कुल मिले मत)
2 : अरविंद राजभर (सुभासपा)
340188 (कुल मिले मत)

राबर्ट्सगंज (80)

(+129234)
1 : छोटेलाल खरवार (सपा)
465848 (कुल मिले मत)
2 : रिंकी कोल (भाजपा+)
336614 (कुल मिले मत)

neetprep.com

INDIA'S #1 Mentor of NEET Aspirants

Target 700+ in NEET 2025

KAPIL SIR

IN MORADABAD

PANCHAYAT BHAWAN

FREE WORKSHOP & INTERACTIVE SESSION

KAPIL GUPTA
CHIEF MENTOR

6 JUNE 2024
3:00 PM

PRADEEP VARSHNEY
DIRECTOR MORADABAD STUDY CENTER

35 STUDENTS SCORING 700+ in NEET 2024

5500+ SELECTION in Govt. Medical Colleges


715
AIR-8
SWAYAM. S. TRIPATHY


710
VIKRAM RAJENIMBALKAR

705
PALAK SHAH


705
MD. REJAULLAH


705
YUVIKA NERKAR


700
ANCHIT PATEL

700
AHAN SAMARTH

700
B. SHREYAS SHENOY

700
GUNN GOEL

700
ADITYAA PADOLE

700
SEJAL RATHI

700
AYUSH

जानिये भारत के नं.1 मेंटोर कपिल सर से
Neet में 700 से अधिक कैसे स्कोर करें.

BOOK YOUR SEAT VIA SCANNING THIS CODE

Panchayat Bhawan Civil Lines, Moradabad -244001 Ph. 9634290001, 7060496389, 8193061111

Requirement

Marketing executive-2, Counsellor-2, Admission officer -2

Cont:-9634290001

'अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 9450434176 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

शहर में आज

☞जिला अस्पताल से घाटमपुर तक निकाली जाएगी कलश यात्रा प्रातः 6 बजे।

☞पर्यावरण दिवस के मौके पर जगह-जगह होगा पौधरोपण सुबह 8 बजे।

एक नजर

सुबह छह बजे मंडी समिति पहुंच गए कर्मचारी

रामपुर, अमृत विचार : मंगलवार को सुबह आठ बजे से लोकसभा चुनाव की मतगणना होनी थी। इसके लेकर काफी दिनों से अधिकारी माथा पच्ची कर रहे थे। करीब चार दिन तक जिला सहकारी बैंक के सभागार में मतगणना को लेकर प्रशिक्षण दिया गया था। ताकि मतगणना के दौरान किसी प्रकार की कोई घपलेबाजी नहीं हो सके। ट्रेनिंग के पहले दिन जिलाधिकारी ने कर्मचारियों को संबोधित किया था। उसके बाद सीडीओ डा.नंद किशोर कलाल ने जरूरी टिप्स दिए थे। मंगलवार को सुबह छह बजे से ही कर्मचारियों और अधिकारियों का मतगणना के लिए पहुंचना शुरू हो गया था। आठ बजे के बाद मतगणना शुरू हो गई जो शाम तक चली।

नवीन मंडी की सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा

रामपुर,अमृत विचार : नवीन मंडी की सड़कों पर मंगलवार को सन्नाटा पसरा रहा। मंडी के तीनों गेट पर सुरक्षा के लिहाज से पुलिस का कड़ा पहरा रहा। मंडी समिति के आसपास बनी दुकानें बंद रही। भीषण गर्मी में लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोग मंडी परिसर में पहरा डाल रहे। लोकसभा चुनाव प्रत्याशियों के हार-जीत के आंकड़े लगाते रहे। उधर भीषण गर्मी होने से मंडी के बाहर बने आढ़तियों के फड़ों में पुलिसकर्मी बैठे रहे। मतगणना स्थल पर आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखे रहे। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी सुरक्षा के लिहाज से तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी को चेक किया।

आज भी बाहर लगेगी मंडी

रामपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए नवीन मंडी को अधिग्रहित कर रखा है। यहां पर स्ट्रांग रूम पर ईवीएम की सुरक्षा के लिए पुलिस का कड़ा पहरा लगा रहा। इसी के चलते आढ़तियों, सब्जी विक्रेताओं ने मंडी के बाहर फड़ लगा लिए है। ऐसे में मंगलवार को मतगणना सकुशल सम्पन्न हो गई। फल, सब्जी व्यापारी एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद आमिर खां ने बताया कि मंडी समिति प्रशासन की ओर से अंदर शिफ्ट होने का अभी तक कोई आदेश नहीं आया है अग्रिम आदेशों तक मंडी बाहर ही लगेगी।

पहला चुनाव जिससे बेगम नूरबानो और आजम रहे दूर, 1952 में नवाब रजा अली खां की प्रतिष्ठा का प्रश्न बनी रामपुर लोकसभा सीट

संसद की मस्जिद के इमाम बने रामपुर के सांसद

सुहेल जैदी, रामपुर

अमृत विचार : संसद की मस्जिद के इमाम मोहिब्बुल्लाह नदवी रामपुर के सांसद बन गए हैं। रामपुर के इतिहास में 2024 का पहला चुनाव है जिसमें पूर्व सांसद बेगम नूरबानो और सपा नेता आजम खां दूर रहे हैं। देश को स्वतंत्रता मिलने के बाद 1952 में हुए लोकसभा चुनाव में रामपुर सीट नवाब रजा अली खां के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई थी। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद चुनाव मैदान में थे। उनके मुकाबले में हिन्द मजदूर महासभा के प्रत्याशी बिशन चंद सेठ थे। रामपुर के इतिहास में यह पहला लोकसभा चुनाव है जिसमें किसी की प्रतिष्ठा दांव पर नहीं लगी है।

अबुल कलाम आजाद।मौलाना मोहिब्बुल्लाह।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की चर्चित रामपुर सीट पर 2024 का यह पहला चुनाव रहा जिसमें लोग सपा के फायर ब्रांड नेता आजम खां के भाषण नहीं सुन सके और कांग्रेस की पूर्व सांसद बेगम नूरबानो ने भी गठबंधन धर्म निभाया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संसद की मस्जिद के इमाम मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी को रामपुर लोकसभा सीट का टिकट दे दिया। मौलाना को राजनीति का ककहरा भी नहीं आता था। जनता ने पूरी शिद्दत से चुनाव लड़ाकर मोहिब्बुल्लाह नदवी को संसद भेज दिया है। मजेदार बात यह है कि पूरे चुनाव में सपा प्रत्याशी ने किसी अखबार या टीवी पर प्रचार नहीं किया और न ही पोस्टर और होर्डिंग लगवाए।

सपा प्रत्याशी के पक्ष में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी चुनाव प्रचार करने नहीं आए। 2024 का ऐसा ऐतिहासिक चुनाव है, जिसमें सपा प्रत्याशी ने मजबूत समर्थकों के जरिए जीत दर्ज की है। वह संसद की मस्जिद के इमाम थे और अब सांसद बन चुके हैं।

देश के पहले शिक्षा मंत्री अबुल कलाम आजाद की तरह टोपी लगाते हैं मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी

वर्ष 1952 में रामपुर से पहली बार चुनाव जीते देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की तरह ही मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी भी टोपी लगाते हैं। चार जून 2024 को मतगणना के दौरान डूंगरपुर स्थित मतगणना स्थल मौलाना पूरे दिन टोपी लगाए रहे। उन्होंने एक मिनट के लिए भी अपने सिर से टोपी और शेरवानी नहीं उतारी। सपा सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी रामपुर टोपी लगाते हैं और मौलाना अबुल कलाम आजाद भी रामपुरी टोपी लगाया करते थे। टोपी कारोबारी जुनैद अहमद बताते हैं कि पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह के लिए ऊंची बाड़ की टोपी भी रामपुर से तैयार होकर जाती थी। रामपुर टोपी देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। जुनैद ने बताया कि मौलाना मोहिब्बुल्लाह भी ऊंची बाड़ की टोपी पहनते हैं और इस टोपी की काफी मांग रहती है।

1952 में पहले शिक्षा मंत्री रामपुर से लड़े थे लोकसभा चुनाव

प्रसिद्ध इतिहासकार नफीस सिद्दीकी बताते हैं कि 1952 में देश में पहला लोकसभा चुनाव हुआ था। इसमें रामपुर से देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद ने चुनाव लड़ा था। उनके मुकाबले पर हिन्द मजदूर महासभा के बिशन चंद सेठ थे। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने बिशन चंद सेठ को 34753 वोट से शिकस्त दी थी। मौलाना का चुनाव रामपुर के नवाब रजा अली खां ने पूरी शिद्दत से लड़ाया था। बताते हैं कि पहला चुनाव ही रामपुर के नवाब के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गया था। वयोवृद्ध प्रसिद्ध रंगकर्मी महेंद्र सक्सेना बताते हैं कि पहले चुनाव में बहुत शोर था। बिशन चंद सेठ ने पैसा पानी की तरह बहाया था। जबकि, मौलाना अबुल कलाम आजाद पूरे चुनाव में केवल दो बार रामपुर आए। एक बार नामांकन कराया और दूसरी बार जीत का प्रमाण पत्र लिया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद उन्होंने नेहरू पार्क में जनसभा को भी संबोधित किया था।

रामपुर के सांसदों का इतिहास

वर्ष	सांसद
1952	मौलाना अबुल कलाम आजाद (कांग्रेस)
1957	राजा पीरपुर सैयद अहमद मेहंदी (कांग्रेस)
1962	राजा पीरपुर सैयद अहमद मेहंदी (कांग्रेस)
1967	नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां (कांग्रेस)
1971	नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां (कांग्रेस)
1977	राजेंद्र शर्मा (लोकदल)
1980	नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां (कांग्रेस)
1984	नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां (कांग्रेस)
1989	नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां (कांग्रेस)
1991	राजेंद्र शर्मा (भाजपा)
1996	बेगम नूरबानो (कांग्रेस)
1998	मुख्तार अब्बास नकवी (भाजपा)
2004	जयाप्रदा (सपा)
2009	जयाप्रदा (सपा)
2014	डा. नैपाल सिंह (भाजपा)
2019	मोहम्मद आजम खां (सपा)
2022	घनश्याम सिंह लोधी (उप चुनाव) (भाजपा)
2024	मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी

नदवी के सिर सजा सांसद का ताज, 87,434 मतों से दर्ज की जीत

पहले राउंड से ही सरपट दौड़ी साइकिल, जिला निर्वाचन अधिकारी ने सपा प्रत्याशी मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी को सौंपा प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी के सिर जीत का ताज सज गया। उन्होंने 87,434 मतों से जीत दर्ज की। जबकि, उनके निकटतम प्रतिद्वंदी भाजपा प्रत्याशी को 3,94,069 वोट मिले। प्रथम चक्र में भाजपा प्रत्याशी को 14,116 और सपा प्रत्याशी को 19,338 वोट मिले। पहले ही चक्र में सपा प्रत्याशी ने 5,174 वोट से बढ़त बना ली। इसके बाद साइकिल ऐसी दौड़ी कि मौलाना ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। सपा प्रत्याशी को जीत का प्रमाण पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी जोगिन्दर सिंह ने मंगलवार की शाम को सौंपा।

डूंगरपुर स्थित नवीन मंडी स्थल में सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुई। मतगणना स्थल पर प्रत्याशियों के एजेंट समय से पहुंच गए। पूरे जोश से

जीत का प्रमाण पत्र लेते सपा प्रत्याशी मोहिब्बुल्लाह नदवी। ● अमृत विचार

मतगणना कराते रहे। सातवें चक्र में सपा प्रत्याशी को मिली 53,350 मतों की बढ़त ने भाजपा कार्यकर्ताओं का धैर्य तोड़ दिया। भाजपा के कई एजेंट चुपचाप मतगणना स्थल से खिसकने शुरू हो गए। हालांकि सातवें चरण में भाजपा प्रत्याशी को 92,704 वोट मिल चुके थे जबकि, सपा प्रत्याशी को 1,46054 वोट मिले थे। सपा प्रत्याशी को इतनी बढ़त मिलने के बाद कुछ राहत मिली। उन्होंने वहीं भोजन किया। इस दौरान वह मीडिया कर्मियों के सवालों के जवाब भी देते रहे। 13वें राउंड में भाजपा प्रत्याशी के 1,73524 और सपा प्रत्याशी के 2,70654 वोट हो गए। सपा प्रत्याशी ने 97130 मतों से बढ़त बना ली। मतगणना के दौरान भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी नहीं पहुंचे। जबकि, सपा प्रत्याशी सुबह से ही मतगणना स्थल पर डटे रहे। 30वें राउंड में भाजपा प्रत्याशी के 393154 और सपा प्रत्याशी के 481252 मत हो गए। सपा प्रत्याशी ने 88,098 मतों से बढ़त बना ली। 31वें राउंड के बाद उन्होंने 87,434 वोटों से जीत दर्ज कर ली। मतगणना स्थल पर शाम 6:34 बजे जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। मौलाना के हाथों में जैसे ही जीत का प्रमाण पत्र आया उनके चेहरे की रंगत बदल गई। मुस्तफा हुसैन, पूर्व विधायक अफरोज अली खां, मुतिउर्रहमान बब्लू, धर्मेंद्र गुप्ता, नोमान खां, मशकूर अहमद मुन्ना, नाजिम हुसैन आदि मौजूद रहे।

निर्दलीयों को नोटा ने दी करारी शिकस्त

निर्दलीयों को नोटा ने करारी शिकस्त दी है। निर्दलीय उम्मीदवार महमूद प्राचा को 2759 और शिव प्रसाद को 1476 वोट मिले। जबकि नोटा को 5653 वोट मिले हैं।

रामपुर लोकसभा चुनाव एक नजर में

प्रत्याशी	पार्टी	मिले मत
मोहिब्बुल्लाह नदवी	सपा	4,81,503
घनश्याम सिंह लोधी	भाजपा	3,94,069
जीशान खान	बसपा	79,692
अरशद वारसी	मडप	2,927
महमूद प्राचा	निर्दलीय	2,759
शिव प्रसाद	निर्दलीय	1,476
कुल वोट		9,62,426
नोटा		5,653
रिजेक्ट वोट		164
टेंडर वोट		361

डाक मतपत्र

प्रत्याशी	पार्टी	मिले मत
घनश्याम सिंह लोधी	भाजपा	915
मोहिब्बुल्लाह नदवी	सपा	251
जीशान खां	बसपा	131
शिव प्रसाद	निर्दलीय	11
महमूद प्राचा	निर्दलीय	09
अरशद वारसी	मडप	08
नोटा		10
कुल		1,729

"लोकसभा उपचुनाव के लिए पांचों विधानसभाओं की मतगणना सकुशल संपन्न हुई। सामान्य प्रेक्षक और मतगणना प्रेक्षक भी मतगणना के दौरान मौजूद रहे। मतगणना जिला निर्वाचन अधिकारी की निगरानी में हुई। इसके लिए तमाम आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। पानी, कूलर, पंखा और भोजन की व्यवस्था पर्याप्त मात्रा में कराई गई थी। -हेम सिंह
उप जिला निर्वाचन अधिकारी

छह जून को हट जाएगी आचार संहिता

रामपुर, अमृत विचार : उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह ने बताया छह जून को आचार संहिता हट जाएगी। कहा कि मतगणना शांतिपूर्ण ढंग से हुई है। इसमें सभी लोगों का सहयोग रहा है। कहा कि आचार संहिता हटने के बाद विकास कार्य तेजी से होंगे।

किसी काम न आ सका मुख्यमंत्री का प्रचार

दीपक सोलंकी, रामपुर

अमृत विचार : हर चुनाव में रामपुर की सीट चर्चा का विषय बनी रहती है। इस बार भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को जिताने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया चुनाव प्रचार भी काम नहीं आ सका। इसके अलावा प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य समेत तमाम मंत्रियों ने भी पूरी ताकत लगाई थी। लेकिन फिर भी बात नहीं बनी। आजम खां के जेल में होने के बावजूद सपा प्रत्याशी ने पार्टी का वर्चस्व कायम रखा है।

कभी सपा नेता आजम खां की तूती बोलती थी। लेकिन उनके जेल जाने के बाद लोगों को लगने लगा था कि अब रामपुर में सपा का वुजूद खत्म हो चुका है। लेकिन दिल्ली के इमाम ने भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी को करारी शिकस्त देकर सपा का वर्चस्व कायम रखा। सूबे में आई भाजपा सरकार ने घेराबंदी करके आजम खां को जेल भिजवा दिया था। इसके बाद लोकसभा सीट खाली हो गई थी। तब 2022 में हुए उप चुनाव में भाजपा से घनश्याम सिंह लोधी को टिकट दिया गया और वह जीत भी गए थे। लेकिन 2024 में भाजपा ने फिर घनश्याम सिंह लोधी को ही प्रत्याशी बनाया था ताकि इस सीट पर भाजपा का कब्जा बरकरार रहे सके। इसके लिए पार्टी ने जी तोड़ मेहनत की। इस सीट को निकालने के लिए वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो गई थी। उधर सीतापुर जेल में बंद आजम खां ने अखिलेश यादव से चुनाव लड़ने की बात कही थी। लेकिन उन्होंने भी आजम खां की बात के खिलाफ जाते हुए मस्जिद के इमाम को मैदान में उतार दिया था। वहीं भाजपा भी इस सीट पर काबिज रहना चाहती थी। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां आए। डिप्टी सीएम, वित्त मंत्री, लोनिवि मंत्री जितिन प्रसाद समेत प्रदेश अध्यक्ष ने भी गली-गली जाकर वोट मांगे। लेकिन सारी रणनीति सपा प्रत्याशी के आगे बौनी साबित हुई।

भाजपा प्रत्याशी भितरघात का हो गए शिकार

जिले में भाजपा के कई गुट हो जाना भी भजपा प्रत्याशी की हार का कारण हो सकता है। जिले में भाजपा के कई गुट हैं। इनमें से कई ने मुख्यमंत्री से लोकसभा के लिए टिकट भी मांगा था। लेकिन भाजपा ने सबको किनारे करके पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी को प्रत्याशी बनाया था। यह बात कई भाजपाइयों को इतनी बुरी लगी कि उन्होंने भाजपा के कार्यक्रमों में जाना ही छोड़ दिया था। जबकि कुछ भाजपाई तो चुनाव के समय में रिश्तेदारों की शादियां निपटा रहे थे। इससे साफ जाहिर है कि भितरघात भी भाजपा प्रत्याशी की हार का मुख्य कारण बनी।

डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में आज भी जारी रहेगी बहस

रामपुर, अमृत विचार : डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में मंगलवार को अभियोजन पक्ष की बहस पूरी होने के बाद अब बचाव पक्ष ने बहस की, जो पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को भी बहस जारी रहेगी।

गंज थाना क्षेत्र की डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 2019 में कई मुकदमे दर्ज हुए थे। इनमें घरों में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के अलावा अलावा आजम खां को भी आरोपी बनाया गया था। आरोप था कि आजम खां के इशारे पर अन्य आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था।एक प्रकरण में बहस शुरू हो गई। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि मंगलवार को बचाव पक्ष ने बहस की। मगर यह पूरी नहीं हो सकी। बुधवार को भी बहस की जाएगी।

अब लिखी जाएगी राजनीति की नई इबारत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● मोहिब्बुल्लाह की जीत से खतरे में पड़ा आजम का राजनीतिक वर्चस्व

अमृत विचार : सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संसद की मस्जिद के इमाम मोहिब्बुल्लाह नदवी को रामपुर लोकसभा सीट से टिकट देकर एक तीर से कई निशाने लगा दिए। आजम खां के धुर विरोधियों के आश्वासन पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने राजनीति की बिसात पर यह बिल्कुल नया मोहरा आगे बढ़ाया था। हालांकि, सीतापुर जेल में मिलने गए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को आजम खां ने रामपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का सुझाव दिया था। इस पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने हां भी कर ली थी। लेकिन बाद में राजनीतिक परिस्थितियों के चलते मस्जिद के इमाम को टिकट देकर नया खेल कर दिया। इस खेल में मुस्लिम बाहुल्य जिले को नया मुस्लिम नेतृत्व मिल गया है।

सपा के कद्दावर नेता आजम खां का लंबे समय से विरोध हो रहा था। लेकिन, उनकी हनक और पहुंच के कारण कोई मुंह खोलकर बात नहीं कर पा रहा था। आजम खां के जेल जाने के बाद उनके विरोधियों ने सीधे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पकड़ बना ली। उन्हें यकीन दिलाया कि रामपुर लोकसभा सीट वह जिताकर दिखाएंगे। विरोधी गुट ने जैसा कहा था वैसा करके दिखा दिया। मुस्लिमों को नया नेतृत्व मिल गया है। यह रामपुर की राजनीति में नया अध्याय शुरू होने का संकेत है।

मुस्लिम बाहुल्य सीट पर नये चेहरे के साथ राजनीति का नया आगाज होगा। आजम खां की राजनीति की बुनियाद नवाबों के खिलाफ बदजबानी पर रखी हुई थी। आजम खां मुस्लिम बाहुल्य जिले में अपनी धारदार तकरीरों से मुस्लिम वोटों का धुव्रीकरण कराकर चुनावी वैतरणी पार करते रहे। लेकिन, 2024 में लोकसभा चुनाव की दुंदभी बजने के बाद 22 मार्च को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीतापुर जेल में आजम खां से मिलने पहुंचे थे। इस दौरान आजम खां ने राष्ट्रीय अध्यक्ष से रामपुर लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रस्ताव रखा था।

सपा के जिलाध्यक्ष अजय सागर बताते हैं कि उस समय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रामपुर से चुनाव लड़ने के लिए हां कह दी थी। मगर बाद में न जाने क्या राजनीतिक परिस्थितियां बनीं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मौलाना मोहिब्बुल्लाह को रामपुर से टिकट दे दिया और प्रदेश अध्यक्ष ने खामोशी से रामपुर आकर उनका नामांकन भी करा दिया था। दूसरी ओर आजम खां गुट के आसिम राजा ने भी नामांकन कराया था। लेकिन सिंबल नहीं मिलने के कारण उनका नामांकन निरस्त हो गया था। अब देखना होगा कि राजनीति की नई इबारत किस तरह लिखी जाएगी।

तैयारी नवाबों और आजम के कुनबे की लक्ष्मण रेखा को पार कर गई अवाम

रामपुर में पहली बार जनता ने सुनाया फैसला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : आजादी के बाद 2024 का यह पहला चुनाव है, जिसमें न मठ की चली है और न मठाधीशों की। जनता ने अपना नुमाइंदा खुद चुना है। जनता के इस फैसले ने राजनीति के दिग्गजों के आंकड़ों को धराशायी कर दिया। रामपुर की जनता कभी नवाबों और कभी नये नवाबों के जाल में फंसती रही। इस बार जनता ने मठ वालों की भी नहीं सुनी और राजनीति को एक ऐतिहासिक मोड़ दे दिया।

जनता-जनार्दन जब रौद्र रूप लेती है तब अच्छे-अच्छों के किले ध्वस्त हो जाते हैं। रामपुर में 2024 के चुनाव में जनता ने अपना रौद्र रूप दिखाया और मठ तथा मठाधीशों की राजनीति पर विराम लगा दिया। उनके सामने एक मस्जिद के इमाम को चुनौती के रूप में खड़ कर दिया है। जनता को उम्मीद है कि अब उन्हें उनके हक मिल सकेंगे। नये गए सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी यहां नई फैक्ट्रियां खुलवाएंगे ताकि युवाओं के हाथों को रोजगार मिल सके।

यहां बेरोजगारी बड़ा मुद्दा है। इसी मुद्दे पर जनता ने नये चेहरे को मौका दिया है। 2022 में हुए उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता से वादा किया था कि रुद्र-बिलास चीनी मिल का कायाकल्प कराया जाएगा। उसकी पेराई क्षमता बढ़ाई जाएगी। किसान चीनी मिल के चलने का इंतजार करते थे। मिल चलने पर गन्ने की तौलाई होती थी। इसके अलावा उप चुनाव में जिले में उतरी सरकार ने यहां की अवाम को बहुत सब्जबाग दिखाए थे। इससे पहले हुए चुनावों में भी अवाम को फैक्ट्रियां और स्वार को पेरिस बनाने के दावे किए गए। जनता ने उन मठ और मठाधीशों को पहली बार अपना फैसला सुनाया है।

संसद स्थित मस्जिद की इमामत करते रहेंगे नदवी

रामपुर, अमृत विचार : सांसद मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी ने कहा कि वह संसद की मस्जिद में इमामत करते रहेंगे। जीत का प्रमाण पत्र लेने के बाद मंगलवार की शाम सांसद ने कहा कि लोगों ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की आवाज को सुना है। कहा कि सभी वर्गों ने वोट दिया है इसके लिए शुक्रगुजार हूं। रोजगार और बच्चों के लिए सही दिशा देने के लिए यहां कोई सेंटर नहीं है। उन्होंने सपा नेता आजम खां की बाबत किए गए सवाल के जवाब को यह कहते हुए टाल

दिया कि जो अवाम के तवक्कियात मुझसे वाबस्ता काम हैं उसके मुताल्लिक सवाल करें। उन्होंने आजम खां से जेल मिलने जाने वाले सवाल पर कहा कि जेल सुधार गृह होती है। रामपुर के रोड मैप की बाबत उन्होंने कहा कि सलाह-मशवरा करने के बाद जो मसाइल हैं उन्हें दूर किया जाएगा। कहा कि मुझे वक्त मिलता तो मौलाना अबुल कलाम आजाद की तरह बहुत बड़ी जीत मिलती। वक्त कम था और लोगों से मिल भी नहीं सका। लोगों ने बगैर मिले अखिलेश यादव और पार्टी के नाम पर वोट दिया। कहा कि लोगों के मसाइल को संसद तक पहुंचाऊंगा। कहा कि बहुत जरूरत है अच्छे माहौल की। रामपुर इल्मो अदब का शहर है। यहां की गंगा जमुनी तहजीब दुनिया में मशहूर है। उन्होंने कहा कि गठबंधन आगे भी रहेगा।

नगर पालिका ने मतगणना स्थल में कराया पानी का छिड़काव

रामपुर, अमृत विचार : नवीन मंडी स्थित मतगणना स्थल में धूल, मिट्टी से बचाव के लिए पालिका प्रशासन की ओर से पानी का छिड़काव कराया गया। मतगणना को लेकर जिलाधिकारी के दिशा निर्देशानुसार नगर पालिका प्रशासन की ओर से 80 कूलर, 30 पानी के टैंकर, 15 चलित शौचालय लगवाए गए। ताकि किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। सिटी मजिस्ट्रेट सौरभ वर्मा और ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी के दिशा निर्देशानुसार में खाद्य एवं सफाई निरीक्षक डा. अविनाश कुमार ने पानी का छिड़काव कराया। ईओ ने बताया कि गर्मी के मौसम में धूल एवं वायु प्रदूषण के स्तर में वृद्धि हो रही है। पानी का छिड़काव लोगों को धूल से बचाएगा। छिड़काव कराने में खाद्य एवं सफाई निरीक्षक अविनाश कुमार, देवेंद्र गौतम, द्वारिका नाथ, ईओ स्टेना अजीम खां, आरिफ अजमत खां, तालिब समेत कई कर्मचारी शामिल रहे।

विश्व पर्यावरण दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं

पर्यावरण
की रक्षा,
दुनिया
की सुरक्षा

सजल अग्रवाल
सी.ए.

अबकी बार फिर से
मोदी सरकार

मुख्तार अब्बास नकबी



जयपाल सिंह व्यस्त

हंसराज पप्पू



ख्यालीराम लोधी

घनश्याम सिंह लोधी

अभय गुप्ता

राजबाला सिंह



मोहनलाल सैनी



महेश कुमार गुप्ता
मण्डलीय अध्यक्ष
एमएलसी स्नानतक प्रतिनिधि,
मंडल अध्यक्ष, उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल
(मुरादाबाद मंडल)
कोषाध्यक्ष
सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, शाहबाद
(संबद्ध शिशु शिक्षा समिति)

विश्व पर्यावरण
दिवस एवं
मुख्यमंत्री योगी
आदित्यनाथ
के जन्मदिन पर
हार्दिक शुभकामनाएं

हरियाली की महिमा समझो,
वृक्षों को पहचानों
ये मानव के जीवन दाता,
इनको अपना मानो,
एक वृक्ष यदि कट जाये तो,
ग्यारह वृक्ष लगाओं,
पर्यावरण को बचाओ
(जल एवं बिजली बचाएं)

विश्व पर्यावरण दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं

इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन
रामपुर-चैप्टर

विपिन गुप्ता
चेयरमैन

श्रीष गुप्ता
सचिव

मनोज गर्ग
वाइस चेयरमैन

दीपक गोयल
ट्रेजरार

विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून

आइये हम सब मिलकर विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर
अपने पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प दोहराएं।

Radico
रेडिको खेतान लिमिटेड
ISO 9001 : 2015 एवं ISO 22000 : 2018 द्वारा प्रमाणित कंपनी
(एक पर्यावरण अनुकूल डिस्टिलरी)

लोकसभा चुनाव

जनता का फैसला

8:00 बजे नवीन मंडी समिति परिसर में शुरू हुई मतणगना

10:14 बजे मिला पहले राउंड का परिणाम

अमृत विचार

मुरादाबाद, बुधवार, 5 जून 2024

www.amritvichar.com

आज का मौसम

आसमान में धूप के साथ हल्के बादल भी छाए रहेंगे।

41.0⁰	29.0⁰
अधिकतम तापमान	न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:23	सूर्यास्त 07:17

मतगणना करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

मतगणना निपटने के बाद ईवीएम सील करते कर्मचारी। ● अमृत विचार

गेट के अंदर आने वालों की चेकिंग करती पुलिस। ● अमृत विचार

एक नजर

क्रोकोडाइल पार्क के सामने बनाया पार्किंग स्टैंड

रामपुर, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए पुलिस प्रशासन की और से क्रोकोडाइल पार्क के सामने खाली जमीन को पार्किंग स्टैंड बनाया गया। पार्क के बराबर से बैरियर और ट्रेफिक पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे। क्रोकोडाइल पार्क के बराबर से हमसफर चौक पर पुलिस कर्मियों की तैनाती रही। हमसफर चौक से जौहर यूनिवर्सिटी की ओर से जाने वाले रास्ते पर बैरियर लगाए गए। चौक के बराबर से मंडी चौकी की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिस कर्मियों की तैनाती रही। मंडी के चौराहे पर प्रत्याशियों के समर्थकों की पुलिस कर्मी चेकिंग करते रहे। डूंगरपुर से आने वाले लोगों को क्रोकोडाइल पार्क के पास ही रोक दिया गया।

पांच ईवीएम से की गई रेंडम गणना

रामपुर, अमृत विचार : मंगलवार की शाम को मतगणना का कार्य निपटने के बाद पांच ईवीएम और वीवी पेट से रेंडम मतगणना कराई गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी हेम सिंह ने बताया कि रेंडम मतगणना के तहत किन्हीं भी पांच मशीनों की गणना और वीवी पेट मशीन की पर्चियों की गिनती कराई गई। वीवी पेट से निकली पर्चियों और ईवीएम की गणना समान निकली।

ईवीएम हुईं सील, प्रशासन ने ली राहत की सांस

मतगणना स्थल के तीनों गेटों पर तैनात रही पुलिस, पीएसी और अर्द्ध सैनिक बलों के जवान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मतगणना निपटने के बाद ईवीएम सील करके स्ट्रांग रूम में रखवा दी गईं हैं। मतगणना स्थल तक पहुंचने के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा के प्रबंध किए गए थे। मतगणना स्थल के तीनों गेटों पर पुलिस, पीएसी और अर्द्ध सैनिक बलों के जवान तैनात थे। इसके अलावा पुलिस लाइन से निकलने के बाद बैरियर और बेरिकेडिंग कर दी गई थी। मगणना एजेंटों, अधिकारियों, कर्मचारियों और पत्रकारों के लिए अलग-अलग जगह पार्किंग की व्यवस्था थी। पुलिस के जवान लोगों को पार्किंग की जगह बता रहे थे। वाहन पार्क कराकर पैदल किस गेट से मतगणना स्थल तक पहुंचना है यह भी पुलिसकर्मियों द्वारा बताया जा रहा था। सुबह 8 बजे बैलेट मतपत्रों की मतगणना शुरू हुई। इसके बाद ईवीएम का पहला राउंड सुबह 10:14 बजे आया।

गेट नंबर एक से सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रवेश दिया जा रहा था। मतगणना के लिए बनाए गए पंडालों में पत्रकारों को अधिकारी अपने साथ लेकर पहुंचे। प्रेक्षक धनराजू एस, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल, अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य मतगणना स्थल का जायजा लेते रहे। मतगणना के बाद ईवीएम स्ट्रांग रूम में रखवा दी गईं हैं। स्ट्रांग रूम सील करा दिए गए हैं।

मतगणना के लिए ईवीएम लेकर जाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

मतगणना स्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते अधिकारी। ● अमृत विचार

टीवी पर देखते रहे मतगणना का सीधा प्रसारण

मतगणना स्थल पर मीडिया हाउस और अधिकारियों के लिए बनाए गए रूम में लगे टीवी पर लोकसभा की मतगणना का सीधा प्रसारण अधिकारी और कर्मचारी देखते रहे। एनडीए गठबंधन और इंडिया गठबंधन के बीच उतार-चढ़ाव धड़कनों को घटाता-बढ़ाता रहा।

मतगणना के दौरान बंद रही सब्जी मंडी

मतगणना के दौरान सब्जी मंडी बंद रही। हालांकि, नवीन मंडी में ईवीएम रखे जाने के बाद से मंडी का कारोबार सड़क के किनारे हो रहा था। फल एवं सब्जी एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद आमिर खां ने बताया कि मतगणना के बाद कारोबारियों और व्यापारियों को राहत मिलेगी।

18 घंटे छावनी में तब्दील रही मंडी समिति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मंगलवार को करीब 18 घंटे तक सुरक्षा के लिहाज से मंडी समिति के आसपास पुलिस कर्मी तैनात रहे। मतगणना के चलते प्रातः पांच बजे से पुलिस कर्मी मंडी समिति के आसपास तैनात हो गए थे। इस दौरान अधिकारी भी सुरक्षा का जायजा लेते रहे।

मंगलवार को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरूहो गई थी। इससे पहले सुबह पांच बजे से ही पुलिस कर्मियों की तैनाती कर दी गई थी। सुरक्षा के लिहाज से मंडी समिति के सभी गेटों पर पुलिस कर्मी तैनात रहे। आठ बजे लोगों प्रवेश शुरू किया गया।

पुलिसकर्मी चेकिंग करने के बाद ही लोगों को अंदर भेजते रहे। किसी को भी मोबाइल या अन्य सामान नहीं ले जाने नहीं दिया। मंडी समिति से कुछ दूरी पर पार्किंग की व्यवस्था की गई थी। वहां भी सुबह से ही पुलिस कर्मियों को तैनात कर दिया गया था।

मंडी समिति के अंदर आने वाले वाहनों को दूसरे स्थानों पर लगवाया जा रहा था। ताकि जाम न लग सके। देर शाम मतगणना की प्रक्रिया चलने के दौरान मंडी समिति में पुलिस बल तैनात रहा।

नवीन मंडी समिति के गेट पर तैनात पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

टांडा में मोहिबुल्लाह नदवी की जीत पर खुशी मनाते सपाई। ● अमृत विचार

सपा उम्मीदवार की जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : संसदीय सीट से सपा उम्मीदवार मोहिबुल्लाह नदवी की जीत और प्रदेश में पार्टी के शानदार प्रदर्शन पर सपाइयों ने जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर जीत की बधाई दी।

रामपुर लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मोहिबुल्ला नदवी ने शानदार जीत दर्ज की है। उनकी जीत की घोषणा पर कार्यकर्ता खुशी से झूम उठे। उन्होंने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत का जश्न मनाया। सपाई मोहल्ला भब्बलपुरी स्थित नवेद रहमानी के आवास पर एकत्र हुए और पार्टी उम्मीदवार मोहिबुल्लाह नदवी की जीत एवं सूबे में पार्टी के उम्दा प्रदर्शन पर खुशी का इजहार किया।

नगर के एकमात्र स्वतंत्रता सेनानी वफाउर्रहमान जमाई के पौत्र एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष स्वर्गीय मेहमूदुज्जफर रहमानी के पुत्र नवेद रहमानी ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा सरकार के कुशासन से तंग आकर जनता ने लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के मुद्दे पर अखिलेश यादव और राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन को जनादेश दिया है। इस अवसर पर सभासद तस्लीम पहलवान, एम सगीर, रईस सैफी, मोहम्मद फारूक, मोहम्मद मुबीन अंसारी, माजिद अली, हाजी बाबू, आबिद अली, अब्दुल्ला, बासित अली, आसिफ अली, संजू कुमार, बाबू दुकानदार, हाफिज इस्लाम आदि उपस्थित रहे।

आजम गुट के कार्यकर्ताओं ने नहीं मनाया जश्न

दढ़ियाल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मोहिबुल्ला नदवी के सांसद प्रत्याशी घोषित होने के बाद आजम गुट के कार्यकर्ताओं ने जश्न नहीं मनाया। हालांकि प्रदेश में बढ़ी हुई सीटों को लेकर वह काफी खुश नजर आ रहे हैं, लेकिन नदवी के सांसद बनने पर मिठाई नहीं बांटी।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने रामपुर से गठबंधन प्रत्याशी समाजवादी के उम्मीदवार मोहिबुल्ला नदवी को प्रत्याशी बनाया था। प्रत्याशी बनने के बाद नदवी आजम गुट के किसी भी कार्यकर्ता के घर नहीं गए थे। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोहिबुल्लाह नदवी को वोट तो दिया, लेकिन परिणाम आने के बाद आजम गुट के कार्यकर्ताओं ने मिठाई का वितरण नहीं किया। आजम गुट के कार्यकर्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि चुनाव में पार्टी के अलावा उनके पास किसी को वोट देने का विकल्प नहीं था। इसके कारण उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को वोट दिया।

प्रदेश में इंडिया गठबंधन की बढ़त बनने पर समाजवादी व कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता काफी खुश नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश में सीटें घटने पर कार्यकर्ता दुखी हैं।

आजम खां जिन्दाबाद के नारे लगाने के बाद भी नहीं जीत सके चुनाव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : सपा नेता आजम खां का गुट भी बसपा प्रत्याशी को नहीं जिता सका। जबकि हर चुनावी रैली में आजम खां जिन्दाबाद के नारे लगे थे। पूर्व जिलाध्यक्ष का बसपा प्रत्याशी को समर्थन करने के वीडियो तक वायरल हुए थे। बसपा प्रत्याशी के साथ काफी संख्या में समर्थक चल रहे थे, लेकिन वह उन्हें जीत के करीब तक नहीं पहुंचा सके।

बता दें कि 19 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव जिले में हुआ था। इसमें बसपा ने जीशान खां को प्रत्याशी बनाया था। वह आज तक कोई चुनाव नहीं लड़े थे। लेकिन बसपा से ताल ठोकने के बाद मैदान में आ गए थे। उन्होंने माला टाकीज के पास अपना कार्यालय बनाया था।

इसमें दिन भर युवाओं की भीड़ रहती थी, लेकिन उनके खेमे में मंझे हुए सियासी की कमी सालती रही। इन्होंने जिले में काफी सभाएं कीं। रैलियां भी निकालीं। इसमें वह चुनाव चिन्ह हाथी के साथ सपा नेता आजम खां जिन्दाबाद तक के नारे भी लगे। मतणगना से कुछ दिन पहले सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र गोयल का वीडियो तक वायरल हुआ था।

इसमें उन्होंने कहा था कि बसपा के प्रत्याशी को उनका समर्थन है, लेकिन चार जून को वोटों की गिनती के बाद जो आंकड़े आए हैं, उससे जाहिर है कि सपा के लोगों ने बसपा को समर्थन दिया ही नहीं। इतना ही नहीं बसपा का वोट बैंक भी बसपा प्रत्याशी अपनी झोली में नहीं डाल सके। जबकि बसपा प्रत्याशी और जिलाध्यक्ष पहले दिन से ही अपनी जीत पक्की मान रहे थे।

बसपा सुप्रीमो चुनाव प्रचार करने नहीं आईं

19 अप्रैल को पहले चरण का चुनाव हुआ था। उससे पहले से चुनावी रैली को संबोधित करने के लिए पार्टियों के मुखिया आए थे। लेकिन बसपा की मुखिया अपने प्रत्याशी जीशान खां के लिए वोट मांगने नहीं आईं। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें पहले से पता था कि उनका प्रत्याशी हार रहा है। वह मुरादाबाद में जनसभा को संबोधित करके चली गईं थीं और वहीं मंडल भर के पदाधिकारियों और प्रत्याशियों को बुला लिया था।

जीत जनता जनार्दन का आशीर्वाद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : इस बार लोकसभा चुनाव में जनता ने ऐतिहासिक फैसल कर दिया है। संसद की मस्जिद के इमाम को ही सांसद बनाकर संसद भेज दिया है। मस्जिद के इमाम की जीत से दिग्गज राजनेता भी हैरत में हैं। कहा कि जीत जनता जनार्दन का आशीर्वाद है।

इसी जनता ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भी चुनाव हरा दिया था। कहा कि अब जुमलेबाजी की राजनीति का दौर चला गया है। जो जमीन पर रहकर काम करेगा, जनता उसे ही चुनेगी। हालांकि, सपा और कांग्रेस के नेता मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी के चुनाव जीतने से काफी खुश हैं। जबकि, भाजपा और बसपा के नेता इसे जनता का फैसला बता रहे हैं। इस बारे में अमृत विचार ने नेताओं से बातचीत की।

> जनता द्वारा जो भी फैसला लिया गया है, उसे स्वीकार किया जाएगा। कहां कमियां हुई हैं, इस बारे में जल्द ही कार्यकर्ताओं के साथ चिंतन-मंथन होगा।
>
> **- हंसराज पप्पू, जिलाध्यक्ष, भाजपा**

> राष्ट्रीय अध्यक्ष का फैसला सही रहा। इसका परिणाम सामने हैं। प्रत्याशी को मजबूती के साथ चुनाव लड़ाया था। जनता ने सपा प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाई है।
>
> **- अजय सागर, जिलाध्यक्ष, सपा**

> जनता ने जो फैसला लिया है, उसे स्वीकार किया जाएगा। जनता जर्नादन ही सर्वप्रिय है। कहां कमी हुई है, इस पर मंथन किया जाएगा।
>
> **- प्रमोद निरंकारी जिलाध्यक्ष, बसपा**

> जनता ने अपना हक अदा किया है। भाजपा के खिलाफ जो आक्रोश था, उसे वोट के माध्यम से दिखाया है। मजबूती के साथ इंडिया गठबंधन सरकार बनाएगा।
>
> **- धर्मेंद्र देव गुप्ता, जिलाध्यक्ष, कांग्रेस**

> मैंने दो साल तक जनता की सेवा की है। अब जनता ने अपना हक अदा कर दिया है। मैं आगे भी इसी तरह जनता की सेवा करता रहूंगा।
>
> **- घनश्याम सिंह लोधी पूर्व सांसद, भाजपा**

राष्ट्रीय अध्यक्ष का फैसला सही : आसिम

रामपुर, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के नेता आसिम खान ने कहा कि जिस पर मेहरबान हो अल्लाह उसे कहते हैं मोहिबुल्लाह नदवी। कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का फैसला बहुत सही साबित हुआ। राहुल गांधी की नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खुल ही गई। सरकार किसकी बनेगी यह तो समय बताएगा मगर यह अखिलेश यादव और राहुल गांधी के कठिन परिश्रम, संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखने वाली जनता के सहयोग और प्रेम का नतीजा है।

दिक्कत लोगों की मांग को पूरा करने के लिए अधिकारी सजग नहीं

दोगुनी क्षमता का ट्रांसफार्मर भी नहीं दे सका राहत

संवाददाता, स्वार

अमृत विचार : उपकेंद्र दोगुनी क्षमता का ट्रांसफार्मर लगने के बाद भी नगर की बिजली व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो सका है। कई शिफ्टों में बिजली आपूर्ति दी जा रही है। इससे लोगों में हा-हाकार मचा है। क्षेत्रवासी लंबे समय से 132केवीए क्षमता का विद्युत केंद्र स्थापित करने की मांग कर रहे हैं। लेकिन अधिकारी लोगों की इस मांग को पूरा करने के लिए सजग नहीं है।

जिले की सभी तहसीलों में 132 केवीए क्षमता वाले विद्युत उपकेंद्र स्थापित हैं। क्षेत्रवासियों द्वारा लागातार 132 केवीए क्षमता वाले विद्युत केंद्र की स्थापना की मांग की जा रही है, लेकिन विभाग के उच्चाधिकारी क्षेत्रवासियों की मांग को अनदेखा करने में लगे हैं। इसके लेकर लोगों में विभाग के खिलाफ भारी अक्रोश है। माना जा रहा है कि विद्युत विभाग तहसील वासियों के प्रति उपेक्षित रवैया अपना रहा है। बिजली विभाग के अधिकारियों ने समस्या से निजात दिलाने के लिए पिछले सप्ताह यहां 10 एमवीए का ट्रांसफार्मर रखवा दिया था। दोगुनी क्षमता का ट्रांसफार्मर रखने के बाद से लोगों को कई शिफ्टों में नाम मात्र की बिजली दी जा रही है।

स्वार में बना बिजलीघर। ● अमृत विचार

> दोगुनी क्षमता का ट्रांसफार्मर रखने के बाद भी नगर में ओवरलोडिंग के चलते दो ट्रांसफार्मर फुंक गए। नगर में घटिया तार डाल दी गई। इससे हादसे होने की आशंका बनी रहती है।
>
> **- मोहम्मद इस्माईल**

> बिजली विभाग ने ओवरलोडिंग व ट्रिपिंग की दिक्कत को देखकर दोगुनी क्षमता का ट्रांसफार्मर तो रखवा दिया, लेकिन लोगों को समस्या से छुटकारा नहीं मिला।
>
> **- गुलवेज अहमद**



> क्षेत्र के सैकड़ों गावों को बिजली आपूर्ति टांडा के 132केवीए विद्युत केन्द्र से दी जाती है। बिजली निगम ने आपूर्ति में सुधार के लिए दो गुनी क्षमता का ट्रांसफार्मर रखा था मगर समस्या ज्यों की त्यों है।
>
> **- शारिक इकबाल**

> लगभग डेढ़ दशक से बिजली विभाग के उच्चाधिकारियों से 132केवीए विद्युत केन्द्र की स्थापना की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही है। लेकिन अधिकारी मांग को अनसुना कर देते हैं। बिजली विभाग को लोगों की समस्या पर ध्यान देना चाहिए।
>
> **- हाजी जाहिद**

मिठाई बांटते सपाई। ● अमृत विचार

धमोरा में बांटी गई मिठाई

धमोरा, अमृत विचार : समाजवादी युवाजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष इमरान बाबा के प्रतिष्ठान पर समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन की जीत की खुशी में मिठाई बांटकर और आतिशबाजी करके कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

इस दौरान युवाजन सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष इमरान बाबा ने कहा कि जनता ने प्रदेश में समाजवादी पार्टी और गठबंधन पर विश्वास जताया है। जनता हमारे साथ है। इस दौरान वरिष्ठ सपा नेता नाजिम सिद्दिकी, शकील अहमद, साबिर खां, राजेश यादव, आसिफ अली, अतीक अहमद, फरहान अख्तर, वहीद अहमद, फरहान हैदर, इस्लाम वारिस, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद उस्मान आदि मौजूद रहे।

मोबाइल पर मतगणना का लाइव देखते युवा। ● अमृत विचार

मतगणना की जानकारी को टीवी से चिपके रहे लोग

संवाददाता, टांडा

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव का परिणाम जानने को लोगों में सुबह से जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। सुबह आठ बजे से ही लोग घरों में मतगणना का रुझान और परिणाम जानने के लिए टीवी और एंड्रायड मोबाइल से चिपके रहे। काउंटिंग की पल-पल की जानकारी लेते रहे।

मंगलवार को लोकसभा चुनाव के नतीजे जानने को लेकर लोग सुबह से ही उत्सुक थे। बड़ों के साथ ही युवाओं में भी परिणाम की जानकारी के लिए जबरदस्त उत्सुकता थी। लोग घरों में टीवी से चिपके रहने के अलावा एंड्रॉयड मोबाईल पर मतगणना की पल-पल की खबर लेते रहे। सुबह आठ बजे से पहले ही लोग घरों में टीवी के सामने बैठकर मतगणना शुरू होने का इंतजार करते रहे। दुकानों एवं प्रतिष्ठानों पर लोग मोबाइल फोन पर काउंटिंग की जानकारी लेते रहे।

प्रत्याशी की जीत पर किया मिठाई का वितरण

शाहबाद, अमृत विचार : कांग्रेस नेता शाजमान आर्यन ने इंडिया गठबंधन की जीत पर मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। कहा कि यह नफरत की हार है और सच्चाई की जीत है।

मतगणना शुरू होने से पहले ही टीवी और फोन से चिपक गए। इसके बाद रुझान उनके चेहरे के हाव-भाव बदलते रहे। देर शाम रुझान थमने के बाद लोग घरों से बाहर निकले। इधर, पार्टी समर्थकों की धड़कन भी रुझानों के साथ घटती-बढ़ती रही। टीवी के साथ ही लोग रिश्तेदार व परिचितों को फोन करके हाल जानते रहे। रुझानों में एनडीए और इंडिया के बीच कांटे की टक्कर से कौन सी पार्टी सरकार बनाएगी, इसको लेकर लोगों में बेचैनी रही। रामपुर में सपा प्रत्याशी की प्रचंड जीत से समर्थकों में जश्न का माहौल रहा। शाहबाद में युवा नेता शाजमान आर्यन ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि रामपुर में मोहब्बत की जीत हुई, नफरत हारी है। इस दौरान कामरान खान, जकी खान, रफीक मलिक, शमीम परवेज आदि रहे।

एक नजर

दबंग ने फेरी करने वाले युवक को पीटा, दी तहरीर

मसवासी, अमृत विचार : गांव में फेरी करने वाले युवक से दबंग ने गाली-गलौज कर दी। विरोध पर मारपीट की। पीड़ित ने चौकी पुलिस को तहरीर दे कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला भूबरा निवासी विपिन फेरी करके गुजारा करता है। उसने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया की मंगलवार को वह गांव सीतारामपुर में फेरी करने गया था। वहां एक दबंग गांव में आने से मना करते हुए गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मारपीट में महिला का कान फटा, रिपोर्ट दर्ज

धमोरा, अमृत विचार : मामूली बात पर दो लोगों ने महिला को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामला थाना शहजादनगर क्षेत्र के गांव खजुरिया का है। गांव निवासी तरन्नुम के अनुसार उसके बच्चे को पड़ोसी शरीफ के बच्चों ने पीट दिया। वह इसकी शिकायत करने गई तो शरीफ और उसके परिजनों ने उसे पीट दिया। इसमें उसका कान भी फट गया। पुलिस ने शरीफ के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

दहेज में पांच लाख रुपये न मिलने पर महिला की हत्या, पंखे से लटकाया

पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- भाभी से अवैध संबंधों के चलते पति आए दिन करता था मारपीट

- भाभी से अवैध संबंधों के चलते पति आए दिन करता था मारपीट

अमृत विचार : दहेज में पांच लाख रुपये नहीं मिलने पर ससुरालियों ने महिला की हत्या करके शव को पंखे से लटका दिया। जानकारी मिलने पर पहुंचे मायके वालों ने शव को देखकर रोना-पीटना शुरू कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पटवाई थाना क्षेत्र के गांव लालपुर पट्टी खुर्द निवासी गजराम सिंह का कहना है कि उसने अपनी बेटी ज्योति की शादी एक मई 2023 को केमरी थाना क्षेत्र के गांव रामनगरिया निवासी मुकेश से की थी। शादी के तीन माह बाद ही पति मुकेश, सास रूपवती, जेठानी सर्वेश कम दहेज लाने के लिए उसको परेशान करते थे। दहेज में पांच लाख रुपये की मांग करते थे। इंकार करने पर उसके साथ मारपीट करते थे। सोमवार की शाम पांच बजे केमरी से किसी ने फोन करके बताया कि ज्योति को ससुराल वालों ने मार दिया है।

जानकारी मिलने के उसके पिता मौके पर पहुंचे। वहां ज्योति का शव को देख उनके होश उड़ गए। ज्योति का शव पंखे से लटका था। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृतका के पति मुकेश, जेठानी सर्वेश और सास रूपवती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

महिला के पति के भाभी से थे अवैध संबंध

ज्योति के पिता का कहना है कि उसके पति मुकेश के अपनी भाभी से अवैध संबंध थे। इसका ज्योति विरोध करती थी। ज्योति को पति के अवैध संबंधों का विरोध करना भारी पड़ गया। पति ने उसे पीट दिया था। इस बारे में ज्योति ने कई बार अपनी मां को बताया था, लेकिन समझा-बुझाकर उसे शांत कर देते थे। ताकि उसका घर न बिगड़े।

दहेज के लिए महिला की हत्या करने के मामले में तहरीर के आधार पर पति सहित तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच की जा रही है।

-सतेंद्र कुमार
प्रभारी, थाना केमरी

सवारी बनकर बैठे बदमाशों ने ई-रिक्शा चालक को लूटा

सैफनी, अमृत विचार : सवारी बनकर ई-रिक्शा को किराए पर लेकर गए चार बदमाशों ने तमंचा दिखाकर रिक्शा चालक को लूट लिया। पीड़ित के पिता ने थाने में तहरीर दी मगर पुलिस ने दूसरे थाना क्षेत्र का मामला बताकर लेने से इंकार कर दिया।

नगर के पुरानी ईदगाह मोहल्ला निवासी अकबर शाह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका पुत्र मुशर्रफ ई-रिक्शा चलाता है। सोमवार की शाम करीब सात बजे चार लोग मुशर्रफ के पास आए। खुद को नगर के भूड़ा आश्रम गेट का निवासी बताकर मुरादाबाद के थाना कुंदरकी के पीतपुर गांव के ईंट भट्ठे से कुछ सामान लेकर आने को कहकर ई -रिक्शा भाड़े पर तय करके ले गए। आरोप है कि प्रीतपुर गांव के खाली पड़े भट्ठे पर ले जाकर चारों बदमाशों ने तमंचे के बल पर मुशर्रफ से मारपीट की और 1300 रुपए तथा फोन लूट लिया। मंगलवार को अकबर शाह ने पुलिस को तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने घटना दूसरे थाना क्षेत्र में होने की बात कहते हुए तहरीर लेने से इंकार कर दिया।

नवीन मंडी में एलईडी पर मतगणना के रुझान देखते लोग। ● अमृत विचार

मंडी परिसर में एलईडी पर देखे मतगणना के रुझान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना के लिए प्रशासन की ओर से काफी बंदोबस्त कराए गए। भीषण गर्मी से निजात दिलाने के लिए प्रशासन ने अलग-अलग पंडाल लगाए गए। प्रत्याशियों के एजेंट और समर्थकों के लिए एलईडी लगाई गई। वह लोग सोफे व कुर्सियों पर बैठकर मतगणना के रुझान देखते रहे।

लोकसभा चुनाव की मतगणना सुबह आठ बजे से शुरू हुई। मतगणना के लिए कर्मियों ने नवीन मंडी में डेरा डाल दिया। गेट नंबर एक, दो और तीन पर पुलिस तथा पीएसी का कड़ा पहरा रहा। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने 80 कूलरों की व्यवस्था कराई। मीडिया गैलरी के बराबर से प्रत्याशियों के लिए अलग से पंडाल बनवाया गया। इसमें इंडिया गठबंधन और एनडीए के रूझान देखने को लोग एलईडी से चिपके रहे। दिनभर लोग पंडाल में हार-जीत के आंकड़े लगाते रहे। सभी राउंड की जानकारी अधिकारी लाउडस्पीकर के जरिए देते रहे। इसके अलावा जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, एडीएम हेम सिंह, लालता प्रसाद शाक्य, सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा, एसडीएम मोनिका सिंह मतगणना स्थल का जायजा लेते रहे।

घर से लापता हुए युवक को पुलिस ने किया बरामद

रामपुर, अमृत विचार : कुछ दिन पूर्व पत्नी से झगड़ा करने के बाद घर से लापता हुए युवक को पुलिस ने बरामद कर लिया है।

केमरी थाना क्षेत्र के सिमरिया निवासी 24 वर्षीय दीपक 27 मई को अपनी पत्नी से झड़का करने के बाद कहीं चला गया था। परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी थी। पुलिस ने गुमशुदा दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को पुलिस ने दीपक को बाजपुर से सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद उसके परिजनों को बुलाकर जरूरी कागजी कार्यवाही के बाद दीपक को उनके हवाले कर दिया।

ईवीएम हुई खराब नहीं दिख डाटा

रामपुर, अमृत विचार: नवीन मंडी स्थित मतगणना स्थल पर मतगणना के दौरान दो मशीनें खराब हो गईं।

उनका डाटा दिखाई नहीं दिया। इसके बाद वीवी पेट से निकली पर्चियों से मतगणना की गई और मशीनों को पेक करा दिया गया।

सड़क हादसे में युवक की मौत, साथी घायल

संवाददाता, सैफनी

अमृत विचार : स्विमिंग पूल में नहाने जा रहे बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौके पर ही मौत हो गईद्ध जबकि बाइक चला रहा उसका साथी युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। जबकि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

हादसे के बाद मौके पर जमा भीड़ और पुलिस। ● अमृत विचार

मंगलवार को नगर के बैंक ऑफ बड़ौदा मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय अमन पुत्र राजकुमार मोहल्ले के ही 21 वर्षीय अपने दोस्त साहिल पुत्र सकरुद्दीन के साथ दोपहर करीब 11 बजे थाना क्षेत्र के धनौरा गांव के मोड़ के पास ढाबे पर बने स्विमिंग पूल में नहाने जा रहा था। साहिल बाइक चला रहा था जबकि अमन पीछे बैठा था। ढाबे के सामने शाहबाद की ओर से तेज गति से आ रही मारुति वैन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे वह सड़क पर जा गिरे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की बाइक के परखच्चे उड़ गए। जबकि अमन की मौके पर ही मौत हो गई और साहिल लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल साहिल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने अमन के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। अमन के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

- सैफनी थाना क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना, परिवार में मचा कोहराम

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

मिलक, अमृत विचार : मोबाइल रिचार्ज कराने जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। इसमें युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

क्षेत्र के बेगमाबाद निकट क्रमचा गांव निवासी 18 वर्षीय गगन बुधवार की देर रात मोबाइल रिचार्ज कराने जा रहा था। पटवाई मार्ग पर क्रमचा गांव के पास पीछे से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर नगर स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि गगन मजदूरी करता था। उसके बड़े भाई पलविंद्र की भी एक वर्ष पूर्व सड़क हादसे में ही मौत हो गई थी। एक वर्ष के अंतराल में दो बेटों की मौत से परिवार में मातम पसरा है।

साफ मौसम में हुई मतगणना, मंडराते रहे बादल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : मतगणना साफ मौसम में निपट गई हालांकि, आसमान में बादल मंडराते रहे। मतगणना के दौरान उमस भरी गर्मी के बीच पसीने से तरबतर मतदानकर्मी वोटों की गिनती करते रहे। हालांकि मतगणना स्थल पर पंखें और कूलरों की पर्याप्त व्यवस्था रही।

मौसम वैज्ञानिकों ने सोमवार को साफ मौसम, आसमान में बादल मंडराने और उमस भरी गर्मी का अनुमान जताया था। इसे चार जून के अंक में अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। मतगणना स्थल पर कई अधिकारियों ने कहा कि मौसम के बारे में अमृत विचार की भविष्यवाणी सच साबित हुई। गर्मी से हर कोई परेशान है। मतगणना स्थल पर उमस और गर्मी के कारण अधिकारी और कर्मचारी पसीने से तरबतर होते रहे। हालांकि, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कूलरों की व्यवस्था कराई थी। जून में चार दिन से पारा 40 के पार है।

सोमवार और मंगलवार की मध्यरात्रि गरज-चमक के साथ हुई बूंदाबांदी को देखकर अधिकारी सकते में आ गए थे। क्योंकि उन्होंने मतगणना स्थल पर गर्मी से बचने के लिए तमाम इंतजाम कराए थे। लेकिन, बारिश से बचाव को कोई इंतजाम नहीं था। लेकिन, मंगलवार सुबह मौसम अमृत विचार में छपी खबर के अनुरूप रहने पर अधिकारियों ने कहा कि मौसम की भविष्यवाणी अमृत विचार ने बिल्कुल सही प्रकाशित की है।

मंगलवार को शाम को उमस बढ़ने से लोग पसीना-पसीना होते रहे। दिन भर सूर्य देवता कभी तेजी से चमकते और कभी बादलों की ओट में छिप जाते। लोग गर्मी से दो चार होते रहे।

रामपुर में मंगलवार को आसमान में मंडराते बादल। ● अमृत विचार

हाल-ए-मौसम

अधिकतम तापमान	41 डिग्री
न्यूनतम तापमान	29डिग्री
आर्द्रता	40 प्रतिशत
वायु वेग	8 किमी . प्रतिघंटा

मध्य रात्रि में बदला मौसम का मिजाज

सोमवार-मंगलवार की मध्यरात्रि मौसम का मिजाज बदल गया। ठंडी हवा चलने पर लोगों को राहत मिली इसके कुछ देर बाद ही गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। छतों पर सो रहे लोग तेजी से नीचे उतर आए। हालांकि, कुछ देर बाद ही बूंदाबांदी थम गई।

बुधवार को मौसम शुष्क रहेगा आसमान में हल्के बादल छाए रहने का अनुमान है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान 41 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच रह रहेगा।

-डा . उदय प्रताप शाही, मौसम वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

नवीन मंडी में कर्मचारी का परीक्षण करते डा . प्रदीप कुमार। ● अमृत विचार

मेडिकल टीम ने 50 कर्मियों को दिए ओआरएस के पैकेट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : नवीन मंडी में मतगणना स्थल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 35 मतगणना कर्मियों को ओआरएस के पैकेट व आकस्मिक दवाएं दीं। मतगणना सम्पन्न होने तक डॉक्टरों की टीम मुस्तैद रही।

मतगणना स्थल पर दो 108 एंबुलेंस लगाई गईं थीं। मतगणना होने से पहले ही एसीएमओ डा. ओपी आर्या, डा. सत्यमूर्ति तोमर, डा.लखवीर सिंह आर्थोपेडिक सर्जन, वरिष्ठ महिला चिकित्सा अधिकारी डा. हुमा परवीन, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से डा. प्रदीप कुमार, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फार्मासिस्ट आशुतोष श्रीवास्तव, वार्ड ब्वॉय साकेत सक्सेना मंडी समिति पहुंच गए। एसीएमओ डा. ओपी आर्या ने बताया कि सुबह सात से शाम सात बजे तक 35 कर्मियों को ओआरएस घोल के पैकेट दिए गए।

किशोरी के अपहरण में युवक के खिलाफ रिपोर्ट

रामपुर, अमृत विचार: किशोरी का अपहरण करके ले जाने के मामले में पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस किशोरी और आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

मिलक थाना क्षेत्र एक गांव निवासी महिला का कहना है कि उसके परिवार के सभी लोग किसी काम से एक जून को बाहर गए थे। घर पर उसकी 17 साल की बेटी अकेली थी। तभी भौनकपुर का रहने वाला रामचंद्र उसके घर आया। आरोपी है कि रामचंद्र उसकी बेटी का अपहरण करके ले गया। जब परिजन घर आए,तो बेटी को गायब देखकर होश उड़ गए। इसके बाद उन्होंने आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वृद्धा आश्रम में हुए कार्यक्रम में शामिल फाउंडेशन के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

ताश्का स्थित आश्रम में पौधरोपण कर वृद्धजनों का हालचाल जाना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : गुलाब सिंह समाज उत्थान फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने ताश्का स्थित वृद्धाआश्रम में वृद्धजनों का हालचाल जाना। रात आठ बजे सभी वृद्धजनों को भोजन भी खिलाया गया।

संगठन के कार्यककर्ता शाम को वृद्धाश्रम पहुंचे और मुख्य अतिथि श्रम प्रवर्तन अधिकारी चंद्र प्रकाश, मनोज शर्मा ने वृद्धाश्रम में पौधरोपण किया। इसके बाद फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम से वृद्धजनों के चेहरे खिल उठे। इस दौरान फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने वृद्धजनों से दिनचर्या के बारे में जानकारी ली।

डा.सुरेंद्र प्रताप सिंह, अरुण सिंह उर्फ शौर्य, राजेंद्र प्रसाद लोधी, शैलेंद्रताप सिंह, राजकुमार सैनी, मयंक लोधी, विकास लोधी, बादशाह राजपूत, इमरान खां, अजय राजपूत, कीर्ति लोधी आदि शामिल रहे।

पुलिस ने तीन पशु चोरों को किया गिरफ्तार

संवाददाता टांडा

अमृत विचार: पुलिस ने सोमवार की रात क्षेत्र के चक गजरौला की पुलिया से तीन पशु चोरों को गिरफ्तार किया है। इनमें कब्जे से 37,500 रुपये और पशु बांधने की रस्सी बरामद की गई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक प्रिन्स शर्मा ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम गजरौला निवासी सोमपाल की 15 मई की रात दो भैंस चुरा ली गई थीं। इस मामले में पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद 18 मई को चोर एक और भैंस चुराकर ले गए थे। इसकी रिपोर्ट भी पीड़ित ने दर्ज कराई थी।

तभी से पुलिस को आरोपियों की तलाश थी। सोमवार की रात प्रभारी निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि तीन संदिग्ध गजरौला की पुलिया पर खड़े हैं। जो पशु चोर प्रतीत होते हैं। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर तीनों संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस को पूछताछ में उन्होंने अपने नाम महबूब उर्फ नन्हे, रऊफ निवासी मोहल्ला रांड टांडा व अनीस निवासी ग्राम लोधीपुर टांडा बताया। इनके पास से 37,500 रुपये और भैंस बांधने की रस्सी बरामद हुई। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने एक अन्य साथी नदीम निवासी टांडा के साथ मिलकर ग्राम चक गजरौला से तीन भैंस चुराई थीं। इन्हें चलते फिरते व्यक्ति को बेच दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी महबूब उर्फ नन्हे का आपराधिक इतिहास भी है। पुलिस ने चौथे आरोपी की तलाश में जुटी है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को जेल भेज दिया है।

टांडा पुलिस की गिरफ्त में पशु चोरी के आरोपी। ● अमृत विचार

रंग लाने लगी है पर्यावरण बचाने की मुहिम

संवाददाता, शाहबाद

अमृत विचार: राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव की पर्यावरण बचाने की मुहिम अब रंग लाने लगी है। सुनील के लगाए पौधे पेड़ बनकर लोगों को प्राण वायु दे रहे हैं।

पांच वर्ष से पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण में जुटे सुनील ने कोरोना की पहली लहर से लेकर अब तक विभिन्न प्रजाति के करीब तीन हजार पौधे रोप दिए। यह तमाम पौधे अब पेड़ बन चुके हैं और लोगों को छांव के साथ ऑक्सीजन भी दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि शाहबाद तहसील और पटवाई थाना क्षेत्र के गांव भंवरका निवासी सुनील यादव पर बहुत छोटी उम्र से ही पर्यावरण संरक्षण का जूनून है। सुनील बताते हैं कि फलदार पौधरोपण पर काम कर रहे हैं। साथ ही स्कूलों में औषधिय पौधे भी लगाते हैं। इसके अलावा स्कूल में बच्चों को पौधे रोपित करने का संदेश भी दे रहे हैं।

अपने द्वारा लगाए गए पौधे जोकि वृक्ष बन चुका है के साथ खड़े सुनील। ● अमृत विचार

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कर चुके हैं सम्मानित

21 वर्षीय सुनील पर पर्यावरण संरक्षण का ऐसा जूनून चढ़ा कि उसने चार राज्यों का साइकिल से अकेले सफर तय कर लिया। उन्होंने पर्यावरण बचाओ सन्देश के तहत करीब पांच हजार किमी साइकिल चलाई। जब यह बात पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को पता चली तो उन्होंने डाक के माध्यम से सुनील को लखनऊ बुलाया और साईकिल व नकद धनराशि भेंट कर सुनील को सम्मानित किया।

उपहार के तौर पर भी लोगों को पौधे ही देते हैं सुनील

किसी के आयोजन में सुनील यादव उपहार के तौर पर पौधा ही भेंट करते हैं। वह कहते हैं कि किसी खास मौके को यादगार बनने के लिए उस दिन पौधा जरुर लगाना चाहिए। इससे पर्यावरण का कर्ज कुछ हद तक कम हो जाएगा। साथ ही खुद भी सुखद अनुभूति होगी। किसी की शादी हो या जन्मदिन सुनील हाथों में पौधे लेकर ही पहुंचते हैं।

रंजिश के चलते महिला को लाठी डंडों से पीटा

रामपुर, अमृत विचार: रंजिश के चलते कुछ लोगों ने महिला को पीटकर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है।

पटवाई थाना क्षेत्र निवासी सुनीता का कहना है कि पास के ही रहने वाले कुछ लोगों से उसकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। इसी के चलते सोमवार की सुबह आरोपी सुनीता के घर के पास पहुंच गए। इसके आद आरोपी उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। सुनीता ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से पीटकर उसे घायल कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। बाद में पीड़िता ने महिला थाने में तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने अनिल, सुनील, सुंदरी और आरती के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

आयोजन गुजरैला गांव स्थित मंगलधाम में हुआ विशेष महारुद्राभिषेक अनुष्ठान

मंगलधाम में आयोजित अनुष्ठान में उमड़े श्रद्धालु

संवाददाता, भोट

अमृत विचार : मानव कल्याण के लिए प्रतिष्ठित मंगलधाम में आयोजित विशेष महारुद्राभिषेक अनुष्ठान में श्रद्वालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान नैमिषारण्य से पधारे विद्वान आचार्यों ने विधि-विधान व मंत्रोच्चार के साथ यजमानों से भगवान शिव का महारुद्राभिषेक कराया। देर रात तक मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन का आयोजन भी होता रहा।

गुजरैला गांव स्थित प्रतिष्ठित मंगलधाम में भगवान शिव का विशेष अनुष्ठान महारुद्राभिषेक का पूजन श्रद्धा व आस्था के साथ सम्पन्न हुआ। नेमिषारण्य से पधारे आचार्य श्रीपति मिश्र व उनके सहयोगी आचार्य प्रकाश, राधव, श्याम व आचार्य जय प्रकाश ने इस विशेष फलदायी अनुष्ठान को वैदिक मंत्रों के साथ विधि-विधान से पूर्ण कराया। इस अवसर पर भगवान शिव का दूध, घी, दही व शहद से अभिषेक किया। बिल्व पत्र, पुष्प, धूप व दीप के साथ भगवान मंगलेश्वर नाथ महादेव का श्रृंगार किया गया। महारुद्राभिषेक व महादेव के श्रृंगार के बाद देर रात तक भजन व कीर्तन का भी आयोजन हुआ। इस दौरान हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा परिवेश गुंजयमान हो उठा। महाआरती व प्रसाद वितरण के बाद महारुद्राभिषेक पूर्ण हुआ।

महारुद्राभिषेक में भगवान शिव का अभिषेक करते श्रद्वालु। ● अमृत विचार

- भगवान शिव के रुद्र रूप को अभिषेक सबसे अधिक प्रिय

आचार्य श्रीपति मिश्र ने बताया कि महादेव को प्रसन्न करने का रामबाण उपाय है रुद्राभिषेक। सही समय पर रुद्राभिषेक करके शिव से मनचाहा वरदान पा सकते हैं। शिव के रुद्र रूप को अभिषेक सबसे अधिक प्रिय हैं। सभी देवताओं में रूद्र समाहित हैं और सभी देवता रूद्र का ही अवतार है। ब्रह्मा, विष्णु और महेश सभी रूद्र के ही अंश हैं। इसलिए माना जाता है कि रुद्राभिषेक से सभी देवताओं की पूजा-अर्चना एक साथ हो जाती है। व्यवस्था में प्रधान सेवक संजय कपूर, लीना कपूर, संतोष कपूर, अर्श राज कपूर, रवि टंडन, अमित कपूर आदि मौजूद रहे।

एक नजर

छह से 25 जून तक होगा राशन का वितरण

कांठ, अमृत विचार : राशन डीलरों की दुकानों पर छह जून से 25 तक निशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सरदार जितेंद्र सिंह ने बताया कि अंत्योदय राशन कार्डधारकों को 21 किलोग्राम चावल, 14 किलोग्राम गेहूं मिलेगा। पात्र कार्डधारकों को प्रत्येक यूनिट पर तीन किलोग्राम चावल, दो किलोग्राम गेहूं दिया जाएगा। जिन जिलों में मक्का, गेहूं, बाजरा आदि खाद्य सामग्री अवशेष हैं, उसे भी वितरण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न का वितरण पर्यवेक्षकों व नोडल अधिकारियों की निगरानी में सुबह छह बजे से शाम नौ बजे तक किया जाएगा। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी राशन डीलरों को निर्देश दिए गए हैं, वे अपनी दुकानों पर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर लें, जिससे खाद्यान्न वितरण के समय कोई समस्या उत्पन्न न हो।

नौ को होगी भारत विकास परिषद की प्रांतीय कार्यशाला

कांठ, अमृत विचार : भारत विकास परिषद रोहिलखंड पश्चिमी प्रांत की प्रांतीय कार्यशाला नौ जून को मुरादाबाद में आयोजित की जाएगी। भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश विश्नोई ने मंगलवार को बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों का परिचय शाखा अध्यक्षों द्वारा कराने के बाद कार्यशाला के उद्देश्य पर चर्चा की जाएगी। इसके अलावा भारत विकास परिषद में प्रत्येक प्रांत एवं शाखा स्तर पर महिलाओं की सक्रिय भूमिका, आय व्यय और एजेंडे के अनुसार प्रत्येक बिंदु पर प्रांतीय कार्यशाला में विचार विमर्श किया जाएगा।

घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

कुंदरकी, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। पीड़ित ने थाने में अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव बगरौआ निवासी सुनील कुमार ने बताया कि मंगलवार दोपहर उसकी बाइक घर के बाहर दरवाजे पर खड़ी थी। बताया कि बाइक चोर चुरा कर ले गया।

पत्नी को पीटने का आरोपी पति पकड़ा, जमानत

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव गडूवाल निवासी उमेश का पत्नी दिवलेश से विवाद हो गया। उमेश ने पत्नी को मारा पीटा। पत्नी की सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने उमेश को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उसे एसडीएम न्यायालय में पेश किया, जहां जमानत पर रिहा कर दिया गया।

उत्तराखंड के परमिट पर ठाकुरद्वारा में दौड़ रहे ऑटो

नगर पालिका को हो रहा राजस्व का नुकसान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

ठाकुरद्वारा में मार्ग पर खड़े उत्तराखंड के परमिट वाले ऑटो। ● अमृत विचार

अमृत विचार : ठाकुरद्वारा क्षेत्र की सड़कों पर उत्तराखंड के परमिट वाले ऑटो अवैध तरीके से दौड़ रहे हैं। इस संबंध में बस यूनियन के पदाधिकारियों ने कई बार पुलिस प्रशासन व परिवहन निगम से कार्रवाई की मांग की। लेकिन अभी तक इन ऑटो चालकों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई। इसे लेकर बस संचालकों ने विरोध जताया है। उनका कहना है कि वे टैक्स जमा करते हैं। यह लोग बिना टैक्स जमा किए यहां सड़कों पर सवारियां भर रहे हैं। हाईवे स्थित तिकोनिया पार्क से कुछ दूर अवैध ऑटो स्टैंड बनाकर वहां से संचालन कर दिया है।

बताया कि ठाकुरद्वारा-काशीपुर मार्ग पर उत्तराखंड का परमिट बनाकर उत्तर प्रदेश में बिना टैक्स जमा किए दिन रात ऑटो दौड़ रहे हैं। इससे प्रतिदिन नगरपालिका परिषद ठाकुरद्वारा को हजारों के राजस्व नुकसान उठाना पड़ रहा है। बस मालिकों, बस चालक व परिचालकों ने इन ऑटो का संचालन बंद कराने के लिए स्थानीय प्रशासन व परिवहन निगम के अधिकारियों को शिकायती पत्र दिए। कुछ दिन के लिए ऑटो का संचालन बंद हो जाता है और फिर से ऑटो का संचालन शुरू हो जाता है। उधर, ऑटो संचालक से वसूली की जा रही है। ऑटो संचालक भी नगरपालिका का टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। इन टेंपो के खिलाफ कोतवाली पुलिस कार्रवाई नहीं रही है और न ही यातायाता पुलिस कार्रवाई कर रही है। इससे उनके हौसले बुलंद हैं। उधर, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि अवैध ऑटो संचालन के संबंध में जांच कर इनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई कराई जाएगी। परिवहन निगम को भी इस बारे में जानकारी दी जाएगी।

मुख्य मार्गों पर संकेतक न होने से हादसे का खतरा

संवाददाता, कांठ

बिना संकेतक वाली रोड।

● अमरोहा मार्ग पर मुख्तयारपुर नवादा के पास है मोड़, साइन बोर्ड भी नहीं लगाए गए

अमृत विचार : शहर के मुख्य मार्ग से लेकर हाईवे पर बनाए गए मोड़ पर संकेतक न होने से हादसे का खतरा बना हुआ है। कांठ-अमरोहा मार्ग पर संकेतक नहीं होने से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। कांठ से अमरोहा मार्ग पर 150 मीटर की दूरी तक तीन मोड़ ऐसे हैं, जो लोगों के लिए हादसों का कारण बने हैं। सड़क पर अचानक मोड़ आने पर लोग हादसे का शिकार होते हैं। कांठ-अमरोहा मार्ग पर मुख्तयारपुर नवादा के पास मोड़ है। यह दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र भी है।

कांठ अमरोहा के बीच से जा रहे मुख्य मार्ग मुख्तयारपुर नवादा के पास भी एक मोड़ है। इन मोडों पर कोई संकेतक नहीं होने से वाहन तेजी से निकल रहे हैं। इसके बाद भी वाहन चालकों को सचेत करने के लिए संकेतक सूचक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं। इसका खामियाजा वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि कांठ से अमरोहा की ओर आने-जाने वाले मार्ग पर कई जगह 90 से 180 डिग्री के मोड़ हैं।

इसके बाद भी इन जगहों पर रेडियम से बने साइन बोर्ड नहीं लगाए जा रहे हैं। कांठ-मुरादाबाद हाईवे पर भी अनेक खतरनाक मोड़ों पर संकेतक नहीं लगाए गए हैं। किस कारण आए दिन हाईवे पर दुर्घटनाएं होती हैं। लेकिन जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं। लोगों ने हादसे की आशंका के चलते संकेतक लगाने की मांग की है।

सार-संक्षेप

घास से घिरा ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

ट्रांसफार्मर के चारों ओर उग आई घास, खतरा बढ़ा

कांठ, अमृत विचार : विद्युत निगम की लापरवाही के चलते नगर में बिजली के तारों व ट्रांसफार्मर के चारों ओर घास उग आई है। इससे फाल्ट होने का खतरा बना रहता है और बिजली आपूर्ति बाधित होती है। तहसील क्षेत्र में दो फीडर संचालित हैं। एक तहसील फीडर तो दूसरा टाउन फीडर, तहसील फीडर के अंतर्गत मोहल्ला पट्टीवाला में पशु चिकित्सालय के पास रखे बिजली ट्रांसफार्मर से पट्टीवाले को बिजली आपूर्ति होती है। लेकिन यह ट्रांसफार्मर घास से घिरा हुआ है। ट्रांसफार्मर पर घास होने से आए दिन फॉल्ट होते रहते हैं। आपूर्ति नहीं मिलने से उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इससे अलावा नगर में कई ट्रांसफार्मरों के चारों ओर घास उग आई है। विद्युत अवर अभियंता अनिल कुमार का कहना है कि जो ट्रांसफार्मर घास की चपेट में है। उन सभी ट्रांसफार्मरों की सफाई बिजली कर्मचारियों से जल्द ही कराई जाएगी।

शर्बत वितरण करते लोग। ● अमृत विचार

किसान चौक पर किया शर्बत वितरण

छजलैट, अमृत विचार : ग्रामीणों व व्यापारियों के सहयोग से गर्मी के बीच ठंडा शर्बत व पानी राहगीरों को पिलाया गया। किसान चौक पर व्यापारी व अन्य व्यक्तियों के सहयोग से पानी व शर्बत बांटा गया। राजपाल सिंह फौजी का कहना है कि भीषण गर्मी में लोग दूर दराज से आते हैं। उन्होंने शर्बत व ठंडा पानी पिलाकर राहत की सांस ली। इस दौरान बब्लू कुमार, गोला पुस्तक भंडार, दीपक कुमार, सुशील कुमार, रामनाथ सिंह, रोहित चौधरी, रिंकू चौधरी, मनोज चौधरी, सरफराज आदि ने सहयोग किया।

छात्र लापता, पिता ने गुमशुदी दर्ज कराई

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पिता की डांट से नाराज होकर छात्र बिना बताए घर से चला गया। परिजनों ने उसे काफी तलाश किया। अब पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला वहड़ों वाला निवासी फिरोज अख्तर ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 28 मई की रात्रि पढ़ाई को लेकर बेटे जावेद को डांट दिया था। वह कक्षा आठ का छात्र है। 29 मई की सुबह छह बजे वह बिना बताए घर से निकल गया। उसके पास मोबाइल भी है। मोबाइल नंबर लगातार बंद आ रहा है। रिश्तेदारों व मित्रों से भी जानकारी लेने का प्रयास किया लेकिन कोई भी पता नहीं चला। अब पिता ने गुमशुदी दर्ज कराई है।

बीबीपुर के जंगल में तेंदुआ दिखने से लोगों में दहशत

संवाददाता, छजलैट

भय

- ग्रामीणों ने वन विभाग से की पिंजरा लगाने की मांग
- बोले- तेंदुए के डर से जंगल जाने से कतरा रहे हैं लोग

अमृत विचार : गांव बीबीपुर के जंगल में मंगलवार को तेंदुआ दिखाने देने से किसान के होश उड़ गए। उसने शोर मचाया तो आसपास खेतों में कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। तेंदुआ देखकर वे भी घबरा गए। किसानों ने तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

क्षेत्र के गांव बीबीपुर निवासी जाहिद हुसैन मंगलवार सुबह अपने खेत पर जा रहे थे। कुछ दूर उन्हें चकरोड पर तेंदुआ दिखाई दिया। उसे देखकर उनके होश उड़ गए और वह वापस भागने लगे। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों को बुलाया। सभी ने जब तेंदुए को देखा तो वह गन्ने के खेत में चला गया। जाहिद हुसैन ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व भी एक तेंदुआ दिखाई दिया था, तब भी सभी गांव वाले एकत्रित हो गए थे। सभी ने जब शोर मचाया तो वह खेतों में चला गया था। उन्होंने बताया कि यहां एक तालाब है। उसमें पानी पीने के लिए तेंदुआ आया होगा। ग्रामीणों का कहना है कि किसी व्यक्ति पर तेंदुआ हमला कर सकता है। किसानों ने वन विभाग के अधिकारियों को फोन करके उसकी सूचना दी। ग्रामीण डर के कारण जंगल को जाते हुए भी घबरा रहे हैं। उन्होंने बताया कि गांव के ही जाकिर, मोहम्मद यामीन, जमील, अलाउद्दीन, साबिर आदि किसान मौजूद थे।

शार्टसर्किट से घर में लगी आग, माल जला

भगतपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के गांव मझरा फत्तेपुर बहेड़ी में मंगलवार सुबह शार्ट सर्किट से घर में आग लग गई। इससे घर में रखा लाखों रुपये का माल जलकर राख हो गया।

गृहस्वामी इकबाल ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 10 बजे बिजली के तार में शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। इससे लोगों में अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर दी गई। इसके बाद फायर ब्रिगेड को सूचना दी। एक घंटे के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर में रखा 22 क्विंटल गेहूं, दहेज का सामान, फर्नीचर, कपड़े और ईंधन जलकर राख हो चुका था। पीड़ित ने बताया कि आग लगने से उसे लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। आनाज जलने से भोजन का संकट हो गया है।

राकेश टिकैत का जन्मदिन मनाते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

राकेश टिकैत के जन्मदिन पर काटा केक

छजलैट, अमृत विचार : भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के जन्मदिन पर किसान भवन में केक काटकर एक-दूसरे को बधाई दी गई। किसान भवन में किसानों ने केक काटकर राकेश टिकैत का जन्मदिन मनाया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि राकेश टिकैत हमेशा किसानों के हक में तन, मन, धन से समर्पित रहे हैं। वह हमेशा गरीबों व किसानों की आवाज उठाते हैं और आगे भी उठाते रहेंगे। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव डॉ. नौसिंह, मंडल उपाध्यक्ष चौधरी यशपाल सिंह, महानगर अध्यक्ष पंकज चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह, समरपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह पप्पू, खजान सिंह, रामपाल मंत्री जी, अनोज चौधरी, धीरेंद्र सिंह, रामावतार सिंह, राहुल चौधरी आदि मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी की तहरीर पर दंपति के खिलाफ रिपोर्ट

बिलारी, अमृत विचार : फर्जी तरीके से दो स्थानों पर वोट डालने के मामले में भाजपा प्रत्याशी की तहरीर पर पुलिस ने दंपति के खिलाफ धोखाधड़ी में रिपोर्ट दर्ज की है।

भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने एसएसपी को तहरीर दी। इसमें उन्होंने बताया कि गांव थावंला निवासी दंपति का नाम मतदाता सूची में दर्ज है। दंपति ने कूटरचित दस्तावेजों के जरिए बिलारी में भी अपने वोट बनवा लिए और दोनों स्थानों पर वोट डाले हैं।

इस मामले को लेकर बीएलओ से भी शिकायत की गई। दंपति का नाम गांव व बिलारी की मतदाता सूची में शामिल है। आरोप है कि फर्जी तरीके से दोनों जगह पर वोटिंग की गई। इस मामले में दंपति के विरुद्ध पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

जियाउर्रहमान बर्क की जीत पर कांग्रेसियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिला जताई खुशी

संवाददाता, कुंदरकी

एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

● कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बोले- जनता ने भाजपा को दिया जवाब

अमृत विचार : संभल लोकसभा सीट से सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क की जीत की खुशी में मंगलवार शाम को लोगों ने मिठाई बांटी। उन्होंने जियाउर्रहमान बर्क को जीत की मुबारकबाद दी।

कांग्रेस के ब्लॉक कार्यालय में चौधरी अहसान खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जियाउर्रहमान बर्क की जीत व चुनाव परिणाम में इंडिया गठबंधन के शानदार प्रदर्शन की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिलाई। राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने की इच्छा जाहिर करते हुए कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष चौधरी अहसान खान ने कहा कि चुनाव परिणाम में जनता ने भाजपा को वोट के दम पर करारा जवाब दिया। भाजपा की दमनकारी सरकार के आगे कभी हार नहीं मानी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संविधान की प्रस्तावना बदलने की कोशिश की कर रही थी। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष दाऊद खान, नगर अध्यक्ष शौकत नेताजी, जग्गा, सुरेंद्र सिंह जाटव, यासीन पधान, अब्दुल्ला खान आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

लापरवाही नागरिकों ने की सड़कों की मरम्मत कराने की मांग, बोले- गिरकर चोटिल हो रहे

पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदकर छोड़ दीं सड़कें

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


आंबेडकर पार्क की ओर जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क पर जाते बाइक सवार।

> पालिका क्षेत्र में घर-घर शुद्ध पेयजल व रसोई गैस योजना के अंतर्गत कार्यदाई संस्था पाइप लाइन बिछा रही है। पाइपलाइन डालने के बाद सड़कों को ठीक करने की जिम्मेदारी संस्था की है। अगर सड़कें ठीक नहीं कराई गईं तो शीघ्र ही संस्थाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> - **ललित आर्य,** अधिशासी अधिकारी

अमृत विचार : घर-घर शुद्ध पेयजल आपूर्ति व रसोई गैस के लिए भूमिगत पाइप लाइन बिछाने का काम तेजी से चल रहा है। इसके लिए सड़कों को खोदा जा रहा है। पाइपलाइन बिछाने के बाद गड्ढे नहीं भरे जा रहे हैं। इससे लोगों को इन सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है।

बताया कि कार्यदायी संस्थाएं नगर पालिका द्वारा लगाई गई टाइल्स को उखाड़ रही हैं। इसके स्थान पर ईंटों को लगाया जा रहा है। इसके कारण सड़क और अधिक खराब हो गई हैं। टोरेंट कंपनी नगर वासियों के लिए रसोई गैस आपूर्ति को भूमिगत लाइन बिछा रही है। मशीनों से सड़कों को खोदा जा रहा है। लेकिन उन्हें बंद करना तो दूर समतल नहीं किया जा रहा। नगर पालिक से बाजार तक सड़कों का यही हाल है। उधर, गंदा पानी सड़क पर आने लगा और नालियां चौक हो गईं। अग्रवाल सभा, रामलीला मैदान, काशीपुर चुंगी स्थित आंबेडकर पार्क तक सड़क को खोदकर पाइपलाइन बिछा दी गई, लेकिन सड़कों को समतल नहीं किया गया। नगर के कई मोहल्ले में रसोई गैस की आपूर्ति के लिए भूमिगत पाइपलाइन डाली गई थी। साथ ही पेयजल की आपूर्ति के लिए भूमिगत पाइपलाइन डालने के लिए सड़कों को खोद दिया गया। इससे लोगों को पैदल व वाहन ले जाने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। राहगीर इन गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी कोचिंग सेंटर पर जाने वाले छात्र-छात्राओं को उठानी पड़ रही है।

पूर्व सभासद हेमेंद्र प्रताप सिंह, पवन पुष्पद व मुस्तकीम अहमद ने बताया कि नगर में पाइपलाइन खोदने का सिलसिला छह महीने से चल रहा है। लेकिन कार्य दायी संस्थाएं सड़कों को समतल नहीं करा रही है। शिकायत के बाद नगर पालिका अध्यक्ष ने मौके पर पहुंच कर जांच की थी। दोनों विभागों के अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त करते हुए नियमानुसार कार्य करने की चेतावनी दी थी।

एक नजर

मेहुल ने 670 अंक पाकर नीट में पाई सफलता

बहजोई, अमृत विचार : नगर के व्यापारी अरविंद वार्ष्णेय के पुत्र मेहुल वार्ष्णेय ने नीट की परीक्षा में सफलता पाते हुए ऑल इंडिया रैंक में 670 अंक प्राप्त कर नगर का नाम रोशन किया है। मेहुल वार्ष्णेय के परिवार को जब उनकी सफलता की खबर मिली तो उनके खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने मिठाई खिलाकर नीट परीक्षा की सफलता के लिए बधाई दी। वहीं नागरिकों ने भी उनके घर पहुंच कर सफलता की बधाई दी। मेहुल वार्ष्णेय ने इसका श्रेय अपने परिजनों व चंदौसी वाले हलवाई परिवार को दिया है।

सीता रोड फीडर पर आज नौ घंटे बंद रहेगी बिजली

चन्दौसी, अमृत विचार : हनुमानगढ़ी के सीता रोड फीडर पर नए पोल व तार लगाने का कार्य बुधवार को किया जाएगा। जिससे सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि सीता रोड पर फीडर पर नए पोल व तार लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिससे पूरी गणेश कॉलोनी की गली संख्या एक से दस तक सुबह सात बजे से चार बजे तक बिजली पूरी तरह बंद रहेगी। इसलिए उपभोक्ता सुबह सात बजे से पहले पानी से संबंधित कार्य पूरा कर लें।

कुत्ते को बचाने में गिरी बाइक, होमगार्ड घायल

बनियाठेर/चन्दौसी, अमृत विचार : जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव लक्ष्मपुर नगरिया निवासी हरिओम पुत्र सेवाराम थाना बनियाठेर में होमगार्ड है। मंगलवार की शाम करीब चार बजे होमगार्ड बाइक से थाना बनियाठेर ड्यूटी पर आ रहा था। मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर बिलारी और सहसपुर शमशान घाट के बीच पहुंचा ही था। उसी समय एक कुत्ता अचानक बाइक के सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल कर सड़क पर जा गिरी। हादसे में होमगार्ड हरिओम घायल हो गया। निजी अस्पताल में उपचार कराया गया है।

तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंदा, दादी-पोते की गई जान

गवां-अनूपशहर मार्ग पर डिजायर ग्रुप के पास हादसा, एक महिला घायल

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में गवां-अनूपशहर मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया और काफी दूर तक घसीटकर ले गया। हादसे में रिश्ते की दादी और पोते की मौत हो गई जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई। घायल महिला को हायर सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को भी पकड़ लिया।

जनपद गाजियाबाद के विजयनगर थाना क्षेत्र के मुहल्ला बिहारीपुरा निवासी राहुल (18 वर्ष) पुत्र बलेश मौसेरी दादी चमेली (60 वर्ष) पत्नी बलजीत निवासी गंगेश्वरी थाना रहरा जनपद अमरोहा और उसकी बहन हरवती (55 वर्ष) पत्नी मिश्रीलाल निवासी चाहसी थाना आहार जनपद बुलंदशहर के साथ बाइक से रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव दीपपुर डांडा निवासी चंद्रपाल के पिता रामफल की आरष्टी में शामिल होने आए थे। राहुल का चंद्रपाल फूफा है। आरष्टी में शामिल होने के बाद तीनों बाइक से लौटने लगे। रजपुरा थाना क्षेत्र में डिजायर ग्रुप के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया। इतना ही नहीं, ट्रक काफी दूर तक घसीटता हुआ ले गया। हादसे में राहुल और हरवती की मौके पर ही मौत हो गई जबकि चमेली गंभीर रूप से घायल हुई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहुल और हरवती के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल चमेली को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर चमेली को हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में कर लिया।

रजपुरा में हादसे के बाद मौके पर जमा लोग। ● अमृत विचार

भूसे के बौंगे में लगी आग से 40 हजार की क्षति

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : रजपुरा थाना क्षेत्र में भूसे के बौंगे में आग लग गई। फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। आग से करीब 40 हजार रुपये का भूसा जलकर राख हो गया। थाना क्षेत्र के गांव दीपपुर डांडा निवासी राम भजन के खेत में रखे भूसे के बौंगे में सोमवार को देररात आग लग गई। पड़ोसी ने सूचना दी तो राम भजन और अन्य लोग तुरंत मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड भी आ गई। कर्मियों ने किसी तरह आग बुझाई। राम भजन ने पुलिस को तहरीर दी। आग से करीब 40 हजार का भूसा जल गया।

झोपड़ी में लगाई आग

संभल/रजपुरा, अमृत विचार : महिला ने पुरानी रंजिश के चलते एक व्यक्ति पर उसकी झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के गांव बसंतपुर डांडा निवासी भूरी देवी ने थाने में तहरीर देकर कहा कि पुरानी रंजिश के चलते गांव के ही एक व्यक्ति ने उसकी झोपड़ी में आग लगा दी। जिससे झोपड़ी में रखा पांच कुंतल भूसा, इंजन और पांच हजार रुपये जल गए।

बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव का स्वागत करते व्यापारी।

सर्राफा व्यापारियों ने किया बार पदाधिकारियों को सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : चन्दौसी बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव को सर्राफा व्यापारियों ने मोतियों की माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

घास मंडी स्थित सर्राफा व्यापारी अजय अग्रवाल व मुकेश अग्रवाल ने अपने प्रतिष्ठान पर मंगलवार की शाम पांच बजे बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मोहम्मद नजर कुरैशी, सचिव सचिन गोयल व अधिवक्ता परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा को मोतियों की माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष नजर कुरैशी ने कहा कि सर्राफा व्यापारी अजय भी अधिवक्ता हैं। वह अधिवक्ताओं के सुख-दुख में सदैव तैयार रहते हैं और समय आने पर उनके साथ खड़े नजर आते हैं। सचिव सचिन गोयल ने कहा कि युवा अजय हमेशा अधिवक्ता समाज के साथ हैं। उनके द्वारा किया गया कार्यक्रम सम्मान समारोह सराहनीय पहल है। जिससे नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को आगे बढ़ने व अच्छे कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। इस दौरान विनय सर्राफ, अमित रस्तोगी, संदीप शर्मा, दीपक गुप्ता, विभू अग्रवाल, प्रशांत जीत यादव, संदीप कुमार रस्तोगी, आदि मौजूद रहे।

महमूदपुर माफी की टीम ने 39 रनों से जीता मैच

संभल/सिरसी, अमृत विचार: हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में रेलवे के मैदान पर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की ओर से आयोजित क्रिकेट मैच में बाजार क्लब महमूदपुर माफी की टीम ने हैदर क्लब की टीम को 39 रनों से हराकर अगले मैच में जगह बनाई। बाजार क्लब महमूदपुर माफी की टीम ने पहले बल्लेबाजी कर 156 रन बनाए। सिरसी में स्थित रेलवे के मैदान पर नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की ओर से आयोजित हो रहे क्रिकेट मैच में बाजार क्लब महमूदपुर माफी के कप्तान साहिल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने आठ ओवर में तीन विकेट खोकर 156 रन बनाए। खिलाड़ी अंजुमन ने 62 और कामरान ने 25 रन बनाए। हैदर क्लब टीम के गेंदबाज अजीम ने एक विकेट लिया। अपनी पारी खेलते हुए हैदर क्लब की टीम आठ ओवर में तीन विकेट खोकर 117 रन पर ही सिमट गई। जिससे बाजार क्लब महमूदपुर माफी की टीम ने 39 रन से जीत दर्ज की और अगले मैच में जगह पक्की की। हैदर क्लब के बल्लेबाज उजेफा ने 32 व तौसीफ ने 29 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच बाजार क्लब महमूदपुर माफी के खिलाड़ी अंजुमन रहे।

आबादी के बीच कुत्तों के झुंड ने वृद्धा को नोचकर मार डाला

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: कुत्तों के झुंड ने शहर विधायक के आवास के निकट बुजुर्ग महिला पर हमला कर उसकी जान ले ली। कुत्ते महिला को उस समय तक नोचते रहे जब तक उसकी मौत नहीं हो गई। आसपास के लोगों ने निर्वस्त्र अवस्था में पड़ी महिला के शव को चादर डालकर ढका।

जुबैदा (फाइल फोटो)

संभल शहर के मुहल्ला डेरा सराय निवासी हाजी समतुल्ला की 70 वर्षीय पत्नी जुबैदा मंगलवार की सुबह पांच बजे मुहल्ला बेगम सराय में बेटी के घर पैदल जा रही थी। जुबैदा जैसे ही मुहल्ला मिया सराय में विधायक इकबाल महमूद के आवास के पास पहुंची तो यहां मस्जिद के पास मैदान में कुत्तों ने घेरकर हमला कर दिया। कुत्तों ने महिला के कपड़े फाड़ दिये और मांस नोचकर उसे गंभीर घायल कर दिया। चीखने की आवाज सुनकर लोग मौके पर पहुंचे और लाठी डंडे दिखाकर कुत्तों से वृद्धा को छुडाया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में उपचार के लिए वृद्धा को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने जुबैदा को मृत घोषित कर दिया।

ऐसे हमले से सहमे लोग

संभल। शहर की आबादी के बीच कुत्तों के हमला कर महिला की जान लेने की घटना से लोग सहम गये हैं। वृद्धा पर कुत्तों के झुंड ने ऐसा हमला किया कि मांस नोचकर उसकी जान ही ले ली। जब तक लोग घरों से निकलकर पहुंचे तब तक कुत्ते मांस नोच चुके थे।

ट्रांसफार्मर में लगी आग, विद्युतापूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : गोशाला रोड पर यदुवंशी गार्डन के सामने 60 केवीए के ट्रांसफार्मर में ओवर लोडिंग के चलते आग लग गई। कुछ ही देर में ट्रांसफार्मर धू-धूकर जलने लगा। जिससे यातायात थम गया। आसपास के लोगों ने पहुंच पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ देर बाद पहुंची दमकल ने आग बुझाई। ट्रांसफार्मर खराब होने 70 घरों की बिजली ठप हो गई। विभाग की ओर से ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा था।

मंगलवार को दोपहर दो बजे अचानक ट्रांसफार्मर में ओवरलोडिंग के चलते आग लग गई। ट्रांसफार्मर में लगी आग कुछ ही देर में तेल तक पहुंच गई और तेल गिरने से नीचे भी आग धधकने लगी। तुरंत ही लोगों ने ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना विद्युत विभाग को दी। हिम्मत करके आसपास के लोग मौके पर पहुंच और पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। मगर आग पर काबू नहीं पा सके। कुछ देर बाद दमकल पहुंची और अग्निशमन कर्मचारियों ने आग को बुझा दिया। कुछ देर बाद विद्युत विभाग की टीम भी मौके पर पहुंच गई और ट्रांसफार्मर ठीक करने का कार्य आरंभ कर दिया। शाम सात बजे तक ट्रांसफार्मर सही करा कर आपूर्ति सुचारु किए जाने की बात कही जा रही थी।

गोशाला रोड पर जल रहा ट्रांसफार्मर। ● अमृत विचार

"60 केवीए ट्रांसफार्मर में ओवरलोडिंग के चलते आग लग गई। जिससे 70 घरों की बिजली गुल हो गई। ट्रांसफार्मर को सही करने का प्रयास किया जा रहा है। शाम सात बजे तक बिजली सुचारू करा दी जाएगी। **-अभिषेक सिंह, जेई, विद्युत विभाग**"

सार संक्षेप

संगीत मय सुंदर कांड का किया पाठ

चन्दौसी, अमृत विचार : स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से मोहल्ला हाथी खाने में संगीत मय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल शर्मा ने पूजन कर सभी देवी-देवताओं का आह्वान किया। इसके पश्चात केजी शर्मा, सौरभ मिश्रा, राजेश शंखधार, कृष्ण शर्मा, अजय कुमार शर्मा, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, सौरभ मिश्रा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का लयवद्ध वाचन किया। भजनों की श्रंखला में केजी शर्मा ने दुनिया में देव हजारो हैं, बजरंगबली का क्या कहना, अजय सक्सेना ने हे दुख भंजन मारुति नंदन आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। अंत में आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया। इस दौरान सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, राकेश चौबे, ब्रजेंद्र शर्मा, टीसी शर्मा, योगेंद्र कुमार शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, सुधा शर्मा, मीनाक्षी पांडे, शिवओम जिंदल, मनोज शर्मा, पीएन शर्मा, कपिल शर्मा, गुलशन अरोरा आदि मौजूद रहे।

बाइक सवार और रिक्शा चालक में मारपीट

चन्दौसी, अमृत विचार : फड़याई बाजार में ई-रिक्शा चालक व बाइक सवार में विवाद हो गया और कुछ देर बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। आसपास के लोगों ने पहुंच मामला शांत कराया। करीब दस मिनट के बाद यातायात सामान्य हो सका। मंगलवार की शाम छह बजे ब्रहम बाजार की ओर से बाइक सवार आ रहा था तो घंटाघर की ओर से ई-रिक्शा आ रहा था। फड़याई बाजार में दोनों वाहन आमने-सामने पहुंच गए और पहले निकलने की होड़ में दोनों में कहासुनी होने लगी। कुछ ही देर में बाइक सवार व ई-रिक्शा चालक ने एक-दूसरे के कालर पकड़ लिए और मारपीट शुरू कर दी। जिससे बाजार में जाम की स्थिति बन गई। आसपास के लोगों ने मौके पर पहुंच दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर अलग किया। इसके बाद दोनों अपने-अपने वाहन लेकर चले गए।

बाइक सवार से भिड़ता ई-रिक्शा चालक।

पौध लगाकर प्रकृति संरक्षण की शपथ ली

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : मानवाधिकार संघ की ओर से जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज हनुमानगढ़ी में विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर मंगलवार को पौधरोपण कार्यक्रम हुआ। जिसमे तुलसी, नीम, जामुन, गुलाब, सदाबहार व अन्य औषधीय पौधे रोपित किए गए। इसके साथ ही प्रकृति संरक्षण की शपथ दिलाई गयी।

कार्यक्रम के संयोजक संजीव कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। पर्यावरण असंतुलन के कारण विभिन्न बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। इसकी रोकथाम के लिए प्रकृति संतुलन जरूरी है, जो केवल पौधरोपण से ही संभव है। डॉ. डीके अग्निहोत्री ने कहा कि आज मानव जाति को पर्यावरण की वास्तविक स्थिति को समझना होगा। क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण पर नकारात्मक प्रभाव पडता है। इसीलिए भावी पीढियों की सुरक्षा के लिए पर्यावरण संरक्षण आवश्यक है। सत्यपाल ने वृक्षारोपण के महत्व को बताया कि पेड़-पौधे पर्यावरण को आक्सीजन प्रदान करते हैं। इसके साथ ही वायु की गुणवत्ता मे सुधार करते हैं। यह मनुष्यों व जीव-जन्तुओ के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल वार्ष्णेय, विभुकांत शर्मा, विश्वजीत शर्मा, जगदीश राणा, हरीश सिंह, सुरेश चंद्र, जगपाल शर्मा, विष्णु आदि उपस्थित रहे।

प्रकृति संरक्षण की शपथ लेते मानवाधिकार संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर मानवाधिकार संघ ने लगाए पौधे

गाली गलौज कर रहे छह लोग गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार: हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव नगला खोकर निवासी राकेश रविवार की रात थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित अपनी ससुराल से मजदूर की पत्नी को प्रेम संबंध के चलते साथ ले गया था।

मजदूर ने सोमवार की देर शाम तलाश करते हुए राकेश व पत्नी को बरामद कर लिया। इसी बात को लेकर राकेश मंगलवार को मजदूर के साथ गाली गलौज कर रहा था। विवाद बढ़ने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और राकेश को गिरफ्तार कर लिया। वहीं दूसरी ओर थाना क्षेत्र के गांव धुरैटा निवासी सगे तीन भाई शंकर, वीरभान व नेपाल अपने साथी चंद्रभान के साथ मिलकर दीवार निर्माण को लेकर गांव के ही रमेश के साथ गाली गलौज कर रहे थे। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सगे भाइयों सहित पांचों को हिरासत में ले लिया।

जिला अस्पताल में कार्यक्रम के दौरान केक काटती एक बच्चे की माता। ● अमृत विचार

जिला अस्पताल में 14 बच्चों का उपचार

संवाददाता, संभल

अमृत विचार: जिला अस्पताल में अनुष्का फाउंडेशन व सरकार के सहयोग से संचालित क्लीनिक में वर्ड क्लबफुट डे मनाया गया। इस दौरान डॉक्टर ने क्लबफुट से पीड़ित 14 बच्चों का उपचार किया।

अनुष्का फाउंडेशन सरकार के सहयोग से प्रदेश में क्लबफुट को समाप्त करने के लिए प्रदेश के 15 जिलों में क्लीनिक स्थापित कर पीड़ित बच्चों का निशुल्क उपचार करा रही है। मंगलवार को जिला अस्पताल में डॉक्टर अफजर कमाल ने क्लबफुट से पीड़ित 14 बच्चों का उपचार किया। बताया कि क्लबफुट एक जन्मजात बीमारी है। समय रहते इलाज करा लिया जाए तो बच्चे को क्लबफुट से होने वाली जीवन भर की विकलांगता से बचाया जा सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सीएमएस डॉ. अनूप कुमार अग्रवाल व आरबीएसके के डीईआईसी सुनील तेवतिया, अनुष्का फाउंडेशन के नाजिम व टेक्नीशियन जावेद मौजूद रहे।

इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का जायजा लेतीं पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

पालिकाध्यक्ष ने सड़क निर्माण का लिया जायजा

चन्दौसी, अमृत विचार : नगर पालिका परिषद की ओर से शहर में सड़कों का निर्माण कराया गया है। वहीं फव्वारा चौक से कोतवाली के निकट स्थित पुलिया तक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। मंगलवार को की दोपहर पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण का जायजा लिया। संबन्धित ठेकेदार को गुणवत्ता पूर्वक निर्माण कराने के निर्देश दिए।

अपर निदेशक ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

संभल, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के अपर निदेशक रवि कुमार ने जिला अस्पताल में बिजली व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। अपर निदेशक ने सीटी स्कैन देखने के साथ ही फायर फाइटिंग सिस्टम के कार्य की जानकारी ली। अपर निदेशक रवि कुमार मंगलवार को शाम टीम के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने बिजली व्यवस्था को लेकर निरीक्षण किया। देखा कि बिजली व्यवस्था सुचारू रखने के लिए कितने उपकरण लगे हैं और उनका हाल कैसा है। बिजली उपकरणों को देखने के साथ ही सीटी स्कैन का भी निरीक्षण किया। अपर निदेशक ने फायर फाइटिंग सिस्टम के कार्य के बारे में जानकारी ली। अपर निदेशक ने कहा कि जिला अस्पताल में बिजली व्यवस्था, उपकरणों और सीटी स्कैन को देखा है। यहां व्यवस्था सही पाई गई है। फायर फाइटिंग सिस्टम का कार्य एजेंसी कर रही है। कार्य पूर्ण होने पर एजेंसी एनओसी लेकर हैंडओवर करेगी। इस दौरान सीएमएस डॉ.अनूप कुमार अग्रवाल, डॉ.जया कौशल आदि रहे।

स्टेशन रोड पर आपस में भिड़े सांड

चन्दौसी, अमृत विचार : मंगलवार की शाम स्टेशन रोड पर दो सांड आपस में भिड़ गए। जिससे अफरातफरी मच गई और सड़क के दोनों ओर जाम लग गया। सांडों की लड़ाई में कई दुपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। स्टेशन रोड शहर का मुख्य मार्ग है। मंगलवार की शाम करीब छह बजे एसएम इंटर कालेज के बाहर दो सांड आपस में भिड़ गए और आपस में लड़ते हुए इधर उधर भागने लगे। जिससे अफरातफरी मच गई। लोग अपने दुपहिया वाहन छोड़ कर दुकानों में घुस गए और खुद का सुरक्षित किया। वहीं सड़क के दोनों ओर ट्रैफिक थम गया। कुछ लोगों ने साहस दिखाते हुए सांडों पर पानी फेंक कर व ईंट पत्थर बरसा कर भगाने का प्रयास किया लेकिन सांड लड़ते लड़ते इधर उधर भागते रहे और दुकानों के बाहर खड़े दुपहिया वाहनों को रौंद दिया। जिससे कई बाइक, स्कूटी व साइकिल क्षतिग्रस्त हो गईं।

अनदेखी भुलाबई गांव के करीब तीस घरों की छतों से होकर जा रहे बिजली के नंगे तार, राज्य मंत्री ने भेजी थी टीम, नहीं हुआ समाधान

बिजली के तारों से हादसे का अंदेशा, नहीं हो रही सुनवाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : विद्युत वितरण खण्ड चन्दौसी के विकास खण्ड बनियाखेड़ा के गांव भुलाबई में छतों के ऊपर से होकर जा रही घरेलू बिजली लाइन के तार के खतरा बने हुए हैं। जर्जर नंगे तारों में आए दिन फाल्ट होता रहता है। जिससे ग्रामीण छत पर भी जाने से कतरा रहे हैं।

गांव भुलाबई में तमाम गलियों में बिजली विभाग ने एबीसी लाइन नहीं डाली है। अधिकांश गलियों में 440 वोल्ट की बिजली लाइन में एल्यूमीनियम के तार लगे हैं। यहां करीब 30 घर ऐसे हैं। जहां छतों से होकर बिजली लाइन जा रही है। तारों में जगह-जगह जोड़ लगे हुए हैं। इतना ही नहीं तारों को लकड़ी के डंडों से बांध कर रोका गया है। लाइनों से बंधे डंडे भी कच्ची छतों पर दबा दिए गए हैं। तारों में जोड़ लगने से आए दिन फाल्ट होते रहते हैं। दो दिन पहले ही ग्रामीण परमानंद के मकान की छत से होकर जा रही बिजली लाइन से उठी चिंगारी से डंडों में आग लग गई। गनीमत रही ग्रामीणों ने बिजली विभाग को सूचना देकर लाइन बंद करा दी और खुद ही आग पर काबू पाया। बारिश का मौसम नजदीक आ रहा है। बारिश के मौसम में घरों की दीवारों में भी करंट दौड़ता है। ग्रामीणों ने इस संदर्भ में 27 मई को माध्यमिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी के सुभाष रोड स्थित आवास पर पहुंच कर शिकायत की थी। राज्यमंत्री ने तत्काल विभागीय अधिकारियों से फोन पर बात कर लाइनमैनों को मौके पर भेजा। ग्रामीणों का कहना है कि लाइनमैन तारों को कस कर चले गए। जबकि छतों से लाइनों को हटाना था। खतरा बरकरार है।

गांव भुलाबई में छतों से होकर जा रही बिजली लाइन दिखाता ग्रामीण।

"हमारे घर की छत से होकर बिजली लाइन के नंगे तार जा रहे हैं। जिससे छत पर जाने से भी खतरा बना रहता है। लाइनों को छतों से हटाया जाए। **-महेंद्र सिंह**"

"घर की छत से होकर भी बिजली के नंगे तार जा रहे हैं। तारों में जगह-जगह जोड़ लगे हुए हैं। जिससे आए दिन फाल्ट होते रहते हैं। तारों को हटाया जाए। **-कमलेश देवी।**"

"मेरे मकान की छत ऊपर से जा रहे तारों से हर समय हादसे का अंदेशा बना रहता है। बारिश का मौसम नजदीक है। बारिश के दिनों में दीवारों में करंट दौड़ पड़ता है। नए पोल लगा कर लाइनों को छतों से हटाया जाए। **-मिथलेश देवी।**"

"बच्चों को अकेले छत पर भेजने में डर रहता है। कई बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही। राज्यमंत्री से शिकायत करने पर औपचारिकता पूरी कर दी गई। समस्या का समाधान नहीं हो सका है। **-फिरोजन**"

देर रात बूंदाबांदी से राहत दिन में उमस बरकरार

चन्दौसी/संभल, अमृत विचार : सोमवार की देर रात तेज आंधी के साथ हुई बूंदाबांदी से भीषण गर्मी से कुछ राहत तो महसूस की गई लेकिन मंगलवार को चटखती धूप खिलने पर मौसम में फिर से उमस हो गई। जिससे लोग पसीना-पसीना हो गए।

कई से भीषण गर्मी से पारा ऊपर पहुंच गया। जिससे लोग हाल बेहाल हो गए। सोमवार को शाम से ही तेज हवा चलने लगी। देर रात करीब 12 बजे के बाद तेज हवा ने आंधी का रुप धारण कर लिया। करीब बीस मिनट तक आंधी चलती रही। जिससे छतों पर सो रहे लोग नीचे उतर आए। आंधी थमने के बाद हल्की बूंदाबांदी हुई। लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत महसूस की। मंगलवार की सुबह जब लोग नींद से उठे तो चटखती धूप खिल रही थी। जिससे फिर से उमस हो गई। घर से निकलते ही लोग पसीना-पसीना हो गए।

मारपीट में महिला घायल

संभल, अमृत विचार : गांव निरयावली के विशेष शर्मा ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि एक सप्ताह पहले मेरे व मुहल्ला के ही नन्हे के बच्चों के बीच खेल-खेल में विवाद हो गया था। आरोप है कि नन्हे सुबह परिजनों के साथ विशेष के घर में घुस आया और विशेष की पत्नी रुबी को से मारपीट करते हुए घायल कर दिया।

नाम परिवर्तन

पासपोर्ट में त्रुटिवश नाम ASIMA KHANAM एवं DOB 28.01.1961 अंकित है, मेरे हाई स्कूल व अन्य सभी Documents में सही नाम ASMA KHANAM व DOB 25.01.1961 है। भविष्य में मुझे मेरे सही नाम ASMA KHANAM W/o SAEED AKHTAR KHAN R/o MOHALLA MAJAPOTA AMROHA DISTT AMROHA के नाम से जाना पहचाना जाए।

क्षिप्रं विजानाति चिरं शृणोति विज्ञाय चार्थं भते न कामात्।
नासम्पृष्टो व्युपयुङ्क्ते परार्थे तत् प्रज्ञानं प्रथमं पण्डितस्य ॥

ज्ञानी लोग किसी भी विषय को शीघ्र समझ लेते हैं, लेकिन उसे धैर्यपूर्वक देर तक सुनते रहते हैं । किसी भी कार्य को कर्तव्य समझकर करते है, कामना समझकर नहीं और व्यर्थ किसी के विषय में बात नहीं करते ।

संपादकीय

जनता की जीत

लोकसभा चुनाव 2024 के चुनावों की मतगणना जारी है। मतगणना में सामने आए रुझान और नतीजों से देश के मौजूदा राजनीतिक हालात की बनती तस्वीर नजर आ रही है। इंडिया गठबंधन ऊर्जा और उत्साह से भर गया है। उत्तर प्रदेश ने सबको चौंकाया है। अखिलेश यादव दमदार नेता साबित हुए। प्रदेश से इस तरह के परिणाम मिलेंगे, इस बात का आंकलन तो भाजपा के विरोधियों को भी नहीं था। जबकि एक्जिट पोल्स ने जो रूझान दिखाए, तकरीबन सभी एक स्वर में फिर से भाजपा की बड़ी जीत के अनुमान लगा रहे थे। नतीजों ने राजनीति के साथ-साथ जनता के बदलते मिजाज को भी रेखांकित किया है। चुनाव परिणाम कायदे से जनता को विजेता बना रहे हैं। लगभग डेढ़ वर्ष पहले तक जिन मोदी एवं भाजपा के लिए 2024 का चुनाव बेहद आसान माना जाता था, उसकी तस्वीर राहुल गांधी की यात्राओं ने बदल दी। भाजपा के मुकाबले चेहरे, विमर्श तथा संगठन तीनों ही स्तरों पर विकल्प तैयार हुए। इतना ही नहीं, संयुक्त विपक्ष भी खड़ा हुआ। साथ ही अजेय होने का मिथ टूटा। परिणाम साबित कर रहे हैं कि देश लोकतंत्र व संविधान की रक्षा के लिए संकल्पित है। संविधान को बदलने की भाजपा की मंशा का नैरेटिव जो विपक्ष ने तय किया, उसके जरिए बाबा साहेब आंबेडकर के नाम पर दलित समाज को भावनात्मक रूप से जोड़ने की कोशिश की गई, जो सफल होती नजर आई। विपक्ष के इस दांव ने बसपा के उस दलित वोट बैंक को अपनी ओर शिफ्ट करा लिया जो पिछले चुनावों में भाजपा के साथ खड़ा रहता था।

इस बार चुनाव जिस तरीके से लड़ा गया, वह कई सवाल खड़े करता है। देश के इतिहास में यह पहला चुनाव है जिनमें कई घटनाएं पहली बार हुईं। इससे पहले किसी चुनाव में इतने झूठ नहीं बोले गए थे। चुनाव में नेताओं का बड़बोलापन ही दिखता रहा। सैकड़ों अरब खर्च करने के बावजूद देश में पिछली बार से औसतन वोट कम क्यों पड़े? चुनाव नतीजों से देखना यह है कि भारत ने अपनी भारतीयता को कितना बचाकर रखा है और अभी 'भारतीय पुनर्निर्माण' के लिए आत्मनिरीक्षण, आत्मसुधार और संघर्ष करना कितना बाकी है। एक बड़ी समवेत आवाज बनने को आगे का रास्ता कैसे तय करते हैं। चुनाव के आंकड़े से ज्यादा महत्वपूर्ण है देश की विविधता, सामाजिक न्याय और बौद्धिक स्वतंत्रता की रक्षा। इस दृष्टि से कहा जा सकता है कि आज के नतीजे हम सब के लिए अच्छा संदेश है।

खेतों से उजड़ते पेड़, मानवीय अस्तित्व पर खतरा



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

यह विचार करना होगा कि आखिर किसान ने अपने खेतों से पेड़ों को उजड़ा क्यों? यह किसान भलीभांति जानता है कि खेत कि मेढ़ पर छायादार पेड़ होने का अर्थ है, पानी संचयन, पत्ते और पेड़ पर बिराजने वाले पंछियों की बीट से निशुल्क कीमती खाद, मिट्टी की मजबूत पकड़ और सबसे बड़ी बात- खेत में हर समय किसी बड़े बूढ़े के बने रहने का एहसास ।

इन शोधकर्ताओं ने भारत के खेतों में मौजूद 60 करोड़ पेड़ों का नक्शा तैयार किया और फिर लगातार दस साल उनकी निगरानी की। कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अध्ययन के अनुसार, देश में प्रति हेक्टेयर पेड़ों की औसत संख्या 0.6 दर्ज की गई। इनका सबसे ज्यादा घनत्व उत्तर-पश्चिमी भारत में राजस्थान और दक्षिण-मध्य क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में दर्ज किया गया है। यहां पेड़ों की मौजूदगी प्रति हेक्टेयर 22 तक दर्ज की गई। रिपोर्ट से सामने आया कि खेतों में सबसे अधिक पेड़ उजाड़ने में तेलंगाना और महाराष्ट्र अव्वल रहे हैं। जिन पेड़ों को 2010-11 में दर्ज किया गया था उनमें से करीब 11 फीसदी बड़े छायादार पेड़ 2018 तक गायब हो चुके थे।

न तो अब खेतों में कोयल की कूक सुनाई देती है और न ही सावन के झूले पड़ते हैं। यदि फसल को किसी आपदा का ग्रहण लग जाए तो आय का जरिया होने वाले फल भी गायब हैं। अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका "नेचर सस्टैनबिलिटी" में 15 मई 2024 को प्रकाशित आलेख बताता है कि भारत में खेतों में पेड़ लगाने की परंपरा अब समाप्त हो रही है। कृषि-वानिकी का मेलजोल कभी भारत के किसानों की ताकत था। देश के कई पर्व-त्योहार, लोकाचार, गीत- संगीत खेतों में खड़े पेड़ों के इर्द गिर्द रहे हैं। मार्टिन ब्रांट, दिमित्री गोमिंस्की, फ्लोरियन रेनर, अंकित करिरिया, वेंकन्ना बाबू गुथुला, फ़िलिप सियाइस, ज़ियाओये टोंग, वेनमिन झांग, धनपाल गोविंदराजुलु, डैनियल ऑर्टिज़-गोंज़ालो और रासमस फेंशोल्टन के बड़े दल ने भारत के विभिन्न हिस्सों में आंचलिक क्षेत्रों में जा कर शोध कर पाया कि अब खेत किनारे छाया मिलन मुश्किल है। इसके कई विषम परिणाम खेत झेल रहा है।

जब देश में बढ़ता तापमान व्यापक समस्या के रूप में सामने खड़ा है और सभी जानते हैं कि धरती पर अधिक से अधिक हरियाली की छतरी ही इससे बचाव का जरिया है। ऐसे में इस शोध का यह परिणाम गंभीर चेतावनी है कि बीते पांच वर्षों में हमारे खेतों से 53 लाख फलदार व छायादार पेड़ गायब हो गए हैं। इनमें नीम, जामुन, महुआ और कटहल जैसे पेड़ प्रमुख हैं।

इन शोधकर्ताओं ने भारत के खेतों में मौजूद 60 करोड़ पेड़ों का नक्शा तैयार किया और फिर लगातार दस साल उनकी निगरानी की। कोपेनहेगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अध्ययन के अनुसार, देश में प्रति हेक्टेयर पेड़ों की औसत संख्या 0.6 दर्ज की गई। इनका सबसे ज्यादा घनत्व उत्तर-पश्चिमी भारत में राजस्थान और दक्षिण-मध्य क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में दर्ज किया गया है। यहां पेड़ों की मौजूदगी प्रति हेक्टेयर 22 तक दर्ज की गई। रिपोर्ट से सामने आया कि खेतों में सबसे अधिक पेड़ उजाड़ने में तेलंगाना और महाराष्ट्र अव्वल रहे हैं। जिन पेड़ों को 2010-11 में दर्ज किया गया था उनमें से करीब 11 फीसदी बड़े छायादार पेड़ 2018 तक गायब हो चुके थे। बहुत जगहों पर तो खेतों में मौजूद आधे पेड़ गायब हो चुके हैं। अध्ययन से यह भी पता चला है कि 2018 से 2022 के बीच करीब 53 लाख पेड़ खेतों से अदृश्य थे। यानी इस दौरान हर किमी क्षेत्र से औसतन 2.7 पेड़ नदारद मिले। वहीं कुछ क्षेत्रों में तो हर किमी क्षेत्र से 50 तक पेड़ गायब हो चुके हैं।

यह विचार करना होगा कि आखिर किसान ने अपने खेतों से पेड़ों को उजड़ा क्यों? यह किसान भलीभांति जानता है कि खेत कि मेढ़ पर छायादार पेड़ होने का अर्थ है, पानी संचयन, पत्ते और पेड़ पर बिराजने वाले पंछियों की बीट से निशुल्क कीमती खाद, मिट्टी की मजबूत पकड़ और सबसे बड़ी बात-खेत में हर समय किसी बड़े बूढ़े के बने रहने का एहसास। इन पेड़ों पर पक्षियों का बसेरा भी रहता था। जो फसलों में लगने वाले कीट-पतंगों से रक्षा करते थे। फसलों को नुकसान करने वाले कीटाणु सबसे पहले मेड़ के पेड़ पर ही बैठते हैं। उन पेड़ों पर दवाओं को छिड़काव कर दिया जाए तो फसलों पर छिड़काव करने से बचत हो सकती है। जलावन, फल- फूल से अतिरिक्त आय तो है ही।

इसके बावजूद नीम, महुआ, जामुन, कटहल, खेजड़ी (शमी), बबूल, शीशम, करोई, नारियल आदि जैसे बहुउद्देशीय पेड़ों का काटा जाना, जिनका मुकुट 67 वर्ग मीटर या उससे अधिक था, किसान की किसी बड़ी मजबूरी की तरफ इशारा करता हैं। एक बात समझनी होगी कि हमारे यहां तेजी से खेती का रकबा कम होता जा रहा है। एक तो घरों में ही खेती की जमीन का बंटवारा हुआ, फिर लोगों ने समय-समय पर व्यावसायिक इस्तेमाल के लिए खेतों को बेचा। आज से पचास साल पहले 1970-71 तक देश के कुल किसानों में से आधे किसान सीमांत थे। सीमांत यानि जिनके पास एक हेक्टेयर या उससे काम जमीन हो। 2015-16 आते-आते सीमांत किसान बढ़कर 68 प्रतिशत हो गए हैं। अनुमान यही आज इनकी संख्या 75 फीसदी है। सरकारी आंकड़ा कहता है कि सीमांत किसानों की औसत खेती 0.4 हेक्टेयर से घटकर 0.38 हेक्टेयर रह गई है। ऐसा ही छोटे, अर्ध मध्यम और मझोले किसान के साथ हुआ। कम जोत का सीधा असर किसानों की आय पर पड़ा है। अब वह जमीन के छोटे से टुकड़े पर अधिक कमाई चाहता है तो उसने पहले खेत की चौड़ी मेंढ़ को ही तोड़ डाला। इसके चलते वहां लगे पेड़ कटे। उसे लगा कि पेड़ के कारण हाल चलाने लायक भूमि और सिकुड़ रही है तो उसने पेड़ पर कुल्हाड़ी चला दी। इस लकड़ी से उसे तात्कालिक कुछ पैसा भी मिल गया। इस तरह घटती जाट का सीधा सर खेत में खड़े पेड़ों पर पड़ा। सरकार खेतों में पेड़ लगाने की योजना, सब्सिडी के पोस्टर छापती रही और किसान अपने काम होते रकबे को थोड़ा सा बढ़ाने की फिराक में धरती के श्रंगार पेड़ों को उजाड़ता रहा। देश में बड़े स्तर पर धान बोने के चस्के ने भी बड़े पेड़ों को नुकसान पहुंचाया। साथ ही खेतों में मशीनों के इस्तेमाल बढ़ने ने भी पेड़ों की बली ली। काई बार भारी भरकम मशीनें खेत की पतली पगडंडी से लाने में पेड़ आड़े आते थे तो तात्कालिक लाभ के लिए उन्हें काट दिया गया।

यह किस से छुपा नहीं हैं कि चरम मौसम की हर अवस्था खेत की फसल को नुकसान पहुंचाती है-अधिक गर्मी में डायना छोटा हो जाता है तो अधिक बरसात में फसल गिर कर सड़ने की संभावना ज्यादा होती है। यदि खेत में छायादार पेड़ हों तो हर चरम मौसम में ये फसल के लिए राहत की निशानी होते हैं। यह कड़वा सच है कि जमीन उपयोग के विस्तार से खेत तो कम होंगे ही, लेकिन पेड़ों का कम होना मानवीय अस्तित्व पर बड़े संकट का आमंत्रण हैं। आज समय की मांग है कि खेतों के आसपास सामुदायिक वानिकी को विकसित किया जाए, जिससे जमीन की उर्वरा, धरती की कोख का पानी और हरियाली का सारा बना रहे।

प्रसंगवश

साहित्य में पर्यावरण चिंतन

पर्यावरण विमर्श आधुनिक जीवन में महत्वपूर्ण और चर्चित विषय है। पर्यावरण संरक्षण, प्राकृतिक सौंदर्य, वन्य जीवन, जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण से संबंधित कहानियां और गीतों का विवेचन भी साहित्य में एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मनुष्य ने अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए आरंभ में प्रकृति को समझने, उसे नियंत्रित करने में और अनुकूल बनाने की कोशिश की। मनुष्य प्रकृति की देखी-अनदेखी शक्तियों से डरा और उसे प्रसन्न करने के लिए उसकी वंदना में ऋचाएं और गीत भी लिख डाले। दुर्दम्य प्रकृति को उसने उस मात्रा में अपने अनुकूल बना लिया जितना कि उसके जीवन रक्षा के लिए आवश्यक था। वेदों की ऋचाएं हो या आदि कवि की वाणी सब में प्रकृति और मनुष्य का सहज संबंध व्यक्त किया गया है। रामायण, महाभारत, कालिदास संस्कृत साहित्य की अन्य महाकाव्यात्मक कलेवर वाली रचनाओं में प्रकृति और मनुष्य का सहज संबंध प्रदर्शित होता नजर आ रहा है। इन्हीं महाकाव्यात्मक कथानकों को आधार बनाकर आधुनिक काल में लिखी गई रचनाओं में जनजीवन और प्रकृति का बदला हुआ संबंध साफ दिखाई देता है।

प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

आदिकालीन वीर काव्यात्मक रचनाओं में प्रकृति का वर्णन वीर काव्य की पृष्ठभूमि के अनुरूप हुआ है। साथ ही एक दूसरा बड़ा क्षेत्र जीवन की क्षणभंगुरता को दिखाने के लिए प्रकृति को उपदेश की तरह पेश करना है-कबीर आदि भक्त कवियों में यह बखूबी देखा जा सकता है जैसे "माली आवत देखकर कलियां करें पुकार फूली फूली सब चुन लियो काल्ह हमारी बार"।

इसी तरह गर्मी के मौसम की निकटता को प्रकट करने के लिए बिहारी ने लिखा है- "कहलाने एके बसत अहि मयूर, मृग बाध जगत तपोवन सो कियो दीरघ दाघ निदाघ"।

प्रकृति के साथ तालमेल और उत्प्रेरणा का शानदार उदाहरण आधुनिक काल के हिंदी साहित्य का छायावादी काव्य है। यहां प्रकृति सिर्फ लुभाती नहीं है। वह प्रसन्नता तथा सुख-दुख की साथी भर नहीं है। वह प्रेरणा है, बंधन से मुक्ति की। 1930 का भारत जिसमें औपनिवेशिक गुलामी के बंधन में छटपटाता भारत है वही प्रकृति की उन्मुक्तता, बंधनहीनता, आत्मीयता, निराशा पूर्ण वातावरण में आशा और प्रफुल्लता का संचार करती है। मनुष्य को अपने बंधनों से मुक्त होकर स्वतंत्र भाव से जीने की प्रेरणा भी रचनाकारों को प्रकृति से मिली।

प्रकृति का मानवीकरण छायावाद की एक अद्भुत संवृति थी, जो छायावाद में घटित हुई महादेवी वर्मा ने इस विचार को अपने साहित्य में स्थान दिया और नामवर सिंह ने छायावाद शीर्षक से अपनी आलोचना पुस्तक में इसे स्थापित किया। कामायनी (जयशंकर प्रसाद) की चिन्ता प्रकृति और मनुष्य समाज के बीच का बढ़ता असंतुलन है। इसका कारण प्रसाद ने आधुनिक पूंजीवादी सभ्यता के लालच को ठहराया है। प्रसंगवश कहा जाए कि वर्तमान में असीमित पूंजीवादी लालच का दूसरा नाम विकास है। प्रकृति के साथ तालमेल और उत्प्रेरणा का शानदार उदाहरण आधुनिक काल के हिंदी साहित्य का छायावादी काव्य है। प्रकृति का मानवीकरण छायावाद की एक अद्भुत संवृति थी, जो छायावाद में घटित हुई। महादेवी वर्मा ने इस विचार को अपने साहित्य में स्थान दिया और नामवर सिंह ने छायावाद शीर्षक से अपनी आलोचना पुस्तक में इसे स्थापित किया। कामायनी (जयशंकर प्रसाद) की चिन्ता प्रकृति और मनुष्य समाज के बीच का बढ़ता असंतुलन है।

इसका कारण प्रसाद ने आधुनिक पूंजीवादी सभ्यता के लालच को ठहराया है। जीने के लिए जरूरी चीजों से ज्यादा प्रकृति के पास है लेकिन मनुष्य के लालच और मुनाफे के लिए नहीं। लालच से असंतुलित होकर प्रकृति क्रुद्ध रूप धारण करती है और फिर सब कुछ नष्ट हो जाता है। प्रसंगवश कहा जाए कि वर्तमान में असीमित पूंजीवादी लालच का दूसरा नाम विकास है इस कारण हम आज पर्यावरण संतुलन की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। छायावाद के महत्वपूर्ण कवि सुमित्रानंदन पंत प्रकृति के सुकुमार कवि कहलाए तो सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने स्वयं को बसंत का अग्रदूत कहा। नागार्जुन की रचना-वरुण के बेटे, सर्वेश्वर की-कुआनो नदी, सर्वेश्वर दयाल सक्सेना की-भेड़िया, नासिरा शर्मा की-कुइयांजान, काशीनाथ सिंह का-जंगल जातकम, रत्नेश्वर कुमार सिंह की-एक लड़की पानी पानी पर्यावरण के संदर्भ में लिखी गई है। पर्यावरण की समस्या अंतर्राष्ट्रीय समस्या है इस समस्या पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन भी होते रहते हैं। आज धरातल पर इस दिशा में ठोस कार्य किया जाना बाकी है।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता : अर्थ और प्रयोजन

भारतीय संविधान में स्वतंत्रता का अधिकार मूल अधिकारों में शामिल किया गया है, जिसमे भारतीय नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सहित छह प्रकार की स्वतंत्रता दी गई हैं। संविधानविदों ने कदाचित सोचा होगा कि लोकतांत्रिक पद्धति में विभिन्न राजनैतिक विचारों का प्रादुर्भाव होगा। अतः यह आवश्यक है कि नागरिकों के सोच विचार का स्वागत होना चाहिए जिससे रचनात्मक प्रवृत्ति को बल मिले।

लोकतांत्रिक समाज के लोकतांत्रिक पद्धति के विकास के लिए विचारों का खंडन मंडान, तर्क-वितर्क, आरोप-प्रत्यारोप नकारा नहीं जा सकता परन्तु इसके साथ साथ यह भी अपेक्षित है कि यह सब मर्यादित तरीके से होना चाहिए, संयत भाषा में, सौम्यनसता के साथ, सैद्धांतिक सच को मुखरित करते हुए। प्रयोजन होना चाहिए अपने विचारों के माध्यम से व्यापक हित में रचनात्मक तत्वों को प्रतिस्थापित करना।

आजादी के पूर्व से ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के एक सबल पक्ष के रूप में पत्रकारिता को अनौपचारिक रूप से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में समाज में महत्व मिला जिसका एक गौरवपूर्ण इतिहास और परंपरा रहा है। उम्मीद जगी की पत्रकारिता लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में व्यक्ति, समाज, और विचार के अभिव्यक्ति का प्रमुख कारक बनते हुए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का रक्षक बनेगा। समय की बात है तमाम अन्य मूल्यों के ह्रास के साथ साथ ही पत्रकारिता भी ह्रास के प्रभाव से मुक्त नहीं रह सका। इसका भी जितना राजनीतिकरण, बाजारीकरण हुआ, उतना लोकीकरण नहीं हो पाया।

पत्रकारिता अब जो प्रमुख रूप से मीडिया और सोशल मिडिया के रूप में स्थापित हो गया है। इस इलेक्ट्रानिक युग में, आज सर्वाधिक लांछित किया जा रहा है। इस लांछन से कि यही सबसे अधिक अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का दुरूपयोग कर रहा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर समस्यायों को गंभीर बनाने का प्रयास किया जाता है, समाधानों को भटकाया जाता है, अतिवाद को प्रोत्साहित किया जाता है, सत्य और सार्थक अभिव्यक्ति की उपेक्षा होती है, लोक को दिग्भ्रमित किया जाता है। यह बिडंबना ही है कि जिस पत्रकारिता पर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संरक्षण का उत्तरदायित्व रहा है, वही कटघरे में खड़ा किया जा रहा है।

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ और प्रयोजन है की वेदनाओं से आहत लोक को करुणा के भाव से समाधान मिले। क्रूर मजाकों का पर्दाफाश हो।

विगत कई वर्षों से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रश्न संविधानविदों, राजनीतिज्ञों तथा न्यायविदों के चिंतन का विषय रहा है। समय समय पर इसके अर्थ और प्रयोजन को भी विद्वजनों ने व्याख्यायित भी किया है। यह सच है कि किसी विचार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता वहीं तक हो सकती है जिससे किसी अन्य के अधिकार, स्वतंत्रता पर न तो प्रहार हो, न ही उसका हनन हो। सामान्य रूप से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अर्थ और प्रयोजन को परिभाषित किया जा सकता है कि सच्चाई और साहस के साथ कल्याणकारी विचारों को सुन्दरतापूर्वक देश के, समाज के समक्ष मुखरित करना। अभिव्यक्ति में न तो निरंकुशता होनी चाहिए न ही मनमानीपन, न ही कुंठा, न अतिवादिता। सत्य सबके लिए एक होता है। एक के लिए जो कल्याणकारी है वह दूसरों के लिए अकल्याणकारी क्यों कर है। सौंदर्यबोध संवेदना की चेतना पर निर्भर करता है। अभिव्यक्ति का आवश्यक कारक है -संवेदनशीलता,सौमनस्यता और समन्वय। स्वतंत्रता एक उत्कृष्ट मूल्य है इसे स्वच्छंदता और अराजकता न बनाया जाए।

आज के परिप्रेक्ष्य में, इस विपत्तिकाल में जब मानव अस्तित्व के संकट से गुजर रहा है। ऐसी स्थिति में मीडिया सोशल मीडिया पर संवेदनहीन अमर्यादित बहसें, वाट्सअप पर अतिवादी अनर्गल प्रसारण, अमानवीयता की पराकाष्ठा है जो संवेदनशीलता, सौमनस्यता, समन्वय पर ही क्रूर प्रहार कर रहे है-फिर क्या शेष बच पाएगा। विपत्ति का राजनीतिकरण सारी मर्यादायों का उल्लंघन करता जा रहा है। निरीह किंकर्तव्यविमूढ़ अन्यान्य वेदनाओं को झेलता लोक समझ नहीं पा रहा है कि उसके साथ कौन यह क्रूर मजाक कर रहा है। समय सब कुछ जानता है वह किसी को क्षमा नहीं करता।

ऐसी स्थिति में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ और प्रयोजन है की वेदनाओं से आहत लोक को करुणा के भाव से समाधान मिले। क्रूर मजाकों का पर्दाफाश हो। आसन्न संकट का संवेदनशीलता, सौमनस्यता, समन्वय के साथ सामर्थ्यवान हल ढूंढे।

सोशल फोरम

आत्ममंथन का समय

उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में भाजपा की दुर्गति का विश्लेषण चलता रहेगा। मगर तमाम दुरभिसंधियों, दुष्प्रचारों, टूल किटों और बाह्य हस्तक्षेपों के बावजूद एनडीए का राष्ट्रीय स्तर पर सबसे बड़ी गठबंधन की पार्टी के रुप में उभरना कोई कम उपलब्धि नहीं है। एक संकेत स्पष्ट देख रहा हूं कि इस बार वोट जिहाद का फतवा कामयाब हुआ है। इसलिए भाजपा को अभी और दृढ़ता के साथ अपने एजेंडे पर कायम रहना चाहिए। मोदी के नाम पर जिस तरह की आत्ममुग्धता, बेपरवाही भाजपा के पूरे कैडर में व्याप्त है उससे यथाशीघ्र उबरना होगा। उत्तर प्रदेश में प्रत्याशियों के चयन में घोर चूक की गई। स्थानीय नेतृत्व के बजाय जबर्दस्ती प्रत्याशी थोपे गए। अमित शाह द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री की उपेक्षा करके प्रत्याशी उतारे गए, ऐसी चर्चाएं आम जनता में व्याप्त है। कहीं कहीं दूसरे चर्चित और लोकप्रिय प्रत्याशियों को भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में जबरिया बैठा दिया गया। जनता को यह धौंसबाजी पसंद नहीं आई। इस सीमा तक जाने की जरुरत नहीं थी। दुष्परिणाम सामने है। जनता के मनोभावों और नब्ज को पकड़ने में उत्तर प्रदेश में भाजपा से चूक अवश्य हुई है।

डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

संविधान को मोदी बदल देंगे। पिछड़ी जातियों और दलितों का आरक्षण छीन लेगी जैसे अनर्गल प्रचारों की काट कर पाने में भाजपा कैडर पूरी तरह नाकाम रहा। तरह-तरह की गलतबयानियां होती रहीं, फिजां बदलती रही मगर भाजपा कैडर केवल मोदी का चेहरा देखता रहा। न तो होमवर्क किया और न ही ग्राऊंड वर्क। यह भी एक सपाट सत्य है कि भाजपा के साथ अति पिछड़ों और दलित का जो एक बड़ा सपोर्ट था वह उत्तर प्रदेश में उससे खिसक गया। सभी भाजपाई इसी खयाम खयाली में डूबे रहे कि मोदी हैं तो मुमकिन है। बाकी छुट्टे गोवंश से फसलों का नुकसान आदि मुद्दे प्रभावी रहे। बहरहाल जो हुआ सो हुआ। अभी केंद्र में और प्रदेश में भाजपा का शासन ही है। उसे अपनी भूलों से सबक लेकर समर्पित भाव से जनता जनार्दन की सेवा में अभी से जुट जाना चाहिए। 2027 का विधान सभा चुनाव अब लक्ष्य होना चाहिए।

-फेसबुक वॉल से

400 पार: अहंकार पर प्रहार

कुछ काम करने और अधिक भावनात्मक मुद्दे उभार कर, अतिशय प्रचार द्वारा अनिश्चित काल तक देश पर राज्य करने के नरेंद्र मोदी के सपने को ग्रहण लग गया है। उनकी अपनी पार्टी 240 के आसपास सिमट रही है। रही बात एनडीए गठबंधन की, तो राजनीति में कोई स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होता। कोई किसी से मिल सकता है। स्वार्थ सिद्ध होना चाहिए। पर्दे के पीछे की वार्ताओं के दौर शुरू हो गए हैं। ऊंट किस करवट बैठेगा, यह चंद रोज़ में साफ हो जाएगा, किंतु इतना तो स्पष्ट हो ही गया है कि भाजपा का नारा 'अबकी बार, चार सौ पार' ध्वस्त हो गया और मोदी-शाह का अहंकार चूर चूर। यह पार्टी भगवान और धर्म वाली मानी जाती थी। इन्हें यह जान लेना चाहिए था कि भगवान गर्व-प्रहारी हैं। समय समय पर उन्होंने अपने भक्तों के भी अहंकार चूर्ण किए हैं, दैत्यों की कौन कहे। नारद जी को जब अहंकार हुआ कि उन्होंने काम को जीत लिया और सब जगह गाते फिरे, तो शंकर जी ने उन्हें मना किया कि भगवान विष्णु को यह प्रसंग न सुनाना। वे नहीं माने और क्षीरसागर जाकर श्री हरि को अपनी अहंकार मूलक काम विजय कथा सुना ही डाली। बस फिर क्या था भगवान ने गर्व चूर्ण करने की ठान ली-

करुणानिधि मन दीख विचारी। उर अंकुरेउ गर्व तरु भारी/ बेगि सो मैं डारिहउँ उखारी।पन हमार सेवक हितकारी।। वही हुआ। दो तिहाई से ज्यादा बहुमत की कहीं आवश्यकता नहीं होती है। पार्टी ने अधिनायकवाद पनपाया। व्यक्ति पूजा शुरू हो गई। जनता से कहा गया 'समझो हर सीट से मोदी खड़े हैं'। मोदी को भगवान बताने की होड़ लग गई। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि 'पुरी के जगन्नाथ स्वामी भी मोदी के भक्त हैं'। एक कार्यक्रम में एक विशाल माला मोदी के गले में डाली जा रही थी, तो राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा ने भी अपना सिर उसमें डाल दिया। अमित शाह ने तुरंत इशारा किया और इन नेताओं को माला के बाहर सिर करना पड़ा। यह दंभ! पार्टी के एक से एक कद्दावर नेताओं को दूध की मक्खी की तरह तिरस्कृत किया गया। विपक्षी मुख्यमंत्री तक जेल में डाले गए। जिस पर मोदी की निगाह टेढ़ी हुई, उस के पीछे प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग और सीबीआई लगाए गए। लोकतंत्र दम तोड़ रहा था। नारा यहां तक दिया गया कि 'मोदी राम को लाए हैं'। अतः अब राम उन्हें लाएंगे'। यानी राम अपने ऊपर किए गए उपकार का बदला देंगे। इस सारे अहंकार को चूर्ण होना ही था। अच्छा हो कि भाजपा अपने संसदीय दल का नेता अब मोदी के अतिरिक्त किसी दूसरे को चुने और तब आगे बढ़े।

करुणानिधि मन दीख विचारी। उर अंकुरेउ गर्व तरु भारी/ बेगि सो मैं डारिहउँ उखारी।पन हमार सेवक हितकारी।। वही हुआ। दो तिहाई से ज्यादा बहुमत की कहीं आवश्यकता नहीं होती है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई केन्या से हिमालय में पहुंचे

यदि आप हिमालय क्षेत्र में रहते हैं तो इन दिनों और एक विशेष प्रकार की ड्रैगनफ्लाई हजारों लाखों की संख्या में अपने आस पास उड़ते हुए देख रहे होंगे। यह ड्रैगनफ्लाई इन दिनों अरबों खरबों और उससे भी अधिक संख्या में इन दिनों हिमालय क्षेत्र में प्रवास में आई हुई हैं। बटर फ्लाई शोध संस्थान के निदेशक पीटर स्मैटाचैक बताते हैं कि यह ड्रैगन फ्लाई अपनी चौथी पीढ़ी के रूप में इन दिनों हिमालय क्षेत्र में हैं। बताते हैं कि अभी यह ड्रैगनफ्लाई भारत में केन्या से आई है। अभी इसकी यह पीढ़ी भारत में अंडे देगी और मर जाएगी। अंडों से निकली ड्रैगन फ्लाई फिर केन्या वापस जाएगी। वहां वह पीढ़ी अंडे देगी और वह मर जाएगी। उन अंडों से निकले बच्चे केन्या से दक्षिण अफ्रिका जाएंगे। वहां अंडे देंगे और मर जाएंगे। वहां अंडों से निकले बच्चे केन्या का रूख करते हैं और वहां अंडे देंगे। वहां भी अंडे देने के बाद वह मर जाएगी और वहां अंडों से निकले बच्चे फिर भारत पहुंचेंगे। बताते हैं कि यह चार पीढ़ी में लगभग 25 हजार किमी का सफर तय करते हैं।

राकेश सनवाल
पत्रकार, भीमताल

अमूर फाल्कन से इस ड्रैगन फ्लाई का विशेष संबंधः अमूर फाल्कन बाज़ परिवार का एक छोटा शिकारी पक्षी है। यह दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीकी तटों में सर्दियों के लिए भारत और अरब सागर में बड़े झुंडों में प्रवास करने से पहले दक्षिण-पूर्वी साइबेरिया और उत्तरी चीन में प्रजनन करता है। पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक अमूर फाल्कन एक मात्र ऐसा मांसहारी पक्षी है जो कि माइग्रेट करते हुए समुद्र के बीच से भी गुजरती है और ऐसे में भी कभी यात्रा के दौरान नहीं उतरती है। बताते हैं कि अमूर फाल्कन ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई के साथ उड़ान भरती है और रास्ते में इनको खाती है और इसलिए रास्ते भर उसको भोजन मिलता रहता है। बाकी माइग्रेट पक्षी समुद्र के किनारे किनारे माइग्रेट करती हैं।

ग्लोब स्किमर ड्रैगनफ्लाई



दक्षिण भारत में पाई जाने वाली ड्रैगन फ्लाई भी इसी प्रजाति की ड्रैगनफ्लाई है। दक्षिण भारत की यह ड्रैगन फ्लाई माइग्रेट नहीं करती है।

पीटर स्मैटाचैक
निदेशक, बटर फ्लाई शोध संस्थान

जीत दर्ज कर जियाउर्रहमान ने संभाली दादा की राजनीतिक विरासत

डा. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल के बाद अखिलेश यादव ने जियाउर्रहमान बर्क को बनाया था प्रत्याशी

भीष्म सिंह देवल, संभल

अमृत विचार : पांच दशक तक अपनी राजनीतिक बादशाहत कायम रखने वाले डा. शफीकुर्रहमान बर्क ने अपने जीवन काल में पौत्र जियाउर्रहमान बर्क को विधायक बनाकर विधानसभा भेजा तो अब उनके इंतकाल के बाद जियाउर्रहमान बर्क ने लोकसभा चुनाव में संभल सीट पर शानदार जीत हासिल कर दादा की राजनीतिक विरासत संभाल ली है। सपा के जियाउर्रहमान बर्क ने 121494 मतों के अंतर से जीत हासिल कर भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी को करारी शिकस्त दी है। जियाउर्रहमान बर्क की जीत से संभल में भविष्य की राजनीति की दिशा तय हो गई है।

लोकसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने डा. शफीकुर्रहमान बर्क को संभल सीट से पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया था लेकिन चुनाव से ठीक पहले 27 फरवरी को बीमारी के चलते डा. बर्क का इंतकाल हो गया। डा. बर्क के इंतकाल के बाद कई पार्टी नेताओं ने टिकट के लिए दावा ठोंका लेकिन अखिलेश यादव ने जियाउर्रहमान बर्क को संभल लोकसभा सीट से सपा का उम्मीदवार घोषित किया। जियाउर्रहमान बर्क दादा के नाम के सहारे ही चुनाव मैदान में उतरे थे। दादा की सीट पर काबिज होने के लिए जियाउर्रहमान बर्क ने चुनाव में पूरा दम लगाया था। यहां तक की वह पुराने विरोधी सपा विधायक इकबाल महमूद के घर भी पहुंच गये थे। मतदान के बाद से ही माना जा रहा था कि जियाउर्रहमान बर्क जीत हासिल कर लेंगे। यह जीत इतनी बड़ी होगी यह उम्मीद किसी को नहीं थी। जियाउर्रहमान बर्क को 5 लाख 71 हजार 161 वोट मिले हैं जबकि भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी 4 लाख 49 हजार 667 वोट पर सिमट गये। इस तरह जियाउर्रहमान बर्क ने 1 लाख 21 हजार 494 वोट के अंतर से जीत हासिल की। बसपा के सौलत अली 1 लाख 52 हजार 460 वोट पर सिमट गये।

जियाउर्रहमान को जीत का प्रमाणपत्र देते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

मतगणना स्थल से जाते भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी। ● अमृत विचार

संभल लोकसभा का चुनाव परिणाम

जिया उर रहमान बर्क	5,71,161
परमेश्वरलाल सैनी	4,49,667
चौधरी सौलत अली	1,62,460
जयगुमल इस्लाम	1942
पवन कुमार	637
डॉ रशीद	1060
संतोष कुमार	1204
अनुज वार्ष्णेय	1677
तौफीक अहमद	723
महेंद्र सिंह	1294
मोहम्मद वसीम	2077
वसीम	3864
नोटा	7217
खारिज मत	309

एक नजर

मेरी कामयाबी देखने के लिए दादा नहीं: जिया

संभल, अमृत विचार : संभल लोकसभा सीट पर जीत के बाद सपा प्रत्याशी जियाउर्रहमान बर्क ने कहा कि उन्हें जीत की खुशी है लेकिन यह अफसोस भी है कि उनकी यह कामयाबी देखने के लिए आज उनके दादा डा. शफीकुर्रहमान बर्क मौजूद नहीं हैं। वह जनता को इस बात का यकीन दिलाते हैं कि दादा के नक्शे कदम पर चलकर उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। जियाउर्रहमान ने कहा कि उन्होंने बेहद सादगी और शांति के साथ चुनाव लड़ा। जनता ने उन्हें सर आंखों पर बैठाकर शानदार जीत दिलाने का काम किया। प्रदेश में बाकी सीटों पर भी समाजवादी पार्टी ने जहां शानदार जीत हासिल की है वहीं देश में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन बढ़िया रहा है।

परिणाम स्वीकार, हार की करेंगे समीक्षा: परमेश्वर

संभल, अमृत विचार : संभल लोकसभा सभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी ने चुनाव में हार से मायूस हैं। परमेश्वर लाल सैनी का कहना है कि चुनाव में पूरी मेहनत की लेकिन कहां चूक हुई इसे समझने का प्रयास किया जायेगा। पार्टी संगठन स्तर से भी चुनाव परिणाम की समीक्षा की जायेगी और वह स्वयं भी हार के कारणों का पता लगाने का प्रयास करेंगे। परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि जनता का आदेश उन्हें स्वीकार है।

पहले चमके भाजपाइयों के चेहरे तो फिर हुए मायूस

गुन्नौर, अमृत विचार : बदायूं सीट के लिए मतों की गिनती सुबह आठ बजे शुरू हुई। पहले चक्र के परिणाम सुबह साढ़े नौ बजे आए तो भाजपा खेमे में उत्साह छा गया। पहले चक्र में भाजपा ने 679 मतों से सपा को पीछे छोड़ा लेकिन दूसरे चक्र में सपा ने 1959 मतों से बढ़त बनाई लेकिन तीसरे चक्र से भाजपा ने बढ़त बनाई। फिर छठे चक्र तक सपा को आगे नहीं बढ़ने दिया। छह चक्र तक 2,21,751 मतों की गिनती हुई। जिसमें 18655 मतों से भाजपा ने बढ़त बनाई। तब तक भाजपा समर्थकों को दुर्विजय सिंह की जीत का भरोसा था लेकिन आखिर में बाजी पलट गई और सपा के आदित्य यादव बदायूं के सांसद निर्वाचित हो गये।

परिणाम

- जियाउर्रहमान ने 121494 मतों के अंतर से जीत हासिल कर भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी को हराया

पिछले चुनाव के बराबर भी वोट नहीं ले पाये भाजपा प्रत्याशी

संभल। भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी 2019 के लोकसभा चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे थे। उस समय उनका मुकाबला डा. शफीकुर्रहमान बर्क से हुआ था। परमेश्वर लाल सैनी इस बार 2019 के चुनाव में मिले मतों के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच पाये। 2019 में उन्हें 4 लाख 83 हजार 180 वोट मिले थे जबकि इस बार 4 लाख 49 हजार 667 वोट मिले।

सपा के जियाउर्रहमान शुरू से बनाए रहे बढ़त

गौरव वर्मा, संभल

- पहले ही राउंड से सपा प्रत्याशी रहे आगे, बीच में भाजपा के प्रत्याशी कुछ हजार वोटों से हुए आगे
- अगले चक्रों के नतीजे आए तो फिर नहीं रुके जियाउर्रहमान

अमृत विचार : संभल लोकसभा सीट से सपा के जियाउर्रहमान बर्क ने शुरूआत से ही ऐसी बढ़त बनाई कि भाजपा के गढ़ों में पड़े वोटों की गिनती संपन्न के बावजूद वह टूट नहीं सकी। आलम यह रहा कि सपा के जियाउर्रहमान बर्क द्वारा हजारों के बाद एक लाख से ज्यादा वोटों से आगे चलने पर भाजपाइयों के चेहरों की रंगत उड़ने लगी और मायूसी का माहौल बनता गया।

बहजोई के यूपी स्टेट वेयर हाउस में मंगलवार को सुबह 8 बजे से कड़ी सुरक्षा एवं निगरानी के बीच मतगणना शुरू हुई। यहां सपा और भाजपा प्रत्याशियों के अलावा उनके एजेंट भी रहे जबकि तमाम कार्यकर्ता और समर्थक बाहर से नतीजों पर निगाहें जमाए रहे। पहले राउंड में सपा के जियाउर्रहमान बर्क को 18984, भाजपा के परमेश्वर लाल सैनी को 13995 और बसपा के सौलत अली को 8826 वोट मिले। इस तरह जियाउर्रहमान 4989 वोटों से आगे हो गए। दूसरे राउंड में जियाउर्रहमान बर्क 38985 मतों पर पहुंचे तो परमेश्वर लाल सैनी 28335 वोटों पर आए। सौलत अली ने 15947 मत प्राप्त किए। अब तक जियाउर्रहमान बर्क 10650 वोटों की लीड ले चुके थे। तीसरे राउंड में जियाउर्रहमान बर्क 56029, परमेश्वर लाल सैनी 47623, सौलत अली 22357 वोटों पर रहे। जियाउर्रहमान बर्क 8406 वोटों से आगे रहे। चौथे राउंड में जियाउर्रहमान बर्क 71849, परमेश्वर लाल सैनी 64429 और सौलत अली 28937 वोटों पर आए। अब तक जियाउर्रहमान बर्क 7420 वोटों से लीड पर रहे। पांचवें राउंड में जियाउर्रहमान बर्क 93693, परमेश्वर लाल सैनी 79060, सौलत अली 35157 मत, छठे राउंड में जियाउर्रहमान बर्क 111676, परमेश्वर लाल सैनी 95244, सौलत अली 39888 मतों पर रहे। सातवें राउंड में जियाउर्रहमान बर्क 138156, परमेश्वर लाल सैनी 135507 और सौलत अली 54196 मतों पर रहे। अब तक जियाउर्रहमान बर्क 2649 वोटों से बढ़त बनाए रहे। इसके बाद परमेश्वर लाल सैनी करीब ढाई हजार वोटों से आगे हुए तो भाजपाइयों में कुछ उत्साह बढ़ा लेकिन अगले राउंड के नतीजे सामने आए तो फिर से जियाउर्रहमान बर्क ने वोटों की बड़ी बढ़त बनानी शुरू कर दी। ऐसे में भाजपाइयों में मायूसी का माहौल बनता गया और चेहरे फीके पड़ने लगे।

अंतिम चक्र तक जियाउर्रहमान बर्क को 570745 वोट मिले तो परमेश्वर लाल सैनी 448983 वोटों पर रहे जबकि बसपा के सौलत अली 152317 वोट पर आए। इस तरह जियाउर्रहमान बर्क 121762 वोटों से बड़ी बढ़त बनाए हुए थे।

गुन्नौर में सपा प्रत्याशी आदित्य यादव की जीत पर खुशी मनाते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

बदायूं से आदित्य यादव की जीत पर झूमे सपाई

बबराला, अमृत विचार : बदायूं लोकसभा सीट आदित्य यादव की जीत की खबर मिलते ही सपाइयों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। राजघाट रोड पर शरद यादव के आवास पर सपाइयों की भीड़ जुट गई। सपाइयों ने जीत का जश्न मनाया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव, सुमित यादव, देवेंद्र सिंह, पंडित कुलदीप गौतम, प्रद्युमन शर्मा, अनूप यादव, बबलू यादव, सत्यप्रकाश, नीतीश यादव, वीर सिंह यादव, बृजेश यादव, निखिल गोयल, राजा यादव, प्रयांशु यादव, मनोज यादव, अनिल यादव आदि मौजूद रहे। वहीं सपा जिला सचिव विभोर अग्रवाल ने इंदिरा चौराहे पर राहगीरों का मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार किया।

बदायूं सीट हारने से मायूस हुए भाजपा कार्यकर्ता

बबराला, अमृत विचार : एग्जिट पोल से उत्साहित भाजपा समर्थकों ने मंगलवार को हिंदू साम्राज्य दिवस धूमधाम से मनाने की योजना बनाई थी लेकिन मतगणना में पार्टी को नुकसान और बदायूं सीट पर पार्टी प्रत्याशी की हार की खबर से कार्यकर्ता मायूस हो गए। साम्राज्य दिवस मनाने की औपचारिकता निभाई गई। आयोजित हुए कार्यक्रम में हिंदू समाज को संगठित करने का संकल्प लिया गया। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने भाजपा समर्थकों से भारत के सोए मन और आत्मा को जगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज ने हिंदवी साम्राज्य की स्थापना की थी। उन्होंने विदेशियों के अहंकार को चकनाचूर किया था। हिंदू समाज में स्वाभिमान का भाव भरा था। भाजपा नेता प्रशांत वार्ष्णेय ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। हार जीत का दौर चलता रहता है। कार्यकर्ताओं को अपना जोश कम नहीं होने देना है। इस दौरान अरविंद कुमार, अनिल गुप्ता, कल्पित गोयल, विजेंद्र पाठक, आकाश मेडिकल, डिंपल वार्ष्णेय, नितिन आइडिया, अभय टेस्टी, राम अवतार, निशांत गुप्ता आदि रहे।

नोटा से भी कम वोट मिले मैदान में उतरे नौ निर्दलीय प्रत्याशियों को

सुनील कुमार, बहजोई

नापसंद

- इन प्रत्याशियों को नहीं दी तवज्जो नोटा को मिले 7171 वोट
- चुनावी मैदान में उतरे 9 प्रत्याशियों की होगी जमानत जब्त

अमृत विचार : संभल लोकसभा सीट पर चुनावी मैदान में कुल 12 प्रत्याशी उतरे थे। इन प्रत्याशियों में से किसी एक को अपना सांसद चुनने के लिए जनता ने अपना वोट डाला था। मतदाताओं ने प्रमुख पार्टियों सपा, बसपा व भाजपा को ही प्रमुख रूप से वोट दिया। इनके अलावा चुनावी मैदान में उतरे 9 निर्दलीय प्रत्याशियों को जनता ने तवज्जो नहीं दी। इन 9 प्रत्याशियों को नोटा से भी कम वोट मिले।

संभल लोकसभा के लिए चुनावी मैदान में 12 प्रत्याशी उतारे थे। जिसमें सपा, भाजपा के बीच ही मुकाबला नजर आया। बसपा प्रत्याशी भी इसमें बहुत पीछे रह गये। चुनावी मैदान में उतरे इन तीन के अलावा 9 प्रत्याशियों को तो इतने भी वोट नहीं मिल पाए जितने कि नोटा को मिले। निर्दलीय प्रत्याशी में जयगमुल इस्लाम 1935 वोट मिले तो पवन कुमार को 634, डॉ. रशीद को 1053 तो संतोष को 1196 वोट मिले। अनुज वार्ष्णेय को 1669 वोट मिले। तौफीक अहमद को 717 वोट मिले। महेंद्र सिंह को 1289 तो मोहम्मद वसीम को 2072 वोट मिले। यह 9 प्रत्याशी नोटा से भी कम रह गए। नो पर 7171 मतदाताओं ने बटन दबाकर सभी उम्मीदवारों को नकारा। चुनावी मैदान में 9 प्रत्याशी अपनी जमानत भी नहीं बचा पाये। वह नोटा से भी हार गए। अन्य प्रत्याशियों से तो जीतने की बात दूर थी।

प्रत्याशी	मिले वोट
जयगमुल इस्लाम	1935
पवन कुमार	634
डा. राशिद	1053
संतोष	1196
अनुज वार्ष्णेय	1669
तौफिक अहमद	717
महेंद्र सिंह	1289
मो. वसीम	2072
वसीम	3849
नोटा	7171

घरों में लोग देखते रहे चुनाव परिणाम, बाजारों में पसरा रहा सन्नाटा

बहजोई, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर नागरिकों में इतना उत्साह था कि वह घर अपने घरों पर टीवी पर रिजल्ट देखने को लगे रहे। तो वहीं पुलिस की सख्ती भी ऐसी रही कि लोगों ने अपने घरों से निकलना मुनासिब नहीं समझा।

लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर सुबह से ही पुलिस ने बाजारों में तथा मुरादाबाद आगरा हाईवे मतगणना स्थल पर पुलिस ने इतनी सख्ती करी कि लोगों को वहां रुकने नहीं दिया। लाठी डंडे फटकार कर उन्हें मुरादाबाद आगरा हाईवे से हटा दिया। जिसके कारण मुरादाबाद आगरा हाईवे पर सन्नाटा बदल गया। तो वहीं दूसरी ओर लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर लोगों में इतनी उत्सुकता थी कि वह अपने घरों पर ही कैद रहे और उन्होंने टीवी पर मतगणना का रिजल्ट देखा।

गर्मी ने सताया तो परेशान हुए पुलिस कर्मी

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : मतगणना को लेकर बहजोई में विभिन्न प्वाइंटों पर मंगलवार को सुबह से ही पुलिस कर्मी मुस्तैद हो गए। जैसे ही प्रचंड गर्मी ने सताया तो पुलिस कर्मी बेहाल होने लगे। किसी ने पेड़ की छांव में बैठकर तो किसी ने दीवारों की आड़ लेकर ड्यूटी पूरी की।

मंगलवार को सुबह ही बहजोई में मुख्य मार्गों और मतगणना स्थल पर पुलिस कर्मी ड्यूटी पर मुस्तैद नजर आए। शुरूआत से दो घंटे तो पुलिस कर्मियों को परेशानी महसूस नहीं हुई लेकिन जैसे-जैसे पारा चढ़ने लगा तो दिक्कतों बढ़ती गईं। पुलिस कर्मियों ने बार-बार पानी पीने के साथ ही ओआरएस का भी सेवन किया। वक्त बढ़ने पर प्रचंड गर्मी का माहौल बना तो पुलिस कर्मियों ने छांव वाले स्थानों का तलाशा। किसी ने पेड़ की छांव में बैठकर समय काटा तो किसी ने दीवारों की आड़ लेकर खड़े रहकर ड्यूटी की। उस वक्त मुख्य मार्गों से भी पुलिस कर्मी इधर-उधर हो गए। जगह-जगह लगी दुकानों पर बैठकर ड्यूटी की क्योंकि वहां तिरपाल और पालीथिन होने की वजह से छांव रही।

संभल में पैदल मार्च करते पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

- किसी ने पेड़ की छांव में तो किसी ने दीवारों की आड़ में बिताया समय

शांति व्यवस्था को सतर्क रही पुलिस, किया पैदल मार्च

संभल, अमृत विचार : संभल में शांति व्यवस्था के लिए पुलिस महकमा अलर्ट मोड पर रहा। पुलिस ने अर्धसैनिक बलों के साथ विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च किया। शांति व्यवस्था कायम रखते हुए लोगों को सुरक्षा का अहसास कराया। मतगणना के दौरान शहर से लेकर देहात तक शांति व्यवस्था के लिए पुलिस महकमे ने तैयारी की थी। मंगलवार को सुबह से ही बहजोई में मतगणना चली तो राउंड बार नतीजे सामने आते रहे तो पुलिस सतर्क होने लगी। शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने कई क्षेत्रों में कड़ी निगरानी शुरू कर दी। शाम को सीओ अनुज कुमार चौधरी की अगुवाई में अर्धसैनिक बल के जवानों और पुलिस कर्मियों ने पैदल मार्च किया। विभिन्न क्षेत्रों में पैदल मार्च करते हुए शांति व्यवस्था कायम रखी गई तो लोगों को सुरक्षा का अहसास भी कराया।

सुरक्षा ऐसी रही कि परिंदे भी नहीं मार सके पर

कार्यालय संवाददाता, बहजोई/ संभल

- मुख्य मार्ग पर वाहनों का आवागमन रहा प्रतिबंधित
- कई जगह बैरियर लगाकर पुलिसकर्मी रहे मुस्तैद

अमृत विचार : जिला प्रशासन ने मतगणना को शांतिपूर्वक और निष्पक्ष संपन्न कराने के लिए मंगलवार को कड़े सुरक्षा प्रबंध किए थे। बहजोई में मुख्य मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहा तो मतगणना स्थल और आसपास का क्षेत्र पूरी तरह छावनी बना रहा। सुरक्षा ऐसी कि परिंदा भी पर न मार सके। चिलचिलाती धूप के बीच पुलिस कर्मियों ने पूरी मुस्तैदी के साथ ड्यूटी की।

बहजोई के यूपी स्टेट वेयर हाउस में मतगणना को लेकर इंतजाम किए गए थे। जो खाका तैयार किया गया था उसी के मुताबिक सुरक्षा कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई। मंगलवार को सुबह से ही पुलिस कर्मी अपने-अपने ड्यूटी प्वाइंटों पर मुस्तैद हो गए। बहजोई में मुख्य मार्ग पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहा तो बाईपास से लेकर यूपी स्टेट वेयर हाउस तक चार जगह बैरियर लगाकर पुलिस मुस्तैद रही। जिन वाहनों को इस मार्ग पर जाने की अनुमति थी उन्हें भी मंडी समिति या फिर अन्य पार्किंग स्थलों पर खड़ा कराया गया। मतगणना स्थल पर भी कड़े सुरक्षा प्रबंध रहे। मुख्य गेट पर न सिर्फ पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे बल्कि पास धारकों को सघन तलाशी के बाद ही प्रवेश दिया गया। समय के साथ प्रचंड गर्मी का माहौल रहा लेकिन पुलिस कर्मी अपने ड्यूटी प्वाइंटों पर मुस्तैद रहे।

उत्सुकता कहां-कौन प्रत्याशी कितने वोटों से है आगे, एक दूसरे से भी जानकारी लेते रहे लोग

चुनाव परिणाम को लेकर टीवी पर टिकी रहीं निगाहें

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। लोग सुबह से ही घर व बाजारों में टीवी पर मतगणना पर राजनीति पार्टियों के प्रत्याशियों की जीत-हार को देखते नजर आए। अपना प्रत्याशी जीतने पर खुशी हुई तो प्रत्याशी हारने पर हताश होकर घर चले गए। यह सिलसिला शाम तक जारी रहा।

मंगलवार को लोकसभा चुनाव की मतगणना शुरू हुई। टीवी चैनल पर सुबह आठ बजे से ही राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों की स्थिति दिखानी शुरू कर दी। मतगणना के दौरान प्रत्याशियों की उतार-चढ़ाव की स्थिति काफी दिलचस्प बनी रही। घर पर लोग टीवी पर न्यूज चैनल देखते रहे। बाजारों में भी यही हाल नजर आया। आसपास के दुकानदार एक दुकान पर चुनाव परिणाम पर अपनी नजर जमाए रहे। दोपहर बाद जब परिणाम आने शुरू हुए, तो समर्थकों की दिल की धड़कने बढ़ने लगीं। जिसका प्रत्याशी आगे चल रहा तो संतुष्ट दिखाई दिया, जिनका प्रत्याशी पीछे चल रहा तो वह चिंतित नजर आए। शाम तक स्थिति स्पष्ट रुप से पूरी तरह साफ हो गई। इसके बाद जीतने के बाद प्रत्याशी के समर्थकों ने खुशी मनाई, जबकि हारने वाले प्रत्याशियों के समर्थक चुपचाप अपने घर चले गए।

चन्दौसी में टीवी पर मतगणना की जानकारी लेते लोग। ● अमृत विचार

नतीजे जानने को टीवी और मोबाइल से चिपके रहे

संभल, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव को लेकर हुई मतगणना के नतीजे देखने के लिए लोगों में उत्साह का माहौल नजर आया। सुबह से रात तक लोग टीवी और मोबाइल से चिपके रहे। नतीजों में जब चहेते प्रत्याशियों को बढ़त मिलती तो खुश होते और जब विपक्षी प्रत्याशी आगे बढ़ते तो मायूसी छा जाती। इस तरह का माहौल दिन में कई बार बना।

डीआईजी ने लिया सुरक्षा इंतजामों का जायजा

कार्यालय संवाददाता, संभल

अमृत विचार : डीआईजी मुनिराज जी ने भी बहजोई में मतगणना स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। डीआईजी घंटा भर यहां रुके और अधीनस्थों से जानकारी लेते हुए जरूरी निर्देश दिए। डीआईजी के लौटने पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

बहजोई में यूपी स्टेट वेयर हाउस पर वैसे तो सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे लेकिन जैसे ही अधिकारियों को सूचना मिली कि डीआईजी मुनिराज जी पहुंचने वाले हैं तो अलर्ट हो गए। आईपीएस एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने मतगणना स्थल में एंट्री वाले गेट पर पहुंचकर ड्यूटी पर तैनात दरोगाओं और सिपाहियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। डीआईजी मुनिराज जी जैसे ही मतगणना स्थल पर पहुंचे तो एसपी कुलदीप सिंह गुनावत ने उन्हें रिसीव किया और अंदर लेकर आए। डीआईजी ने सुरक्षा इंतजाम देखते हुए पहले एसपी से जानकारी की। फिर डीएम मनीष बंसल और प्रेक्षक अमित कुमार से भी मिले। डीआईजी करीब घंटा भर मतगणना स्थल पर रहे।

मतगणना स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते डीआईजी मुनीराज जी।

- डीआईजी मुनिराज जी पहुंचे तो अलर्ट हो गए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी

एक नजर

बुरावली के गांव तरौली में मिठाई बांटते लोग। ● अमृत विचार

कंवर सिंह तंवर की जीत पर मिठाई बांटी

बुरावली, अमृत विचार : अमरोहा से चौधरी कंवर सिंह तंवर की जीत की खुशी में रहरा थाना क्षेत्र के गांव तरौली में ग्राम प्रधान के पति व भाकियू शंकर के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद नागर के आवास मिठाई बांटी गई। इस मौके पर अमरीश नागर, अनुज नागर, सुमित नागर, सुनील अधना, कोसिंद्र फौजी, मनवीर सिंह, हरनंदन सिंह, सतीश नागर, देवेंद्र, जयपाल सिंह, ओमपाल गांधी, मुकेश नागर, महिपाल सिंह,अनुराग नागर, मिंटू, रामकुंवर, ब्रहम सिंह, कपिल, सोनू डीलर, जीतू विरपाल, भूदेव नागर रहे।

छावनी बना रहा मतगणना स्थल

अमरोहा, अमृत विचार : मंगलवार को मंडी समिति स्थित मतगणना स्थल पर पुलिस और अर्द्ध सैनिक बलों के जवान हथियारों से लैस मौजूद रहे। डीआईजी मुनिराज ने भी मतगणना स्थल पर पहुंचकर जायजा लिया। मतगणना के दौरान मंडी समिति रोड पर वाहनों को प्रवेश नहीं मिला तथा हर व्यक्ति की तलाशी लेने के बाद ही मतगणना स्थल पर प्रवेश मिला। एसपी कुंवर अनुपम सिंह भी लगातार मतगणना स्थल का जायजा लेते रहे। दोपहर के समय डीआईजी मुनिराज जी ने भी मतगणना स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

बाहर रही प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़

अमरोहा, अमृत विचार : मतगणना के दौरान मंडी समिति के बाहर सभी प्रत्याशियों के समर्थकों की भीड़ रही। सुबह मतगणना शुरू होते ही भाजपा व कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थक एकत्रित होना शुरू हो गए। दोपहर तक समर्थकों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रत्याशी की जीत के लिए समर्थकों में हल चल चलती रही। फोन व अन्य माध्यमों से लोग आंकड़े पूछते रहे। शाम के समय भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर की बढ़त देख समर्थकों व पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। इसके बाद कार्यकर्ता गेट संख्या दो पर पहुंच गए। भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर की जीत की घोषणा होते ही समर्थकों में खुशी लहर दौड़ गई। उन्होंने मतगणना स्थल पर पहुंच कर कंवर सिंह तंवर को जीत की बधाई दी।

चुनाव ड्यूटी में गईं 20 बसें लौटीं

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग के निर्देश पर अमरोहा डिपो से 30 रोडवेज की बसों को भेजा था। मतदान समपन्न होने के बाद अभी तक 20 रोडवेज की बसें वापस लौट आई हैं। क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक मोहम्मद शफी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा अमरोहा डिपो से 30 रोडवेज की बसों को मांगा गया था। निर्वाचन आयोग के आदेश पर रोडवेज की बसों को चुनाव में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि मतदान समाप्त होने के बाद रविवार को 20 रोडवेज की बसें लौट आई हैं। इससे यात्रियों को सुविधा होगी।

भाजपा के तंवर ने 28670 मतों से दानिश को हराया

कार्यकर्ताओं को दिया जीत का श्रेय, तीसरे स्थान पर रहे बसपा प्रत्याशी मुजाहिद हुसैन को 1,64,099 वोट मिले

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : अमरोहा लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी कुंवर दानिश अली को 28670 मतों से पराजित कर जीत हासिल की है। उन्होंने 4,76,506 वोट पाए, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली को 4,47,836 मत मिले। जबकि तीसरे स्थान पर रहे बसपा प्रत्याशी मुजाहिद हुसैन 1,64,099 मत ही हासिल कर पाए। जीत के बाद कंवर सिंह तंवर ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों का आभार जताया।

मंडी समिति में मंगलवार सुबह आठ बजे कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना शुरू हुई। इससे पहले सभी एजेंटों को चेकिंग के बाद ही मतगणना स्थल में प्रवेश मिला। किसी को भी मोबाइल ले जाने की इजाजत नहीं थी। मंडी समिति रोड पर कई जगह बैरियर लगाए गए थे। मंडी समिति के गेट नंबर एक पर अर्द्धसैनिक बल व भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा। सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई। सबसे पहले बैलेट पेपर की गिनती की गई। जिसमें पोस्टल बैलेट व ईटीपीबीएस में भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर को 1296 वोट मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली को 493 वोट व बसपा प्रत्याशी मुजाहिद हुसैन को 214 वोट मिले। इसके बाद सुबह 8:30 पर ईवीएम से गिनती शुरू हुई। आरओ व एआरओ की मौजूदगी में विधानसभावार हर टेबल पर ईवीएम खोली गईं। मतगणना में कोई गड़बड़ न हो सके इसको लेकर एजेंटों ने बारीकी से मतों की गणना पर नजर रखी। पहले राउंड से लेकर कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली बढ़त बनाए रहे। इसके बाद कुछ देर के लिए भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर आगे हुए लेकिन दोपहर चार बजे तक हुई मतगणना के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली ही आगे रहे। हसनपुर विधानसभा के 17 राउंड खुलने के बाद भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने धीरे धीरे बढ़त बनानी शुरू की। जिसके बाद लगातार कंवर सिंह तंवर अपने प्रतिद्विदी कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली से आगे रहे। भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने 28670 मतों से जीत दर्ज की है। उन्होंने 4,76,506 मत प्राप्त किए। जबकि कांग्रेस प्रत्याशी दानिश अली को 4,47,836 मत व बसपा प्रत्याशी मुजाहिद हुसैन को 1,64,099 मत मिले। भाजपा प्रत्याशी की जीत के बाद पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थक मंडी समिति में एकत्रित हो गए और जीत की खुशी मनाई। भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर ने कहा कि यह जीत कार्यकर्ताओं की है। उन्होंने भीषण गर्मी में चुनाव लड़ाया और जनता ने उन्हें वोट दिया।

कंवर सिंह तंवर को मिठाई खिलाते डॉ. हरि सिंह ढिल्लो, महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, राजपाल सैनी व अन्य।

हंगामे के दौरान भाजपा पदाधिकारियों को समझाते सीओ अरूण कुमार सिंह। ● अमृत विचार

- पहले राउंड से गठबंधन प्रत्याशी ने बनाई थी बढ़त
- 17वें राउंड के बाद भाजपा प्रत्याशी रहे आगे

मतगणना से पहले ईवीएम की सील खोलते कर्मचारी। ● अमृत विचार

प्रत्याशियों के एजेंटों को ईवीएम दिखाते मतगणनाकर्मी। ● अमृत विचार

किसको कितने मत मिले

प्रत्याशी	पार्टी	मत
कंवर सिंह	भाजपा	4,76,506
दानिश अली	कांग्रेस	4,47,836
मुजहिद हुसैन	बसपा	1,64,099
सुहैल हैदर	अभापपा	2504
कासिफ हुसैन	निर्दलीय	679
कुमदेश कुमार	निर्दलीय	635
कुशाग्र	निर्दलीय	858
जीपाल राणा	निर्दलीय	2556
दानिश	निर्दलीय	3617
नईमुद्दीन	निर्दलीय	1004
नरेंद्र सिंह	निर्दलीय	1779
सुरेश	निर्दलीय	2717

भाजपा-कांग्रेसियों में हुई बहस

मतगणना के दौरान अमरोहा विधानसभा के अंतिम राउंड में कांग्रेस प्रत्याशी ईवीएम की सील को चेक कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने सील खुली होने का आरोप लगाते हुए प्रेक्षक राहुल शर्मा से शिकायत की। प्रेक्षक राहुल शर्मा व जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी मौके पर पहुंच गए। कांग्रेस प्रत्याशी ने ईवीएम की सील चेक की। इस दौरान कुछ देर के लिए काउंटिंग रूक गई। काउंटिंग रुकने की सूचना पर भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर भी मौके पर पहुंच गए। इस दौरान भाजपा समर्थक व एजेंट मौक पर एकत्र हो गए और उन्होंने कांग्रेस प्रत्याशी को बाहर निकालने को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान दोनों पार्टियों के समर्थकों में जमकर बहस हुई। जिसके बाद प्रेक्षक राहुल शर्मा और जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने मामले को शांत कराया।

टीवी के आगे बैठे रहे लोग

गजरौला, अमृत विचार : लोकसभा चुनावों का नतीजा जानने के लिए दिन भर लोग टीवी और फोन से चिपके रहे। लोकसभा चुनाव की गिनती का सिलसिला मंगलवार की सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के बाद शुरू हो गया था। लोग जरूरी कामों के साथ-साथ टीवी और मोबाइल फोन पर भी नजर बनाए रहे। एक दूसरे को फोन करके भी आसपास की सीटों की भी जानकारी करते रहे। इस दौरान शहर के बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा।

5900 मतदाताओं की पसंद नहीं आए प्रत्याशी

अमरोहा, अमृत विचार : भाजपा उम्मीदवार ने कांग्रेस उम्मीदवार को हराकर जीत दर्ज की। चुनाव में 1104190 वोटरों ने अपने मत का प्रयोग किया, जिसमें भाजपा उम्मीदवार को 476506 वोट मिले। लेकिन वहीं वोटरों ने चुनाव लड़ रहे 12 उम्मीदवारों को पसंद नहीं किया और अपना मत नोटा को दिया। अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में 5900 वोटरों ने एक भी उम्मीदवार को पसंद नहीं किया।

5वें राउंड के बाद बसपा के एजेंटों ने छोड़ दिया था पंडाल

अमरोहा, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव की मतगणना के दौरान पहले राउंड से ही रुझान को देख बसपा प्रत्याशी डॉ. मुजाहिद हुसैन निराश हो गए। बसपा प्रत्याशी के एजेंटों ने तो पांचवें राउंड के बाद पंडाल छोड़ना शुरू कर दिया था। आखिरी राउंड में बसपा प्रत्याशी का समर्थक दूर तक दिखाई नहीं दिया। दोपहर तक बसपा के पंडाल में कुछ कार्यकर्ता तो दिखाई दिए लेकिन जैसे-जैसे रुझान आते गए, वैसे-वैसे कार्यकर्ता और समर्थक पंडाल छोड़कर जाने शुरू हो गए थे। जबकि चुनाव के दौरान बसपा प्रत्याशी ने प्रचार सबसे ज्यादा किया था। इससे बसपा कार्यकर्ताओं में मायूसी बढ़ती चली गई।

जांच में खारिज किए 316 पोस्टल बेलट

अमरोहा, अमृत विचार : मंडी समिति में मतगणना प्रारंभ होने पर सबसे पहले पोस्टल बैलट की गिनती की गई थी। जिसमें 316 बैलट को जांच में खारिज कर दिया। मंगलवार को मतगणना सुबह आठ बजे प्रारंभ हुई। मतगणना से पहले 918 मतदाताओं ने पोस्टल बैलट से किए मतदान की जांच की गई। जिसमें 316 बैलट्स को खारिज कर दिया गया। भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर को बैलट से 305 मत मिले, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को 185 मत मिले थे। बसपा के प्रत्याशी डॉ. मुजाहिद हुसैन को 99 मत मिले थे।

भाजपा नेताओं और पुलिसकर्मी में नोकझोंक

मतगणना के दौरान भाजपा नेता व ड्यूटी पर मौजूद दरोगा में नोकझोंक हो गई। दरअसल भाजपा नेता मतगणना स्थल पर जा रहे थे, इस दौरान ड्यूटी पर मौजूद दरोगा ने उन्हें रोक लिया। जिसके बाद भाजपा नेता का पारा चढ़ गया। जिसके बाद दोनों में नोकझोंक हो गई। जिसके बाद बीच बचाव कराने आए अन्य पुलिसकर्मी व संगठन के लोगों ने समझा बुझाकर मामला शांत कराया।

मंडी धनौरा में शर्बत का वितरण करते लोग।

मंडी धनौरा में भाजपा उम्मीदवार की जीत पर मिठाई बांटते लोग।

भाजपा की जीत पर मिठाई-शर्बत बांटा

संवाददाता, मंडी धनौरा

अमृत विचार : भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर की जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है। मंगलवार शाम जैसे ही भाजपा प्रत्याशी की जीत की घोषणा हुई, तो कार्यकर्ता झूमने लगे। कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को बधाई दी। कंवर सिंह तंवर की जीत पर भाजपा मंडल महामंत्री व सभासद जगत सिंह सैनी ने कार्यकर्ताओं संग मोहल्ला गांधीनगर में राहगीरों को शर्बत बांटा। पार्टी कार्यकर्ताओं ने सड़क पर गिरे गिलासों को भी हाथों हाथ डस्टबिन में एकत्र कर सड़क की सफाई की। इस अवसर पर जगत सिंह सैनी, डॉ. विजयपाल सैनी, नरेंद्र जाटव, डॉ. अनिल जैन, राहुल अग्रवाल, राजबाला चौधरी, जितेंद्र प्रजापति, राकेश सक्सेना, सनोज चौधरी, सरदार बब्बल सिंह सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के नगर अध्यक्ष श्याम गर्ग ने कंवर सिंह तंवर की जीत पर मिठाई बांटी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष श्याम गर्ग, धर्मेंद्र, अन्नू रस्तोगी, सतीश सैनी, डॉ. तेजा, हर्षित गर्ग, मोनू चौधरी, हरिओम सैनी, देवेंद्र सैनी सहित आदि मौजूद रहे।

गजरौला में एलईडी पर मतगणना देखते लोग। ● अमृत विचार

मतगणना स्थल पर जाने से पहले एजेंट की चेकिंग करते कर्मी। ● अमृत विचार

मतगणना स्थल पर सुरक्षा का जायजा लेते एएसपी राजीव कुमार सिंह।

मतगणना के दौरान बिजनौर रोड पर बंद रहीं दुकानें

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : मतगणना को लेकर प्रशासन ने बिजनौर रोड, टीपी नगर चौराहा और स्टेशन रोड पर यातायात को पूरी तरह से बंद रखना के आदेश जारी किए थे। यातायात के साथ खानपान की दुकानों के बंद होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार को मंडी समिति में लोकसभा चुनाव की मतगणना की गई। मतगणना के दौरान प्रशासन ने बिजनौर रोड पर यातायात को पूरी तरह से बंद रखने के आदेश दिए थे।

बिजनौर रोड पर खानपान की दुकानों के बंद होने से दूरदराज से आने वाले लोगों को पूरे दिन भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। दुकानों के न खुलने से दिनभर लोगों को भूखा रहना पड़ा। यहां तक की लोग पानी को भी तरह गए जबकि प्रशासन ने गुलरिया मार्ग को पूरी तरह से बंद कर रखा था। मतगणना के दौरान किसी को आने-जाने नहीं दिया गया। अटल चौक से ही बैरिकेडिंग लगा दिए गए और भारी पुलिस बल को तैनात कर दिया गया था।

ड्रोन से की गई निगरानी

मतगणना स्थल की ड्रोन कैमरे से निगरानी गई। सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न हो इसको लेकर एडीएम सुरेंद्र सिंह, एएसपी राजीव कुमार सिंह लगातार मतगणना स्थल पर भ्रमण पर रहे। उन्होंने ड्रोन कैमरे से मतगणना की निगरानी की। सुरक्षा में लगे कर्मचारियों को निर्देश दिए।

लोकसभा चुनाव
जनता का फैसला
अमृत विचार
13
मुरादाबाद, बुधवार, 5 जून 2024
www.amritvichar.com

बिजनौर-बागपत में रालोद के सांसद, 4 से 12 हो गईं सपा की सीटें, सहारनपुर से कांग्रेस व नगीना से आसपा जीती

पश्चिमी उप्र में भाजपा को बड़ा नुकसान, गंवानी पड़ीं 8 सीटें

अखिलेश शर्मा, अमृत विचार

● प्रथम से लेकर चौथे चरण तक हुआ था पश्चिमी उप्र की 29 सीटों पर मतदान

मुरादाबाद : लोकसभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है। पश्चिमी उप्र में 29 लोकसभा सीटें हैं। इनमें से 21 भाजपा के पास थीं। मंगलवार को घोषित हुए परिणाम के बाद भाजपा की आठ सीटें कम हुई हैं। हालांकि सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल के बिजनौर से चंदन चौहान और बागपत से डा. राजकुमार सांगवान चुनाव जीत गए हैं। फिर भी पिछली सीटों की भरपाई नहीं हो सकी है।

समाजवादी पार्टी के पास पश्चिमी उप्र में चार सीटें थीं जोकि इस चुनाव में आठ सीटें बढ़कर संख्या 12 हो गई है। इंडी गठबंधन के सहयोगी दल के रूप में कांग्रेस को भी सहारनपुर की एक सीट इमरान मसूद के जीतने से मिल गई है। वहीं नगीना सुरक्षित सीट को आजाद समाज पार्टी के नेता चंद्रशेखर ने जीत लिया है। नगीना सीट पर बसपा के गिरीश कुमार 2019 में सांसद चुने गए थे।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रथम से लेकर चौथे चरण तक मतदान हुआ। मथुरा से हेमा मालिनी और मेरठ से रामायण धारावाहिक में राम का अभिनय करने वाले अरुण गोविल मैदान में थे, इसलिए सभी की नजरें इन सीटों पर थी। दोनों ही अभिनेता चुनाव भी जीत गए। केंद्रीय गृहराज्य मंत्री अजय कुमार टेनी को खीरी में सपा के उत्कर्ष वर्मा ने हरा दिया तो मुजफ्फरनगर में संजीव बालियान को सपा के हरेंद्र सिंह मलिक ने हरा दिया। भारतीय जनता पार्टी शुरू से ही पश्चिम को लेकर रणनीति बना रही थी। टिकट वितरण के दौरान भी ऐसा देखने को मिला था। लेकिन एक साथ आठ सीटों का नुकसान भाजपा के रणनीतिकारों के लिए चिंता का विषय बन गया है।

इन सीटों पर हारी भाजपा

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आंवला (बरेली) लोकसभा सीट पर सपा के नीरज मौर्य ने भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप को हराया। फिरोजाबाद में डा. चंद्रसेन जादौन सांसद थे लेकिन भाजपा ने इस बार विश्वदीप सिंह को प्रत्याशी बनाया था। लेकिन सपा के अक्षय यादव ने विश्वदीप को शिकस्त दे दी। रामपुर में 2019 के चुनाव में आजम खां सांसद बने थे। लेकिन उन्होंने 2022 में जेल में रहते हुए विधान सभा चुनाव जीत लिया। लोकसभा सीट से इस्तीफा दे दिया था। उपचुनाव हुए तो भाजपा के घनश्याम सिंह लोधी चुनाव जीत गए। इस बार भी भाजपा ने घनश्याम को मैदान में उतारा था। सपा ने संसद भवन की मस्जिद के इमाम मौलाना मुहिब्बुल्लाह नदवी को प्रत्याशी बनाया था। आजम खां ने इनके विरोध की घोषणा की थी, लेकिन घनश्याम को हराकर मौलाना सांसद चुने गए हैं। एटा में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह राजू को सपा के देवेश शाक्य ने शिकस्त दे दी। कैराना में भाजपा के प्रदीप कुमार को सपा की इकरा चौधरी ने शिकस्त दी है। बदायूं में भाजपा ने सांसद संघ मित्रा मौर्य (पुत्री स्वामी प्रसाद मौर्य) का टिकट काटकर भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य को प्रत्याशी बनाया था। सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव ने भाजपा के दुर्विजय को शिकस्त दी है।

धरी रह गई मायावती की चुनावी रणनीति

लखनऊ, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी की चुनावी रणनीति धरी रह गई। बिना गठबंधन के अकेले चुनाव लड़ने का बसपा प्रमुख मायावती का फैसला कारगर साबित नहीं हुआ। पार्टी शून्य पर चली गई। 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में बसपा को 10 सीटें व सपा को पांच सीटें मिली थीं। चुनाव के बाद बसपा प्रमुख ने सपा से गठबंधन तोड़ लिया था। इस चुनाव में कांग्रेस ने इंडी गठबंधन में शामिल होने का न्योता था दिया था, पर बसपा ने गठबंधन में शामिल होने का फैसला नहीं लिया। बसपा ने प्रदेश की सभी 80 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, पर प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा।

जीत का भरोसा था



अमेठी सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा की जीत पर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा काफी उत्साहित नजर आईं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पार्टी प्रत्याशी के साथ पूर्व में खिंचाई कई फोटो साझा करते हुए कहा कि उन्हें कभी कोई शक नहीं था, शुरू से यकीन था कि किशोरी भइया जीतेंगे। उन्होंने प्रत्याशी व अमेठी के लोगों को हार्दिक बधाई दी। ● अमृत विचार

सोनिया ने जिसके लिए अपनी सीट छोड़ी वही जीता

रायबरेली, अमृत विचार : पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुत्रवधू व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की धर्मपत्नी सोनिया गांधी का राजनीतिक व्यक्तित्व करिश्माई रहा है। राजनीतिक जीवन में प्रवेश के बाद सोनिया गांधी ने सक्रिय राजनीति की शुरुआत अपनी पति की संसदीय सीट रायबरेली से शुरुआत की। वे लगातार दो बार वहां से सांसद चुनी गयीं। 2004 में उन्होंने राहुल गांधी को सक्रिय राजनीति में उतारने के लिए अपनी संसदीय सीट अमेठी से उन्हें चुनाव मैदान में उतारने का फैसला किया। राहुल गांधी 2004 से 2019 तक अमेठी से सांसद रहे। श्रीमती गांधी ने राहुल के लिए अमेठी सीट छोड़ने के बाद रायबरेली से चुनावी मैदान में उतरीं। यहां भी रायबरेलीवासियों ने श्रीमती गांधी का स्वागत किया। वे 2004 से 2024 तक यहां सांसद चुनी गईं। 2019 में जब राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हार गए तो श्रीमती गांधी ने पुनः राहुल गांधी के कैरियर को पटरी पर लाने के लिए अपनी रायबरेली की सीट छोड़कर राजस्थान से राज्यसभा के लिए चली गईं।

इतिहास में दूसरी बार सपा ने जीती फैजाबाद की सीट

1998 के लोस चुनाव में पहली बार सपा ने दर्ज कराई थी जीत

विवेक सक्सेना, अयोध्या

अमृत विचार : इतिहास में समाजवादी पार्टी ने दूसरी बार फैजाबाद की सीट पर जीत दर्ज कराई। अयोध्या वाली फैजाबाद सीट पर भाजपा अपने इतिहास में दूसरी हैट्रिक बनाने से चूक गई। अयोध्या में पहली बार लोकसभा का चुनाव सपा ने 1998 में जीता था। अयोध्या में मंदिर आंदोलन 80 के दशक में शुरू हुआ।

सन् 1984 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के निर्मल खत्री, 2004 के लोकसभा चुनाव में बसपा से मित्रसेन यादव सांसद चुने गए थे। सन् 2009 के चुनाव में कांग्रेस के निर्मल खत्री एक बार फिर सांसद चुने गए लेकिन इसके अलावा ज्यादातर चुनाव में सपा और भाजपा आमने सामने रही। वह चाहे लोकसभा का चुनाव रहा हो या फिर ज्यादातर विधानसभा चुनाव। समाजवादी पार्टी की स्थापना चार अक्टूबर 1992 को हुई थी। वह दौर मंदिर आंदोलन का था।

अवधेश प्रसाद (सपा)।

लल्लू सिंह (भाजपा)।

आंदोलन के एक ओर भाजपा थी तो सियासी तौर पर दूसरी ओर सपा। दोनों एक-दूसरे को कटघरे में खड़ा करते रहे। अयोध्या दोनों के बीच की धुरी थी। गठन के छह साल बाद सपा ने पहली बार सन् 1998 में इस सीट पर अपना झंडा बुलंद किया था। मित्रसेन यादव सांसद बने थे। इसके बाद चुनाव दर चुनाव संघर्ष सपा के स्थापना के 31 साल बाद एक बार फिर सपा ने अयोध्या वाली फैजाबाद संसदीय सीट पर कब्जा करके पूरे देश को बड़ा संदेश दिया। सपा के अवधेश प्रसाद ने दो बार से भाजपा के सांसद लल्लू सिंह को हरा दिया।

1991 में भाजपा को यहां पहली बार जीत मिली

भाजपा, अयोध्या की इस सीट पर हारी ही नहीं। एक और बड़ा झटका लगा। हार ने अतीत को दोहरा दिया। भाजपा की स्थापना छह अप्रैल 1980 को हुई थी। अयोध्या ने भाजपा को फर्श से अर्श तक पहुंचाया। प्रदेश से केंद्र तक की सत्ता में पहुंचाने का श्रेय अयोध्या को ही जाता है। वर्ष 80 से अब तक भाजपा ने पांच बार जीत दर्ज कराई। 1991 में भाजपा को यहां पहली बार जीत मिली। विनय कटियार यहां से सांसद बने। सन् 1996 के लोकसभा चुनाव में कटियार एक बार भी सांसद चुने गए लेकिन 1998 के लोकसभा चुनाव में वह चुनाव हार गए। इस बार के लोकसभा चुनाव में फिर इतिहास दोहराया गया। सन् 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज कराने वाले लल्लू सिंह चुनाव हार गए और भाजपा की हैट्रिक बनने से रह गई। सपा ने अपने इतिहास की दूसरी जीत दर्ज कराई।

सुलतानपुर के नतीजे ने सभी को चौंका दिया

सुलतानपुर, अमृत विचार: मंगलवार को सुलतानपुर लोकसभा चुनाव के आए नतीजों ने सभी का चौंका दिया। यहां सिटिंग सांसद भाजपा उम्मीदवार व कद्दावर नेता मेनका संजय गांधी को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रामभुआल निषाद ने 43,174 मतों से पराजित कर दिया। सपा को 4,44,330 तो भाजपा को 4,01,156 मत प्राप्त हो सके। तीसरे नंबर पर बसपा के उदराज वर्मा रहे। उन्हें 1,63,025 वोट मिले। इन तीन प्रमुख उम्मीदवारों के बाद चौथे पर नंबर पर नोटा रहा। 8,513 मतदाताओं को सभी नौ प्रत्याशी पसंद ही नहीं आए। मंगलवार को मंडी परिषद अमहट में पांचों विधानसभा के लिए अलग-अलग हाल में मतगणना शुरू हुई। सभी विधानसभा में मतगणना के लिए 14-14 टेबल लगाए गए थे। निर्धारित समय आठ बजे से मतों की गणना शुरू हुई। हालांकि, कार्मिक इसके दो घंटे पहले ही पहुंच गए थे।

मेनका गांधी का विजय रथ फिर रुका

अशोक शुक्ला, सुलतानपुर

● पहले चुनाव में अमेठी से अपने ज्येष्ठ राजीव गांधी से खाई थी शिकस्त

अमृत विचार: पर्यावरण प्रेमी व कद्दावर नेता मेनका संजय गांधी का विजय रथ एक बार फिर रुक गया। सियासी जीवन में यह उनकी तीसरी शिकस्त है। पहली बार उन्हें अपने ज्येष्ठ स्व. राजीव गांधी से शिकस्त का मुंह देखना पड़ा था, जबकि तीसरी बार वे मंगलवार को सपा के राम भुआल निषाद से चुनाव हार गईं। अब तक 11 चुनाव लड़ चुकीं मेनका गांधी कुल आठ बार सांसद निर्वाचित हो चुकी हैं।

मेनका गांधी देश की पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इन्दिरा गांधी की बहू और संजय गांधी की पत्नी है। एक आकस्मिक दुर्घटना में संजय गांधी के देहान्त के बाद वे सन 1982 में राजनीति में आयीं। उन्होंने अपना पहला चुनाव अमेठी संसदीय सीट से अपने ज्येष्ठ राजीव गांधी के खिलाफ निर्दलीय प्रत्याशी (संजय विचार मंच) के रूप में लड़ा और करारी हार का सामना करना पड़ा। 1988 में उन्होंने वीपी सिंह का जनता दल ज्वाइन किया और इसकी महासचिव बनीं। 1989 में मेनका ने पहली बार पीलीभीत से चुनाव जीता और पर्यावरण राज्यमंत्री बनीं। लेकिन उन्हें 1991 के संसदीय चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। 1996 में फिर पीलीभीत संसदीय सीट से जनता दल के प्रत्याशी के रूप कामयाब हुई। 1998, 1999, में भाजपा के समर्थन से वे निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पीलीभीत संसदीय सीट से कामयाब होकर संसद पहुंचने में सफल रही। मेनका संजय गांधी मंगलवार को आए नतीजों में हार गई। उन्हें गठबंधन से सपा उम्मीदवार राम भुआल निषाद ने शिकस्त दी। इस चुनाव में राम भुआल को 4,44,330 मत प्राप्त हुए, जबकि मेनका गांधी को 4,01,156 मतों से संतोष करना पड़ा। इस हिसाब से राम भुआल ने 43,174 मतों से चुनाव जीत लिया।

वायनाड के साथ-साथ रायबरेली से भी राहुल युग का आगाज

दिलीप सिंह, रायबरेली

अमृत विचार : जिले की राजनीति में राहुल युग का आगाज हो गया है। एक बार फिर रायबरेली ने इतिहास रचते हुए भारी मतों से जीत दिलाकर यह साबित कर दिया कि गांधी परिवार का रिश्ता आज भी पहले की ही तरह से बरकरार है।

विपक्ष के सारे दावों को दरकिनार करते हुए कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने एक तरफा जीत हासिल कर राजनीतिक पंडितों के सारे दावों को झुठला दिया है। देर शाम आए परिणाम में भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को तीन लाख 88 हजार 615 मतों से करारी शिकस्त मिली है। देश की सबसे हाट सीट में शुमार रायबरेली के चुनाव परिणाम पर सबकी निगाहें लगी हुई थी। भाजपा हर हाल में यहां पर जीत का परचम लहराना चाहती थी।

वहीं कांग्रेस किसी भी कीमत पर यह सीट नहीं हारना चाहती थी। यही वजह रही कि यहां पर अंतिम पलों में कांग्रेस ने राहुल गांधी को प्रत्याशी बना दिया। वहीं अमेठी से सांसद सोनिया गांधी के प्रतिनिधि रहे किशोरी लाल शर्मा को प्रत्याशी बनाकर भाजपा को चारों खाने चित कर दिया। इसके बाद भाई राहुल की जीत को सुनिश्चित कराने के लिए प्रियंका गांधी ने दिन रात एक करके साबित कर दिया कि उनका रायबरेली वासियों से गहरा नाता है। जिले के लोगों ने उन्हें हाथोंहाथ लिया। प्रचार के दौरान घंटों लोग इंतजार करते दिखाई दिए। यहां तक कि कुछ जगहों पर तो अंधेरे में मोबाइल की रोशनी के बीच उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद जब परिणाम आया तो एक नए युग का रायबरेली साक्षी बन गया। इतिहास बनाते हुए भारतीय राजनीति में रायबरेली से राहुल युग का आगाज हुआ है। राहुल युग का आगाज रायबरेली में आने के साथ ही उनकी पार्टी का भी सफलता का ग्राफ बढ़ने लगा। चुनावी परिणामों के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस लगभग एक दशक बाद शतक लगाने जा रही है। इसे राहुल गांधी के रायबरेली आगमन से जोड़कर भी देखा जा सकता है।

सोनिया की भावुक अपील से जीत की मुहर

चुनाव के दौरान सांसद सोनिया गांधी ने राज्यसभा से पर्चा दाखिल करने से पहले भावुक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने जिले के लोगों के प्रति आभार जताया। इसके बाद परिवार के किसी सदस्य को भेजने के संकेत भी दे दिए थे। वहीं जनसभा में उन्होंने बेटे राहुल गांधी को सौंपने की बात कही। यही वह पल रहा, जब लोगों के दिल में घर कर गई। कहीं ना कहीं यही से उन्होंने संभावित कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी की जीत की आधारशिला रख दी और अपनी एक मात्र चुनावी सभा में उन्होंने मैं अपना बेटा रायबरेलीवासियों को सौंपती हूं यह कहकर राहुल गांधी की जीत सुनिश्चित कर दी थी।

पुराने प्रदर्शन को नहीं दोहरा सके दिनेश

भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह इस बार पुराने प्रदर्शन तक को नहीं दोहरा सके। 2019 के चुनाव में उन्होंने सांसद सोनिया गांधी को कड़ी टक्कर दी थी। वहीं इस बार पूरी तरह चुनाव से बाहर ही रहे। शुरुआती दौर में लगा कि मुकाबला जोरदार होगा, लेकिन जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ा, वैसे-वैसे कांग्रेस मजबूत होती गई। मतदान का दिन आते-आते कांग्रेस ने अपनी स्थिति मजबूत बना ली।

वर्ग पहेली-91

बाएं से दाएं

1. 1. जो दिखाई न दिया हो 2. जो देखा न गया हो।
3. 1. पिशाच का, पिशाच संबंधी 2. क्रूरतापूर्ण, घोर।
5. जनता के सामने, खुले बाज़ार में, लोगों के सामने।
6. 1. पानी में रहने वाला 2. जिसमें पानी मिला हो।
7. 1. प्रकट करने वाला 2. जताने वाला 3. भेद खोलने वाला 4. समझाने-बुझाने वाला, कहने या सुनने वाला 5. डाँटने-डपटने वाला।

ऊपर से नीचे

1. अधिकमास।
2. रात्रि में विचरण करने वाला, रात में निकलने वाला।
4. 1. जिसका भरोसा न किया जा सके, बात का कच्चा 2. निष्ठाहीन, विचलनशील 3. कच्ची तली या पेंदी का 4. ओछा, ढुलमुल।



वर्ग पहेली -90 का हल

	1 उ	2 प	गि	रि	
3 खि		र			4 सों
5 ज़ रा	सी	म			टा
जी		6 पु	लि	या	
भू		रु			7 टे
मि		ष			नि
		8 पा	र	स	

सुडोकू-4

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	1		4					
4			8		2			
9		6	5			8	3	4
3		8			6			1
	9						2	
1		2				7		5
7	4	1			8	9		3
			1		5			8
					3		6	

सुडोकू -3 का हल

9	4	1	8	6	5	2	7	3
7	3	5	4	1	2	6	8	9
6	8	2	9	7	3	1	5	4
2	5	4	3	8	6	9	1	7
8	7	6	1	5	9	4	3	2
3	1	9	7	2	4	8	6	5
5	2	7	6	9	1	3	4	8
1	9	3	5	4	8	7	2	6
4	6	8	2	3	7	5	9	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 जून बुधवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्दशी 19 .54 तक तत्पश्चात अमावस्या।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 21.16 तक तत्पश्चात रोहिणी।

मेष आज परिवार को लेकर आप कुछ परेशान हो सकते हैं। आप छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा कर सकते हैं, इसका प्रभाव आपके दांपत्य जीवन पर भी पड़ सकता है। यदि नए घर के निर्माण आदि में लगे हुए हैं, तो उसमें कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

वृष आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। निर्णय लेने में जो आपको परेशानी हो रही थी, वह आज दूर होगी। कार्यक्षेत्र में आपका दबदबा बढ़ेगा। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी दूर होगी। विरोधियों के ऊपर आप भारी पड़ेंगे।

मिथुन आज आंखों में समस्या होने की संभावना है। आप किसी बात को लेकर विचलित हो सकते हैं। मन कभी प्रसन्न, तो कभी बहुत उदास हो सकता है। आज किसी पर बहुत ज्यादा विश्वास न करें। महत्वपूर्ण कार्यों से आपको बचना चाहिए।

कर्क आज कार्यक्षेत्र में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। विवाहादि कार्यों को लेकर समस्या दूर होगी। अपनी कार्यक्षमता को बढ़ा सकते हैं। सरकारी कार्यों को लेकर आपके मन में जो डर था, वह दूर होगा। उत्तम धन लाभ के योग बन रहे हैं। कड़वी भाषा का प्रयोग न करें।

सिंह आज होटल और रेस्टोरेन्ट से जुड़े व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा। अधिकारी वर्ग के लोग आपकी बातों को काफी महत्व देंगे। समाज सेवा में आपकी रुचि बढ़ सकती है। सेहत को लेकर लापरवाही न करें। अपनी कमियों में सुधार करने के लिए दिन बहुत अच्छा है।

कन्या आज आपसे प्रेम भाव रखने वाले लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। यात्राओं के लिए दिन अच्छा नहीं है। किसी भी डील को फाइनल करने से पहले, उसके विषय में बहुत अच्छी तरह से रीसर्च कर लें। परिवार में कलह का माहौल हो सकता है।

तुला आज आप कई गुप्त रहस्यों को समझने में रुचि लेंगे। विवेकपूर्ण निर्णय लेने में आपको कठिनाई होगी। गलत लोगों की संगत से दूर रहें। कुछ लोग आपको बहकाने का प्रयास करेंगे। अध्यात्मिक चर्चाओं के प्रति आपका लगाव बढ़ेगा।

वृश्चिक आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। व्यवसाय में आप काफी फोकस रहेंगे। दांपत्य जीवन कुछ कलहपूर्ण हो सकता है। जीवनसाथी को आपको विशेष समय देना चाहिए। क्रोध कम से कम करें। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

धनु आज आप अपने काम में कमी महसूस करेंगे। जिसको लेकर आपका मन असन्तुष्ट हो सकता है। शत्रुओं को लेकर आपको काफी सावधान रहना होगा। चलते हुए कार्यों में बाधा देखने को मिलेगी। दवाइयों के कारोबारियों की आय बढ़ सकती है।

मकर आज वैवाहिक संबंधों में आपको बोरियत महसूस होगी। काम को लेकर भी काम काफी सुस्त हो सकते हैं। आज वही कार्य करें जिसको लेकर आप उत्सुकता महसूस कर रहे हैं। गर्भवती महिलाओं को अपनी सेहत का विशेष ध्यान देना होगा। किसी पर बहुत ज्यादा निर्भर न रहें।

कुंभ आज व्यवसाय में आपको सहकर्मियों पर काफी ध्यान देना होगा। कुछ ऐसे कार्य होंगे, जो आपको जबरदस्ती करने पड़ेंगे। भोजन के प्रति अरुचि हो सकती है। आपको सम्मान प्राप्त हो सकता है। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें।

मीन आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। पैतृक संपत्ति के लाभ होने के योग बन रहे हैं। कार्यक्षेत्र में आप किसी नए प्रोजेक्ट की शुरुआत कर सकते हैं। अपनी सफलता को लेकर आत्मविश्वास से युक्त रहेंगे। सेहत की समस्याओं से जूझ रहे लोगों को स्वास्थ्य लाभ मिल सकता है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
अल्ला रक्खा
सुबह : 11.48
वन टू थ्री
शाम : 06.51
यू टर्न
सुबह : 08.32
फितूर
रात : 08.00

SONY PIX
द मैकेनिक
दोपहर : 01.12
मैड मैक्स : फरी रोड
शाम : 06.28

&pictures
रमैया वस्तावैया
सुबह : 08.40
गंगाजल
रात : 09.10

ZEE CINEMA
अलादीन
सुबह : 11.52
प्यार का पंचनामा
रात : 09.00

colors CINEPLEX

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

डॉक्टर - आपका लड़का पागल कैसे हो गया?
पिता- वो पहले जनरल बोगी में सफर करता था।
डॉक्टर - तो इससे क्या?
पिता- लोग बोलते थे थोड़ा खिसको, थोड़ा खिसको, तभी से खिसक गया।
पिता की बात सुनकर डॉक्टर रह गया दंग!

टीचर- इरादे बुलन्द होने चाहिए,
पत्थर से भी पानी निकाला जा सकता है गप्पू- मैं तो लोहे से भी पानी निकाल सकता हूं
टीचर- कैसे
गप्पू- हैंड पम्प से
गप्पू का जवाब पढ़कर टीचर ने अपना माथा पीट लिया।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1080 डीएमओ 850 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860।

एक नजर

पीएसयू कंपनियों के शेयर 24% तक लुढ़के

नई दिल्ली। चुनावी नतीजों को लेकर अनिश्चितता पैदा होने के बीच मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार में मचे कोहराम से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी बैंकों के शेयरों में 24 प्रतिशत तक की भारी गिरावट दर्ज की गई। मतगणना के रुझानों से यह दिखा कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को लोकसभा चुनावों में अपने दम पर स्पष्ट बहुमत मिलने की संभावना बेहद कम है। इस रुझान को देखकर शेयर बाजार में घबराहट फैल गई और चौतरफा भारी बिकवाली हुई। इसके असर में बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही सूचकांक कारोबार के दौरान आठ प्रतिशत तक टूटने के बाद थोड़ा संभले लेकिन अंत में लगभग छह प्रतिशत के भारी नुकसान के साथ बंद हुए।

आईपीईएफ की बैठक आज से सिंगापुर में

नई दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी सिंगापुर में इंडो-पैसिफिक इकनॉमिक फ्रेमवर्क फॉर प्रॉस्पेरिटी (आईपीईएफ) द्वारा आयोजित दो दिन के स्वच्छ अर्थव्यवस्था निवेशक मंच की बैठक में भाग लेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल, मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव राजेश अग्रवाल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी पांच जून से शुरू होने वाली इस बैठक के लिए सिंगापुर पहुंच गए हैं। अधिकारी ने कहा-मंच में भारतीय परियोजनाओं को पेश किया जाएगा। इसमें 150 से अधिक निवेशक भाग लेंगे।

अडाणी समूह के शेयरों में भारी गिरावट

एग्जिट पोल की तुलना में भाजपा को नुकसान से बाजार पूंजीकरण 3.64 लाख करोड़ घटा

नई दिल्ली, एजेंसी



शेयर बाजार के मंगलवार को औंधे मुंह गिरने के साथ अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में जोरदार गिरावट आई और ज्यादातर निचली सर्किट सीमा पर आ गए। मंगलवार की चुनाव मतगणना और एग्जिट पोल की तुलना में भाजपा को नुकसान से शेयर बाजार में बड़ी गिरावट आई। समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.64 लाख करोड़ रुपये घट गया।

कारोबार समाप्त होने पर अडाणी पोर्ट्स का शेयर 21.26 प्रतिशत, अडाणी एनर्जी सोल्यूशंस 20 प्रतिशत, समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज 19.35 प्रतिशत, अडाणी ग्रीन एनर्जी ने 19.20 प्रतिशत का गोता लगाया। अडाणी टोटल गैस 18.88 प्रतिशत, एनडीटीवी 18.52 प्रतिशत, अडाणी पावर 17.27 प्रतिशत और अम्बुजा सीमेंट 16.88 प्रतिशत नीचे आया। वहीं एसीसी का शेयर 14.71 प्रतिशत और अडाणी विल्मर 9.98 प्रतिशत नीचे आया। कारोबार के दौरान समूह की 10 कंपनियों में से आठ निचले सर्किट पर पहुंच गए थे। कारोबार के दौरान अडाणी एंटरप्राइजेज 25 प्रतिशत के निचले सर्किट पर पहुंच गया था। वहीं अडाणी पोर्ट्स 25 प्रतिशत और अम्बुजा सीमेंट्स 22.5 प्रतिशत लुढ़क कर सर्किट के निचले स्तर पर पहुंच गया था। अडाणी पावर 20% और अडाणी एनर्जी 20% लुढ़क कर निचले सर्किट सीमा पर पहुंच गया था। अडाणी ग्रीन 20% और अडाणी टोटल गैस 19.89 प्रतिशत नीचे आ गया। वहीं एनडीटीवी 19.98 और एसीसी 19.69% की गिरावट के साथ सर्किट के निचले स्तर पर पर पहुंच गया था। अडाणी विल्मर का शेयर भी 10% की गिरावट के साथ सर्किट के निचले स्तर पर आ गया था।

चुनावी नतीजों के चलते सोने-चांदी की कीमतों में तेजी

चुनावी नतीजों और वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना 450 रुपये के उछाल के साथ 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर जा पहुंचा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसके अतिरिक्त, चांदी की कीमत भी 200 रुपये बढ़कर 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम हो गयी। पिछले कारोबारी सत्र में यह 92,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी ने कहा, दिल्ली के बाजारों में हाजिर सोने की कीमत (24 कैरेट) 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रही, जो पिछले बंद भाव से 450 रुपये अधिक है। विदेशी बाजारों में, कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,335 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से 15 डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा कि मंगलवार को सोने में तेजी आई क्योंकि अमेरिका में विनिर्माण क्षेत्र के निराशाजनक आंकड़ों से उम्मीद जगी है कि फेडरल रिजर्व के पास इस साल उधारी लागत कम करने की गुंजाइश होगी।

देश में नई सरकार के गठन और उनकी आर्थिक नीतियों से तय होगा शेयर बाजार का भविष्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय बाजार के विशेषज्ञों ने जताई आशंका

आम चुनाव के नतीजों से सरकार के गठन को लेकर स्थिति स्पष्ट न होने के बीच बाजार के विशेषज्ञों ने मंगलवार को कहा कि शेयर बाजार का भविष्य नई सरकार की आर्थिक नीतियों पर निर्भर करता है जिसमें जीडीपी वृद्धि, मुद्रास्फीति और वैश्विक परिस्थितियां जैसे कारकों की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। भाजपा के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) चुनावी नतीजों के रुझानों में बहुमत से आगे दिख रहा है। लेकिन गठबंधन के सहयोगी दलों पर निर्भरता बढ़ने का असर सरकार की निर्णायक नीतियों पर पड़ने की संभावना को लेकर बाजार में चिंता नजर आने लगी है।

उन्होंने कहा कि शेयर बाजार में भारी गिरावट ने इस आशंका पर मुहर भी लगाने का काम किया। बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ही सूचकांक कारोबार के दौरान आठ प्रतिशत तक टूटने के बाद थोड़ा संभले लेकिन अंत में लगभग छह प्रतिशत के भारी नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 4,389.73 अंक गिरकर 72,079.05 पर और निफ्टी 1,379.40 अंक गिरकर 21,884.50 पर बंद हुआ। हालांकि शनिवार को अंतिम चरण का मतदान होने के बाद विभिन्न समाचार चैनलों पर आए एग्जिट पोल में भाजपा की अगुवाई वाले राजग को भारी बहुमत मिलने की संभावना जताई गई थी।

स्टॉक्सबॉक्स के शोध प्रमुख मनीष चौधरी ने कहा कि राजग सरकार के पिछले दो कार्यकालों की खासियत रहा सुधारवादी दृष्टिकोण इसके तीसरे कार्यकाल में पीछे रह सकता है। इसकी वजह यह है कि भाजपा अपने दम पर बहुमत पाने की स्थिति में नहीं है और उसे सरकार चलाने के लिए अपने सहयोगी दलों पर निर्भर रहना होगा। अबान्स होल्डिंग्स में वरिष्ठ प्रबंधक (शोध एवं विश्लेषण) यशोवर्धन खेमका ने कहा-गठबंधन सरकार होने से महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय लेने और मंत्रिमंडल में कुछ अहम पदों के लिए सहयोगियों पर निर्भरता बढ़ेगी, जिससे नीतिगत असमंजस और सरकार के कामकाज में अनिश्चितता पैदा होगी।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	92,050
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	95,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	100000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74,100
गिन्नी (प्रति नग)	55,225-55,425
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,800
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,650
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	89,500
चांदी तैयार	89,600
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72,900
सोना जेवरात गिन्नी	71,900
चांदी पक्की	895 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	72,750
चांदी आभूषण	89,900।

दूरसंचार विभाग ने स्पेक्ट्रम नीलामी की तारीख बढ़ाकर 25 की

नई दिल्ली। दूरसंचार विभाग ने मंगलवार को स्पेक्ट्रम नीलामी 19 दिन आगे बढ़ाकर 25 जून कर दी है। विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना से यह जानकारी मिली है। बोली के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाले नोटिस में किए गए संशोधन के अनुसार-लाइव नीलामी की शुरुआत की नई तारीख छह जून से बदलकर 25 जून कर दी गई है। सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए लगभग 96,317 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। रिलायंस जियो ने स्पेक्ट्रम नीलामी के लिए 3,000 करोड़ रुपये की सबसे अधिक राशि जमा की है।

सरकार ने गेहूं उत्पादन के अनुमान को संशोधित कर 11.29 करोड़ टन किया

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने अपने तीसरे अनुमान में फसल वर्ष 2023-24 (जुलाई-जून) के लिए गेहूं उत्पादन अनुमान को संशोधित कर रिकॉर्ड 11 करोड़ 29.2 लाख टन कर दिया है।

कृषि मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उत्पादन, जिसे दूसरे अनुमान से 9.1 लाख टन ऊपर की ओर संशोधित किया गया है, वह फसल वर्ष 2022-23 में हासिल किए गए 11 करोड़ 5.5 लाख टन के पिछले रिकॉर्ड उच्च स्तर से भी अधिक है। मुख्य रबी (सर्दियों) की फसल गेहूं की कटाई हो चुकी है और केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 2.6 करोड़ टन से अधिक की खरीद पहले ही की जा चुकी है। अपने तीसरे अनुमान में, कृषि मंत्रालय ने फसल वर्ष 2023-24 के लिए चावल उत्पादन में पिछले फसल वर्ष के 13 करोड़ 57.5 लाख टन से बढ़कर 13 करोड़ 67 लाख टन होने का अनुमान लगाया है। हालांकि, कुल खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2022-23 में प्राप्त स्तर की तुलना में थोड़ा कम यानी 32 करोड़ 88.5 लाख टन होने का अनुमान है।

सीबीआईसी लाएगा व्यापक आबकारी कानून

नी दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने मंगलवार को केंद्रीय उत्पाद शुल्क विधेयक, 2024 के मसौदे पर टिप्पणियां आमंत्रित कीं। यह दशकों पुराने केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की जगह लेगा।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि विधेयक का मकसद कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और पुराने तथा निरर्थक प्रावधानों को निरस्त करने के साथ ही एक व्यापक आधुनिक केंद्रीय उत्पाद शुल्क कानून बनाना है। विधेयक में 12 अध्याय, 114 धाराएं और दो अनुसूचियां शामिल हैं।

समाशोधन निगम के स्वामित्व, आर्थिक ढांचे की समीक्षा के लिए समिति का गठन

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने समाशोधन निगमों के स्वामित्व और आर्थिक संरचना की समीक्षा के लिए एक समिति का गठन किया है।

इस पहल का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि समाशोधन निगम को मजबूत, स्वतंत्र और तटस्थ जोखिम प्रबंधकों के रूप में कार्य करें। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की पूर्व डिप्टी गवर्नर उषा थोराट तदर्थ समिति की अध्यक्ष होंगी। यह निर्णय हाल के वर्षों में भारतीय प्रतिभूति बाजारों में उल्लेखनीय वृद्धि और केंद्रीय जोखिम प्रबंधन संस्थानों के रूप में समाशोधन निगम के महत्व को देखते हुए लिया गया है। सेबी ने मंगलवार को बयान में कहा कि समिति को स्वामित्व संरचना के साथ-साथ समाशोधन निगमों के वित्त की समीक्षा करने का काम सौंपा गया है। समिति स्वामित्व संरचना के संबंध में व्यवहार्यता की जांच करेगी। साथ ही पात्र निवेशकों की सूची का विस्तार करेगी, जिन्हें एक समाशोधन निगम में हिस्सेदारी लेने की अनुमति है। इसके साथ उन निवेशकों की श्रेणियों का सुझाव देगी जो ऐसे निगमों में हिस्सेदारी हासिल कर सकते हैं।

राष्ट्रीय

प्रधानमंत्री की राजनीतिक और नैतिक हार हुई : खरगे

लोकसभा चुनाव के परिणाम को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन बोले-यह जनता और लोकतंत्र की जीत है

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि इस लोकसभा चुनाव का परिणाम जनता और लोकतंत्र की जीत है तथा यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजनीतिक एवं नैतिक हार है। खरगे ने संवाददाताओं से कहा-यह जनता का परिणाम है। यह जनता की जीत है, लोकतंत्र की जीत है। हम पहले से कह रहे थे कि यह लड़ाई मोदी बनाम जनता थी।

उनका कहना था कि 18वीं लोकसभा के इस चुनाव में हमने विनम्रता से जनमत को स्वीकार किया है। इस बार जनता ने किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया। खासकर सत्ताधारी भाजपा ने एक व्यक्ति और एक चेहरे के नाम पर वोट मांगा था। खरगे ने कहा-यह प्रधानमंत्री की राजनीतिक और नैतिक हार है। यह उनकी बहुत बड़ी हार है।

चुनाव के नतीजे पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि जनता ने नरेंद्र मोदी को पूरी तरीके से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि यह जनादेश मोदी के खिलाफ है। यह नरेंद्र मोदी की नैतिक हार है। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी की दोनों यात्राएं यानी कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत छोड़ो न्याय यात्रा पूरी तरीके से सफल हुआ। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान हमें परेशान किया गया लेकिन हम हमेशा सकारात्मक मुद्दों पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं पर भाजपा ने कब्जा करने की कोशिश की।

खरगे ने राहुल गांधी सोनिया गांधी प्रियंका गांधी जैसे तमाम पार्टी के नेताओं का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इनकी वजह से हमें पूरे देश में प्रोत्साहन मिला और हम चुनाव जीतने में कामयाब रहे। उन्होंने कहा कि करोड़ो कार्यकर्ताओं ने हमारा साथ दिया। जिसकी वजह से हम इस चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने में कामयाब र हे उन्होंने दावा किया कि हमने यह चुनाव सिर्फ मुद्दों पर लड़ा है। हमारा कैंपेन पूरी तरीके से सकारात्मक रहा। इंडिया गठबंधन को लेकर उन्होंने कहा कि सभी ने मिलकर चुनाव लड़ा सकारात्मक प्रचार किया।

ममता ने मोदी और अमित शाह के इस्तीफे की मांग की

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिलने पर नैतिक आधार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग की। सुश्री बनर्जी ने इंडिया समूह के सहयोगियों को धन्यवाद दिया और राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस पर एक बार फिर से भरोसा जताने के लिए जनता को बधाई दी। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जैसा कि मैंने घोषणा की थी एग्जिट पोल को मोदी पोल बना दिया गया था और मेरी बात सच हो गई है, हालांकि राज्य में चुनाव में धांधली की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी के अगली बैठक में इंडिया समूह का प्रतिनिधित्व करने की संभावना है। अभिषेक ने डायमंड हार्बर सीट रिकॉर्ड अंतर से जीती है। सुश्री बनर्जी ने कहा-मैं राज्य में व्यस्त रहूंगी, मैं राज्य को केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के हाथों में नहीं छोड़ सकती हूं।

कांग्रेस का धीमी मतगणना का आरोप, निर्वाचन आयोग से शिकायत की

नई दिल्ली। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव की मतगणना में गति धीमी होने का दावा करते हुए मंगलवार को निर्वाचन आयोग से शिकायत की। पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने आयोग से आग्रह किया कि हर चरण की मतगणना के आंकड़े वेबसाइट पर समयबद्ध तरीके से सार्वजनिक किए जाएंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस नेता अभिषेक सिंघवी और सलमान खुर्शीद शामिल थे। सिंघवी ने संवाददाताओं से कहा-हमें अपनी राज्य इकाइयों और उम्मीदवारों से रिपोर्ट मिली है कि चुनाव आयोग की वेबसाइट पर दोपहर 2:30 बजे के बाद मतगणना अपडेट मिलने में देरी हो रही है। हमने यह भी बताया कि संसदीय क्षेत्र के आधार पर कोई अपडेट नहीं है। हमने कोई आरोप नहीं लगाया है, हमने सिर्फ अपडेट देने के लिए कहा है।

चुनाव परिणाम ने साबित किया कि स्थिति बदलाव के लिए अनुकूल है

मुंबई, एजेंसी

- शरद पवार बोले-रणनीति तय करने के लिए आज करेंगे बैठक

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को कहा कि लोकसभा चुनाव परिणामों ने दिखा दिया है कि देश में स्थिति राजनीतिक बदलाव के लिए अनुकूल है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि आगे की रणनीति तय करने के लिए बुधवार को दिल्ली में इंडिया गठबंधन के नेताओं के बैठक करने की संभावना है।

हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि विपक्षी गठबंधन के केंद्र में सरकार बनाने की संभावना नहीं है। पवार ने कहा-मैंने (कांग्रेस अध्यक्ष) मल्लिकार्जुन खरगे और (माकपा महासचिव) सीताराम येचुरी से बात की है। इंडिया गठबंधन की बैठक बुधवार को दिल्ली में होने की संभावना है। आज शाम तक अंतिम निर्णय लिये जाने की उम्मीद है। उसी के अनुसार, मैं दिल्ली जाऊंगा। यह पूछे जाने पर कि अगला प्रधानमंत्री कौन होगा, पवार ने कहा-हमने इस पर विचार नहीं किया है। उन्होंने कहा, '' इंडिया गठबंधन के सरकार बनाने को लेकर मैं आश्वत नहीं हूं। हम कल बैठक करेंगे और आगे की रणनीति पर निर्णय लेंगे। पवार ने कहा कि चुनाव में उनकी पार्टी और शिवसेना का स्ट्राइक रेट बहुत अच्छा है।

एक नजर

केजरीवाल के खिलाफ अदालत नौ जुलाई को पारित करेगी आदेश

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय द्वारा दाखिल पूरक आरोपपत्र पर संज्ञान लेने के मुद्दे पर नौ जुलाई को आदेश पारित कर सकती है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा को मंगलवार को आदेश पारित करना था, लेकिन उन्होंने इसे नौ जुलाई तक के लिए टाल दिया है।

सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया। पीठ ने जमानत याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए यह भी स्पष्ट किया कि वह इस मामले के गुण-दोष पर कुछ नहीं कह रही है।

जद (एस) से निलंबित प्रज्वल रेवन्ना हासन सीट से हारा चुनाव

बेंगलुरु। महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के निलंबित नेता एवं हासन के सांसद प्रज्वल रेवन्ना मंगलवार को अपनी सीट नहीं बचा सके और 42,649 मतों के अंतर से हार गए। इस सीट पर कांग्रेस के श्रेयस एम पटेल विजेता रहे। प्रज्वल को 6,30,339 वोट मिले, जबकि पटेल को 6,72,988 वोट मिले। जद (एस) के संरक्षक एवं पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल (33) ने राजग उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा था। छब्बीस अप्रैल को हासन में चुनाव होने के बाद प्रज्वल के खिलाफ महिलाओं के यौन शोषण के आरोप सामने आने के पश्चात जद (एस) ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था। वह फिलहाल मामलों की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) की हिरासत में हैं।

दिल्ली में दी कड़ी टक्कर, लोगों ने नफरत के खिलाफ दिया वोट

नई दिल्ली, एजेंसी

- आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पर साधा निशाना

आप नेता संजय सिंह ने मंगलवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद इसके उम्मीदवारों ने दिल्ली में भाजपा को कड़ी टक्कर दी और साथ ही लोगों ने भाजपा की नफरत तथा तानाशाही की राजनीति के खिलाफ मतदान किया।

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा-मैं देश के मतदाताओं के सामने सिर झुकाना चाहता हूं। आज चुनाव परिणाम आ रहे हैं। तस्वीर साफ होती जा रही है। उन्होंने कहा-यह चुनाव जनता के लिए एक संदेश है कि वह भाजपा के 10 साल के शासन से थक गई है और उसे बाहर करना चाहती है। लोग महंगाई से परेशान हो गए हैं। यह भारत के लोकतंत्र की सुंदरता है कि लोगों ने भाजपा को वापस जाने के लिए कहा है। भाजपा के 400 के बहुमत के आंकड़े से दूर दिखाई देने पर सिंह ने कहा-नतीजे भाजपा और उसकी नफरत तथा तानाशाही की राजनीति के लिए एक बड़ा सबक हैं। पीएम मोदी को नैतिकता के आधार पर अपना पद छोड़ देना चाहिए।

इंदौर में नोटा ने 2.18 लाख वोटों के साथ बनाया नया रिकॉर्ड

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर में नोटा ने बिहार के गोपालगंज का पिछला कीर्तिमान ध्वस्त करते हुए 2,18,674 वोट हासिल किए और 14 में से 13 उम्मीदवारों को पटखनी देकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड कायम किया। इंदौर, मतदाताओं की तादाद के लिहाज से सूबे में सबसे बड़ा लोकसभा क्षेत्र है जहां मुख्य चुनावी भिड़ंत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के बीच होती रही है, लेकिन इस बार सियासी समीकरण एकदम बदले हुए थे। कांग्रेस के घोषित प्रत्याशी अक्षय कांति बम पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 29 अप्रैल को अपना पर्चा वापस लेकर तुरंत बाद भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। नतीजतन इस सीट के 72 साल के इतिहास में कांग्रेस पहली बार चुनावी दौड़ से बाहर हो गई।

सुखोई लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त दो पायलट सुरक्षित बाहर निकले

नासिक, एजेंसी

- विमान शिरसगांव गांव के पास एक खेत में हुआ दुर्घटनाग्रस्त

भारतीय वायुसेना का एक सुखोई लड़ाकू विमान मंगलवार को महाराष्ट्र के नासिक जिले में क्रैश हो गया। नासिक रेंज के विशेष महानिरीक्षक डी आर कराले ने बताया कि सुखोई एसयू-30 एमकेआई विमान के पायलट और सह-पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए। विमान शिरसगांव गांव के पास एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है।

आईपीएस अधिकारी ने बताया कि सुखोई विमान शिरसगांव गांव के पास एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। लड़ाकू विमान को विंग कमांडर बोकिल और उनके दूसरे कमांडर बिस्वास उड़ा रहे थे। करीब दोपहर 1.20 बजे यह निफाड तहसील के शिरसगांव गांव के एक खेत में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों पायलट सुरक्षित बाहर निकल आए और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। अधिकारियों ने बताया कि उन्हें एचएएल अस्पताल ले जाया गया है। दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विमान में आग लग गई, जिसे बुझा दिया गया है।

भाजपा मुख्यालय में जीत के शंखनाद की गूंज, कांग्रेस में जश्न

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव के रुझान और नतीजे आने के बाद डीडीयू मार्ग स्थित भाजपा मुख्यालय में शंखनाद शुरू हो गया। भारत माता की जय और मोदी है तो मुमकिन है जैसे नारों गूंज सुनने को मिली। रुझानों में बढ़त देख भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह बढ़ता गया। कार्यकर्ता ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते-थिरकते दिखे। दोपहर 12 बजे के करीब जब जीत स्पष्ट होने लगी तो वैसे ही कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया। वहीं देश के महाराष्ट्र, बंगाल, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश व राजस्थान आदि में दोनों पार्टियों के समर्थकों ने अपनी-अपनी जीत का जश्न अपने अंदाज में मनाया।

नई दिल्ली में पार्टी कार्यालय में पार्टी की बढ़त का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता। ●

मुंबई में कांग्रेस समर्थकों ने पार्टी की बढ़त का जश्न मनाया। ● एजेंसी

जश्न को लेकर सुबह से ही कार्यकर्ता अलग-अलग अंदाज में यहां पहुंचते नजर आए। कोई साइकिल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कटआउट, तो कोई मोदी की ड्रेस में व कुछ विजय शंख लेकर पहुंचे। जैसे-जैसे चुनावी नतीजे आ रहे थे, वैसे-वैसे कार्यकर्ताओं व समर्थकों में उत्साह बढ़ता जा रहा था। मुख्यालय के आस-पास का इलाका पूरा भगवा नजर आ रहा था। वहीं अकबर रोड स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के मुख्यालय में हर्ष का माहौल दिखा। कांग्रेस कार्यकर्ता ढोल की ताल पर झूमते नजर आए। यहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह प्यार-मोहब्बत की जीत है।

खेल डायरी

बोपन्ना ने बालाजी को अपना जोड़ीदार चुना

नयी दिल्ली, एजेंसी। दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने फ्रेंच ओपन में अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने वाले एन श्रीराम बालाजी को पेरिस ओलंपिक के लिए अपना जोड़ीदार चुना है और अखिल भारतीय टेनिस महासंघ (एआईटीए) के इस अनुभवी खिलाड़ी की पसंद पर आपत्ति जताने की संभावना नहीं है। बोपन्ना ने एआईटीए को ईमेल लिखकर अपने फैसले की जानकारी दी। इस ईमेल को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) को भी भेजा गया है। एआईटीए ने भी इसकी पुष्टि की है। बालाजी और मैक्सिको के उनके जोड़ीदार एमए रेयेस-वारेला मार्टिनेज को सोमवार को फ्रेंच ओपन के पुरुष युगल के तीसरे दौर में बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन को कड़ी चुनौती देने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा।

आशुतोष के चार गोल ईमी ने विक्ट्री को हराया

नयी दिल्ली, एजेंसी। प्लेयर ऑफ द मैच आशुतोष थपलियाल के चार शानदार गोलों की मदद से डीएसए ए डिवीजन लीग में ईमी हीरोज ने विक्ट्री एफसी को 6-0 से रौंद दिया। ऐन गंबोई और राहुल ने एक-एक गोल किये। वहीं एक अन्य मुकाबले में मोहम्मद अयमान बिन के दो दर्शनीय गोलों की मदद से गुड विल एफसी ने हॉप्स एफसी को 2-1 से हराकर संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। पिछले कुछ मुकाबलों में कड़ा संघर्ष करने वाली विक्ट्री को पहली जीत की तलाश है। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में मजबूत प्रतिद्वंद्वी के विरुद्ध विक्ट्री की रक्षा पंक्ति दूसरे हाफ में टूट गई। जिसका फायदा उठाकर थपलियाल ने तिकड़ी सहित चार गोल दाग दिए।

म्यूनिख विश्व कप में ईशा छठे स्थान पर

म्यूनिख, एजेंसी। निशानेबाज ईशा सिंह म्यूनिख में चल रहे आईएसएसएफ विश्व कप की महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में छठे स्थान पर रहीं। जिससे प्रतियोगिता में भारत का पहले पदक का इंतजार जारी रहा। ईशा ने फाइनल में 20 अंक जुटाए। फ्रांस की कैमिली जेद्रेवस्की ने स्वर्ण पदक जीता। कैमिली ने खिताब की दौड़ में जर्मनी की डोरीन वेनेकैंप को पछाड़ा। विजेता का फैसला करने के लिए दो शूट ऑफ का सहारा लेना पड़ा। दोनों निशानेबाज 10 सीरीज के बाद 40 अंक के साथ बराबर थीं। फाइनल्स की मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक कोरिया की किम येजी 35 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। लगातार दूसरी स्पर्धा के फाइनल में निशानेबाज छठे स्थान पर रहीं।

एआईएफएफ ने कामत के निधन पर शोक जताया

नयी दिल्ली, एजेंसी। अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के सहायक महासचिव और प्रतियोगिता निदेशक अनिल कामत का मंगलवार को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से बीमार थे। एआईएफएफ ने उनके निधन की जानकारी दी। गोवा के चिनचिनिम गांव के रहने वाले कामत लगभग 25 वर्षों से एआईएफएफ से जुड़े हुए थे। वह सीआरसी चिनचिनिम और सेलकेट फुटबॉल क्लब से अधिकारी के रूप में जुड़े हुए थे। वह गोवा फुटबॉल संघ में कार्यकारी समिति के सदस्य और संयुक्त सचिव भी रहे। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने उनके निधन पर शोक जताते हुए कहा, ''अनिल कामत के निधन से मैं बेहद दुखी हूं। अनिल के निधन से भारतीय फुटबॉल की संरचना ने एक ऐसा स्तंभ खो दिया है जिसकी भरपाई करना मुश्किल होगा।'' उन्होंने कहा, ''फुटबॉल और इसके प्रबंधन के बारे में उनका गहरा ज्ञान घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय फुटबॉल के लिए एक संपत्ति थी। दुख की इस घड़ी में मैं उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। ओम शांति।''

मिशन विश्व कप का आगाज करेगी टीम इंडिया

आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच आज, बरसों से आईसीसी ट्रॉफी का सूखा दूर करने उतरेंगे खिलाड़ी

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारत	आयरलैंड
रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।	पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), मार्क अडायर, रॉस अडायर, एंड्रयू बालबर्नी, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, ग्राहम ह्यूम, जोश लिटिल, बैरी मैकार्थी, नील रॉक, हैरी टेक्टर, लोरकन टकर, बेन व्हाइट, क्रेग यंग।

आलोचक भले ही उन्हें 'नयी बोतल में पुरानी शराब' कहें लेकिन भारत के सुपरस्टार क्रिकेटर बरसों से आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत पाने का मलाल मिटाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहेंगे और अपने इस मिशन की शुरूआत टी20 विश्व कप में बुधवार को आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच के जरिये करेंगे।

भारतीय टीम में अभी भी कई अनसुलझे सवाल हैं मसलन यहां 'ड्रॉप इन' पिच पर टीम संयोजन क्या रहेगा। रोहित शर्मा और विराट कोहली तो विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रह चुके हैं लेकिन जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा जैसे 'दशकों में एक' माने जाने वाले क्रिकेटरों ने अभी तक खिताब नहीं जीता है। भारतीय क्रिकेट टीम 1982 और 1986 की ब्राजील फुटबॉल टीम की तरह नहीं बनना चाहती जब सुकरात, जिको, कारेका, फाल्काओ और अलेमाओ जैसे सितारे भी फीफा विश्व कप नहीं जीत सके थे। पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल के बाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम के ड्रेसिंग रूम की सीढियां चढते हुए कप्तान रोहित शर्मा अपने आंसू नहीं छिपा सके थे। वहीं 765 रन बनाने वाले कोहली के चेहरे पर भी उदासी साफ देखी जा सकती थी। कई बार सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मिलकर सर्वश्रेष्ठ टीम नहीं बना पाते। भारत ने अपने अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताया है लेकिन यह नहीं भूलना चाहिये कि यही टीम कई बार आखिरी दो तिलिस्म नहीं तोड़ सकी है। सैतीस बरस के रोहित का यह आखिरी विश्व कप है और यह लगभग तय है कि वह भारत में होने वाले अगले टी20 विश्व कप और दक्षिण अफ्रीका में 2027 में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप तक नहीं खेलेंगे। दूसरी ओर आयरलैंड की टीम में पॉल स्टर्लिंग, जोश लिटिल, हैरी टेक्टर, एंडी बालबर्नी जैसे अच्छे टी20 क्रिकेटर हैं। नासाउ काउंटी मैदान की धीमी और औसत विकेट पर भारतीय टीम आयरलैंड के बायें हाथ के स्पिनर जॉर्ज डॉकरेल को कैसे खेलती है, यह देखना रोचक होगा। भारत को फायदा इस बात का है कि उसके पास आयरलैंड से बेहतर स्पिनर हैं हालांकि बुमराह के अलावा तेज गेंदबाजी आक्रमण थोड़ा कमजोर लग रहा है। कई बार बहुत ज्यादा विकल्प होना भी अच्छी स्थिति नहीं होती है और शीर्षक्रम पर भारत के साथ ऐसा ही हो रहा है। कप्तान रोहित और कोहली के लिये यशस्वी जायसवाल को बाहर रहना पड़ सकता है। ऋषभ पंत ने अभ्यास मैच में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी की और हार्दिक पंड्या ने अच्छी गेंदबाजी की। पंड्या ने अभ्यास सत्र में कोहली, सूर्यकुमार यादव और रोहित को अच्छी खासी गेंदबाजी की।

मैच का समय : रात आठ बजे से।

फजलहक फारूकी

अफगानिस्तान ने युगांडा को 125 रनों से रौंदा

प्रोविडेंस (गुयाना), एजेंसी

- **फारूकी के पांच विकेट, गुरबाज और जदरान की बल्लेबाजी से विश्व कप का पहला मैच जीता**

तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी के पांच विकेट और रहमानुल्लाह गुरबाज तथा इब्राहिम जदरान के बीच पहले विकेट की शतकीय साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप के पहले मैच में युगांडा को 125 रन से हराया। कोलकाता नाइट राइडर्स के सलामी बल्लेबाज गुरबाज ने 45 गेंद में 76 रन बनाये जबकि जदरान ने 46 गेंद में 70 रन की पारी खेली। दोनों ने पुरूषों के टी20 विश्व कप में पहले विकेट के लिये सर्वोच्च 154 रन की साझेदारी की जिसकी मदद से अफगानिस्तान ने पांच विकेट पर 183 रन बनाये। बायें हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी ने चार ओवर में नौ रन देकर पांच विकेट लिये।

विश्व कप में पहली बार उतरी युगांडा की टीम 16 ओवर में 58 रन पर आउट हो गई। फारूकी दो बार हैट्रिक लेने के करीब पहुंचे थे। पहली गेंद पर चौका पड़ने के बाद उन्होंने बेहतरीन इनस्विंगर पर रौनक पटेल को आउट किया। इसके बाद रोजर मुकासा पगबाधा आउट हो गए। आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिये खेल चुके फारूकी ने 13वें ओवर में तीन और विकेट लेकर टी20 क्रिकेट में कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने रियाजत अली शाह को बोल्ड किया और युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा को गुरबाज के हाथों लपकवाया। वह हैट्रिक से चूक गए लेकिन ओवर की आखिरी गेंद पर एक और विकेट लिया। इससे पहले अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाजों ने आक्रामक शुरूआत की। गुरबाज ने पारी की दूसरी ही गेंद पर छक्का जड़ा। जदरान ने दिनेश नकरानी के छठे ओवर में लगातार चार चौके लगाये। पावरप्ले के आखिर में अफगानस्तान ने 11 रन प्रति ओवर की दर से रन बना डाले थे। गुरबाज ने चार चौके और चार छक्के लगाये और अपना अर्धशतक सिर्फ 28 गेंद में पूरा किया। जदरान ने नौ चौके और एक छक्का जड़ा। ऐसा लग रहा था कि दोनों पूरे 20 ओवर खेल जायेंगे लेकिन युगांडा के गेंदबाजों ने वापसी की और उन्हें 200 रन के भीतर रोक दिया। अफगानिस्तान का सामना अब न्यूजीलैंड से होगा।

अफगानिस्तान : 183/5, ओवर : 20		साइमन का फजलहक बो मुजीब	04
गुरबाज का रियाजत बो रामजनी	76	मुकासा पगबाधा फजलहक	00
इब्राहिम जदरान बो मसाबा	70	रियाजत बो फजलहक	11
जदरान का नकरानी बो मसाबा	02	दिनेश बो नवीन उल हक	06
मोहम्मद नबी नाबाद	14	अल्पेश का नईब बो नवीन उल हक	00
नईब का मसाबा बो क्येवूता	04	रॉबिंसन का गुरबाज बो फजलहक	14
उमरजई का रामजनी बो क्येवूता	05	मसाबा का गुरबाज बो फजलहक	00
राशिद खान नाबाद	02	बिलाल हसन पगबाधा राशिद	08
गेंदबाजी : अल्पेश 4-0-33-1, कॉसमास क्येवूता 4-0-25-2, दिनेश नकरानी 3-0-37-0, बिलाल हसन 2-0-34-0, हेनरी सेनयोंडो 2-0-19-0, रियाजत अली शाह 1-0-11-0, मसाबा 4-0-21-2		कॉसमास क्येवूता नाबाद	02
युगांडा : 58/10, ओवर : 16		हेनरी सेनयोंडो बोल्ड राशिद	00
रौनक बो फजलहक 04		**गेंदबाजी :** फजलहक फारूकी 4-0-9-5, मुजीब उर रहमान 3-0-16-1, नवीन उल हक 2-0-4-2, अजमतउल्लाह उमरजई 2-0-7-0, राशिद खान 4-0-12-2, मोहम्मद नबी 1-0-8-0	

स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के मैच में बारिश ने डाला खलल

ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी

गत चैंपियन इंग्लैंड और स्कॉटलैंड के बीच टी20 विश्व कप मैच मंगलवार को बारिश और मैदान गीला होने के कारण देर से शुरू हुआ। केंसिंग्टन ओवल में टॉस के तुरंत बाद बारिश आ गई, जिसे स्कॉटलैंड के कप्तान रिची बेरिंगटन ने जीता। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। खबर लिखे जाने तक दोबारा बारिश शुरू होने से स्कॉटलैंड ने 6.2 ओवर में 51 रन बना लिए थे।

बारिश के कारण खेल की शुरूआत में लगभग 20 मिनट का विलंब हुआ। मैच के 7वें ओवर में दोबारा बारिश शुरू होने के कारण मैच को रोकना पड़ा। स्कॉटलैंड के खिलाड़ी जॉर्ज मोन्से 19 गेंदों पर 18 और माइकल जोंस 20 गेंदों पर 30 रन बनाकर डटे हुए थे। इंग्लैंड और स्कॉटलैंड ऑस्ट्रेलिया, ओमान और नामीबिया के साथ ग्रुप बी में है।

जेब्युर की हार, कोको सेमीफाइनल में

पेरिस, एजेंसी। अमेरिका की कोको गॉफ ने पहला सेट गंवाने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मंगलवार को फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में ओन्स जेब्युर को हराकर लगातार तीसरी बार ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पिछले साल सितंबर में अमेरिकी ओपन के रूप में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली गॉफ ने आठवीं वरीय जेब्युर को 4-6, 6-2, 6-3 से हराया। अमेरिकी ओपन के बाद गॉफ ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के भी अंतिम चार में जगह बनाई थी। गॉफ की सेमीफाइनल में भिड़ंत शीर्ष वरीय ईगा स्वियातेक से हो सकती है, जिन्होंने पेरिस में पिछले चार में से तीन खिताब जीते हैं।

नोवाक जोकोविच घुटने में चोट के कारण फ्रेंच ओपन से हटे

पेरिस, एजेंसी

नोवाक जोकोविच दाहिने घुटने में चोट के कारण मंगलवार को फ्रेंच ओपन से हट गए, जिससे खिताब के बचाव के मौके के साथ रैंकिंग में शीर्ष स्थान को भी गंवा देंगे। फ्रेंच ओपन के आयोजकों ने बताया कि 'जोकोविच के दाहिने घुटने के 'मीडियल मेनिस्कस' में चोट है। इस चोट की गंभीरता का पता एमआरआई जांच के दौरान चला।

जोकोविच को यह चोट विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान के खिलाड़ी फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ चौथे दौर में साढ़े चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच के दौरान लगी थी। चौबीस बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन को बुधवार को क्वार्टर फाइनल में दो बार के फ्रेंच ओपन उपविजेता कैस्पर रुड से मुकाबला करना था। रूड को अब वॉकओवर मिल गया है और सेमीफाइनल में उनका सामना रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज अलेक्जेंडर ज्वेरेव या 11वें स्थान के खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर से होगा।

एलेक्जेंडर ज्वेरेव क्वार्टरफाइनल में

पेरिस, एजेंसी। जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने डेनमार्क के होल्गर रूण को हराकर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये हैं। मंगलवार को हुये मुकाबले में ज्वेरेव ने लगातार तीन सेट जीतकर फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में लगातार चौथी बार जगह बनाई है। उन्होंने चार घंटे और 11 मिनट में तक चले मुकाबले में रुण पर 4-6, 6-1, 5-7, 7-6(2), 6-2 से जीत दर्ज की। ज्वेरेव का अगले मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एलेक्स डी मिनौर से होगा। डी मिनौर ने डेनियल मेदवेदेव को 4-6, 6-2, 6-1, 6-3 से हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे हैं।

राहुल द्रविड़ को लेकर भावुक हुए रोहित शर्मा

न्यूयॉर्क, एजेंसी

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मंगलवार को बताया कि उन्होंने निवर्तमान मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को पिछले ढाई वर्षों में टीम में उनके व्यापक योगदान को स्वीकार करने के साथ इस जिम्मेदारी को जारी रखने के लिए मनाने की कोशिश की थी। द्रविड़ ने सोमवार को स्पष्ट कर दिया था कि टी20 विश्व कप भारतीय टीम के साथ उनका आखिरी टूर्नामेंट होगा। रोहित इसके एक दिन बाद राष्ट्रीय टीम में अपने पहले कप्तान के बारे में बात करते हुए भावुक हो गए।

गौतम गंभीर को द्रविड़ के उत्तराधिकारी के रूप में देखा जा रहा है लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने इस पद के लिए आवेदन किया है या नहीं। रोहित ने टी20 विश्व कप में आयरलैंड के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''मैंने उन्हें रोकने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन जाहिर तौर पर ऐसी कई चीजें हैं जिनका उन्हें ध्यान रखना होगा। मैंने व्यक्तिगत रूप से उसके साथ अपने समय का आनंद लिया।'' रोहित ने इस मौके पर अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण को याद करते हुए कहा कि उन्होंने राहुल की कप्तानी में अपना अंतरराष्ट्रीय करियर शुरू किया था। उन्होंने कहा, '' जब मैंने आयरलैंड में पदार्पण किया था तो वह मेरे पहले अंतरराष्ट्रीय कप्तान थे। जब मैं टेस्ट मैचों के लिए टीम में आया था तब मैंने उन्हें करीब से खेलते हुए देखा था। वह हम सभी के लिए इतने बड़े आदर्श रहे है।'' उन्होंने कहा, '' बड़े होते हुए, हमने उन्हें खेलते हुए देखा है और हम जानते हैं कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से एक खिलाड़ी के रूप में क्या हासिल किया है । हम पिछले कुछ वर्षों में टीम के लिए उनके योगदान की सराहना करते है।''

नीदरलैंड ने नेपाल को 106 रनों पर समेटा

डलास, एजेंसी। नीदरलैंड ने आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मैच में मंगलवार को नेपाल की पारी को 19.2 ओवर में 106 रन पर समेट दिया। नेपाल की ओर से कप्तान रोहित पौडेल ने सबसे ज्यादा 35 रन बनाये। नीदरलैंड के लिए टिम प्रिंगल और लोगन वैन बीक ने तीन-तीन विकेट चटकाये।

ग्रांड प्रेरी स्टेडियम में मंगलवार को नेपाल और नीदरलैंड के बीच विश्वकप के खेले गए मैच में कप्तान रोहित पौडेल की जुझारू पारी की बदौलत नेपाल 100 रनों का आंकड़ा पार कर सकी। रोहित के अलावा नेपाल का कोई भी खिलाड़ी नीदरलैंड के गेंदबाजों के सामने ज्यादा समय तक नहीं टिक सका। नीदरलैंड के गेंदबाजों की सधी हुई गेंदबाजी के कारण नेपाल की टीम निर्धारित 20 ओवर भी नहीं खेल सकी।

शतरंज : प्रज्ञानानंदा ने डिंग लिरेन को हराया

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने विश्व चैम्पियन डिंग लिरेन के खिलाफ आर्मोगेडोन पर मिली हार का बदला चुकता करते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में जीत दर्ज की हालांकि इससे पहले चीनी खिलाड़ी ने मजबूत स्थिति में पहुंचकर खुद गलतियां की थी जो उन पर भारी पड़ी। पहला मुकाबला ड्रॉ रहा और प्रज्ञानानंदा ने आर्मागेडोन में बाजी मारी। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन ने अमेरिका के हिकारू नकामूरा के खिलाफ धीमी शुरूआत की और आर्मागेडोन में हार गए। वहीं फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अमेरिका के फेबियानो कारूआना को हराया। कार्लसन 13 अंक लेकर शीर्ष पर हैं। नकामूरा उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा 11 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि अलीरजा उनसे डेढ अंक पीछे हैं। कारूआना पांचवें स्थान पर हैं और लिरेन सबसे नीचे हैं। महिला वर्ग में यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक ने चीन की विश्व चैम्पियन वेंजुन जू को हराकर एकल बढ़त हासिल की। जू उनसे आधा अंक ही पीछे हैं। कोनेरू हम्पी ने हमवतन आर वैशाली को हराया जो तीसरे स्थान पर हैं। चीन की तिंगजि लेइ ने स्वीडन की पिया क्रामलिंग को हराया।

ग्रैंडमास्टर अर्जुन विश्व में शीर्ष पांच में

नयी दिल्ली, एजेंसी। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने फ्रेंच टीम शतरंज चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करके फिडे रेटिंग में पांचवां स्थान हासिल कर लिया और लाइव रेटिंग में वह सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय हैं। अर्जुन के ईएलओ रेटिंग अंक 2769.7 हैं और उन्होंने इसमें 8.7 अंक का इजाफा किया है। उनसे आगे नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन, अमेरिका के हिकारू नकामूरा और फेबियानो कारूआना और रूस के इयान नेपोम्नियाशि हैं। वह इस सप्ताह लाइव रेटिंग में 2771.2 अंक तक पहुंचे और विश्वनाथन आनंद के बाद यहां तक पहुंचने वाले दूसरे भारतीय हैं।

लक्ष्य सेन दूसरे राउंड में पहुंचे

जकार्ता, एजेंसी

- **इंडोनेशिया ओपन में प्रियांशु ने एचएस प्रणॉय को हराया**

लक्ष्य सेन और प्रियांशु रजावत मंगलवार को इंडोनेशिया ओपन 2024 बैडमिंटन बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट के अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज करते हुए दूसरे राउंड में पहुंच गये है। मंगलवार को पुरुष एकल मुकाबले में लक्ष्य सेन ने जापान के कांता त्सुनेयामा को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 21-12, 21-17 से हराया। राउंड ऑफ 16 में लक्ष्य का सामना जापान के केंटा निशिमोटो से होगा, जिन्होंने पहले राउंड में सातवीं वरीयता प्राप्त एंथोनी गिंटिंग को हराया है।

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य ने पहले गेम में ही मजबूत शुरुआत करते हुए 10-4 से बड़ी बढ़त बनाई और उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा और वह लगातार अंक अपने नाम करते रहे और आखिर में इस गेम को बड़ी आसानी से 21-12 से जीत लिया। कांता त्सुनेयामा को इस गेम में काफी संघर्ष करना पड़ा। दूसरे गेम में लक्ष्य शुरू से ही जापान के खिलाड़ी पर हावी रहे और 2-2 से स्कोर बराबर होने के बाद भारतीय शटलर ने 5-3 की बढ़त बनाई और शानदार प्रदर्शन करते हुए बढ़त बनाये रखा। जापानी खिलाड़ी ने गेम को आखिर तक ले जाने का प्रयास किया और स्कोर 17-14 कर दिया, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने जापानी खिलाड़ी की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए 21-17 से जीत दर्ज की। इसके अलावा दिन का एक और रोमांचक मुकाबले में एचएस प्रणॉय को पहले राउंड में हमवतन दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशु रजावत से 17-21, 11-21 से हार का सामना करना पड़ा। प्रणॉय की अपने जूनियर खिलाड़ी के खिलाफ चार मैचों में यह पहली हार थी। रजावत अगले राउंड में मौजूदा विश्व चैंपियन थाईलैंड के कुणालवुट विटिदसर्न से मुकाबला करेंगे। मिश्रित युगल जोड़ी बी सुमित रेड्डी और सिक्की रेड्डी ने भारतीय अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। भारतीय जोड़ी ने यूएसए के विसन चिउ-जेनी गाई को 18-21, 21-16, 21-17 से हारकर राउंड ऑफ 16 में जगह बनाई।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

बाढ़ बनी आफत

रेमल चक्रवात के बाद से गुवाहाटी में भारी बारिश के कारण कई इलाकों में जलभराव हो गया। इससे लोगों को पलायन करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। लगातार हो रही बारिश और बाढ़ की वजह से कई लोग जान गवां चुके हैं।

चांद के अंधेरे हिस्से से निकाली दो किलो मिट्टी

बीजिंग, एजेंसी

- चीन का मून लैंडर चांग ई-6 धरती पर लौट रहा है, चीन अपने इस मिशन में कामयाब हुआ तो ऐसा करने वाला पहला देश होगा

चीन ने पिछले महीने 3 मई को चांग ई-6 मून लैंडर लॉन्च किया था। अब इस मून लैंडर ने चांद के अंधेरे हिस्से से मिट्टी निकालने में कामयाबी हासिल कर ली है। ये जानकारी चीनी स्पेस मिशन ने दी है। न्यूज वेबसाइट अलजजीरा के मुताबिक चीन ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बन गया है। चंद्रमा के दक्षिणी हिस्से से मिट्टी का सैंपल लेने के लिए मून लैंडर में ड्रिल कर खोदने और फिर मलबे को उठाने की मैकेनिकल आर्म लगाई गई थी।

चीन की अंतरिक्ष एजेंसी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन ने बताया कि इस सैंपल के विश्लेषण से अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को चंद्रमा, पृथ्वी और सौर मंडल के बनने और उनका विकास होने से जुड़े सुराग मिल पाएंगे। इस डेटा का इस्तेमाल चीन के आने वाले मून मिशन्स में भी होगा।

पहली बार चांद के दक्षिणी हिस्से में फहराया चीनी झंडा : चांद से मिट्टी इकट्ठा करने के बाद चांग''ई-6 ने पहली बार चांद के दक्षिणी हिस्से में चीन का झंडा फहराया। चीनी स्टेट मीडिया के मुताबिक अब अपने मिशन को अंजाम देने के बाद मून लैंडर चांग''ई-6 वापस लौट रहा है।

25 जून को वापस लौटेगा चांग ई-6

चीनी न्यूज एजेंसी शिन्हुआ ने चीनी स्पेस एजेंसी का हवाला देते हुए बताया कि चांग''ई-6 ने मंगलवार सुबह 7:38 बजे चांद से उड़ान भरी। चांग''ई-6 फिलहाल चंद्रमा की कक्षा में प्रवेश कर चुका है। योजना के मुताबिक चांग''ई-6 चीन के इनर मंगोलिया इलाके के रेगिस्तान में करीब 25 जून के आसपास लैंड करेगा। इसे चीन का अब तक का सबसे मुश्किल मून मिशन बताया जा रहा है। अगर 25 जून को चीनी मून लैंडर वापस धरती पर सफलतापूर्वक उतरने में सफल होता है तो चीन के साथ-साथ ये पूरे मानवजाति के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। इससे पहले बीते रविवार की सुबह चांग''ई-6 ने चांद के अंधेरे वाले हिस्से ऐटकेन बेसिन पर सफल लैंडिंग की थी।

चांद के सुदूर हिस्से तक पहुंचना क्यों मुश्किल?

चांद के इस हिस्से पर लैंडिंग दूसरे हिस्सों के मुकाबले ज्यादा मुश्किल है। इसकी वजह ये है कि चांद के इस हिस्से में अंधेरा होता है, ये उबड़-खाबड़ है। इसके चलते यहां संपर्क मुश्किल होता है और लैंडिंग में परेशानी आती हैं। चीन को 2030 तक चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजना है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चीन एक रिसर्च बेस बनाना चाहता है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक चांग''ई-6 लैंडर जो सैंपल लेकर आएगा उनसे चंद्रमा, पृथ्वी और सौर मंडल के बनने और उनका विकास होने से जुड़े सुराग मिल पाएंगे। इस डेटा का इस्तेमाल चीन के आने वाले मून मिशन्स में होगा।

एक नजर

पाकिस्तान में कोयला खदान में गैस रिसाव से 11 लोगों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के क्वेटा के पास एक कोयला खदान में गैस रिसाव के कारण नौ खनिकों सहित 11 लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तानी अखबार डॉन ने सोमवार को बलूचिस्तान के मुख्य खान निरीक्षक अब्दुल गनी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कोयला खदान क्वेटा से 40 किलोमीटर दूर स्थित है। इस घटना के बाद खदान बंद कर दी गई थी। अखबार ने कहा कि नौ खनिकों के अलावा, एक ठेकेदार और एक खदान प्रबंधक भी मृतकों में शामिल हैं।

300 से अधिक अफगान शरणार्थी परिवार घर लौटे

काबुल। पिछले कुछ दिनों में 300 से अधिक अफगान शरणार्थी परिवार पाकिस्तान और ईरान से स्वदेश लौट आए हैं। सरकारी बख्तर समाचार एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि कुल 303 परिवार जो दोनों पड़ोसी देशों में वर्षों तक शरणार्थी के रूप में रहते थे, कुछ दिन पहले अपने वतन लौट आए। कथित तौर पर पिछले नवंबर से दोनों देशों से 10 लाख से अधिक अफगान शरणार्थी, जिनमें से अधिकांश बिना दस्तावेज वाले प्रवासी हैं, घर लौट आए हैं। अफगान की कार्यवाहक सरकार अफगान शरणार्थियों से विदेश में शरणार्थी के रूप में रहना बंद करने और युद्धग्रस्त मातृभूमि की पुनर्निर्माण प्रक्रिया में योगदान देने के लिए घर लौटने का आह्वान करती रही है।

कॉर्नेल ने ग्रहण किया प्रधानमंत्री का पदभार

पोर्ट-ओ-प्रिंस। हैती के अंतरिम प्रधानमंत्री गैरी कॉर्नेल ने आधिकारिक तौर पर पदभार ग्रहण कर लिया है। संक्रमणकालीन राष्ट्रपति परिषद ने मई के अंत में अंतरिम सरकार का नेतृत्व करने के लिए संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष (यूनिसेफ) के स्थानीय विभाग के निदेशक गैरी कॉर्नेल को चुना। श्री कॉर्नेल पहले ही 2011-2012 में प्रधानमंत्री के रूप में कार्य कर चुके हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर कहा, सोमवार को एक समारोह के दौरान प्रधानमंत्री डॉक्टर गैरी कॉर्नेल को संक्रमणकालीन राष्ट्रपति परिषद के अध्यक्ष एडगार्ड लेब्लांक फिल्स से संक्रमणकालीन सरकार के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति पर एक विस्तारित निर्णय प्राप्त हुआ। कार्यालय ने जारी बयान में कहा कि समारोह के दौरान प्रधानमंत्री ने प्रस्ताव दिया कि सभी इच्छुक पक्ष अपने विवादों को छोड़ दें।

भारत में हुए लोकसभा चुनाव के नतीजों पर वर्ल्ड मीडिया की रहीं नजरें

वॉशिंगटन पोस्ट ने कहा- मोदी पहली बार पूर्ण बहुमत से चूके

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में 2024 के लोकसभा चुनाव में वोटों की गिनती जारी है। बीजेपी की अगुआई वाले एनडीए गठबंधन को उम्मीद के मुताबिक सीटें मिलती नहीं दिख रहीं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नतीजों को न सिर्फ देश के लोग बल्कि पूरी दुनिया टकटकी लगाकर देख रही है। अमेरिका के न्यूयॉर्क टाइम्स से लेकर ब्रिटेन का बीबीसी ने लाइव कवरेज किया। शुरुआती नतीजों को वर्ल्ड मीडिया अपने नजरिये से परख रहा है।

न्यूयॉर्क टाइम्स ने नतीजों को प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल पर रेफरेंडम बताया है। टाइम्स के मुताबिक, काफी हद तक नरेंद्र मोदी को तीसरा टर्म मिलेगा। भारत में नए बने विपक्षी गठबंधन ने मोदी की बंटवारे की राजनीति के खिलाफ वोट मांगा था। विपक्ष ने लोगों के मन में ये डर भरा था कि अगर बीजेपी सत्ता में आई तो संविधान बदल देगी।

नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा।

- अलजजीरा ने लिखा- जीते तो भी पीठ नहीं थपथपा पाएंगे

बांग्लादेशी अखबार द डेली स्टार ने लिखा- ऐसा लगता है कि इस बार कमजोर भाजपा की सरकार बनेगी। भारतीय शेयर बाजार को पीएम मोदी की भारी जीत की उम्मीद थी लेकिन शुरुआती परिणामों ने उसे डरा दिया है। यही वजह है कि शेयर बाजार में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। इसके साथ ही बांग्लादेशी अखबार ने सीएम ममता बनर्जी की तारीफों के पुल भी बांधे हैं।

अखबार लिखता है कि एग्जिट पोल्स में तृणमूल कांग्रेस को काफी कम सीटें दिखाई गई थीं, लेकिन असल परिणाम कुछ और बता रहे हैं। ममता बनर्जी ने बीजेपी को एक बार फिर से मात दी है। रॉयटर्स ने लिखा है कि शुरुआती रुझानों में पीएम मोदी की पार्टी और उनका गठबंधन आगे दिखाई दे रहा है। उम्मीद के उलट नतीजों की वजह से बाजार परेशान होकर लगातार गिरता जा रहा है।

वॉल स्ट्रीट जर्नल ने लिखा विपक्ष ने दिया झटका

भारत के नरेंद्र मोदी बहुमत हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं। शुरुआती रुझानों में उन्हें उम्मीद मुताबिक नतीजे नहीं मिल रहे। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने लिखा कि मोदी और उनकी हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी को विपक्ष ने कड़ा झटका दिया है।

फ्रांस 24 ने लिखा-

भारत के चुनाव में विपक्ष उम्मीद से कड़ी टक्कर दे रहा है। 10 साल की सत्ता में नरेंद्र मोदी ने भारत की राजनीति के परिदृश्य को ही बदल दिया था। उनकी पॉपुलैरिटी ने उनकी पार्टी को पीछे छोड़ दिया। मोदी ने संसदीय चुनाव को राष्ट्रपति चुनाव जैसा बना दिया। नतीजा ये रहा कि बीजेपी चुनाव जीतने के लिए मोदी ब्रांड पर निर्भर रहती है।

उ. कोरिया के साथ सैन्य समझौता स्थगित करेगा द. कोरिया

सियोल। दक्षिण कोरिया की सरकार ने उत्तर कोरिया के साथ एक विवादास्पद सैन्य समझौते को निलंबित करने को मंजूरी दे दी है। यह एक ऐसा कदम है जिससे वह उत्तर कोरिया के उकसावे पर सख्त प्रतिक्रिया दे सकेगा।

यह घटनाक्रम ऐसे समय में हुआ है जब हाल ही में दोनों प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच दुश्मनी तेजी से बढ़ी है। इससे पहले दक्षिण कोरिया द्वारा कुछ पर्चे भेजे जाने के जवाब में उत्तर कोरिया ने सीमा पार कचरा ले जाने वाले गुब्बारे उड़ाए थे। मंगलवार को दक्षिण कोरिया की कैबिनेट काउंसिल ने सीमा पर सैन्य तनाव को कम करने के लिए 2018 के अंतर-कोरियाई समझौते को निलंबित करने के उद्देश्य से एक प्रस्ताव पारित किया।

- कचरे के गुब्बारे उड़ाने के मामले पर दोनों प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच दुश्मनी तेजी से बढ़ी

सरकारी अधिकारियों के अनुसार यह प्रस्ताव राष्ट्रपति यूं सूक येओल द्वारा हस्ताक्षर किए जाने के बाद औपचारिक रूप से प्रभावी होगा। वे संभवतः मंगलवार देर शाम तक इस पर हस्ताक्षर करेंगे।

टोक्यो में कार्गो विमान की कराई इमरजेंसी लैंडिंग

आपात लैंडिंग के बाद सुरक्षा कर्मियों ने विमान को घेर लिया।

टोक्यो, एजेंसी

- विमान में आग लगने के बाद करानी पड़ी इमरजेंसी लैंडिंग

जापान में टोक्यो के नारिता हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद ही एक मालवाहक विमान में आग लगने की वजह से आपात स्थिति में उतारा गया।

राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एनएचके द्वारा प्रसारित लाइव फुटेज में दिखाया गया कि विमान के दाहिने ओर की इंजन में आग लग गई। इसके बाद विमान ने आपातस्थिति में उतारने के लिए घोषणा की। हवाई अड्डे के अनुसार विमान को स्थानीय समयानुसार सुबह 11:20 बजे उतरना था। आपातकालीन लैंडिंग के बाद रनवे को बंद करने की कोई योजना नहीं है।

तुर्की में विमान दुर्घटना में दो सैनिकों की मौत

अंकारा। तुर्की के मध्य प्रांत काइसेरी में मंगलवार को सैन्य प्रशिक्षण के दौरान विमान दुर्घटना में दो सैनिकों की मौत हो गई। तुर्की रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा, हमारे वायु सेना कमान का एक एसएफ-260डी प्रकार का प्रशिक्षण विमान, जो प्रशिक्षण के लिए काइसेरी में 12वीं वायु परिवहन मुख्य बेस कमान से उड़ान भर रहा था, अज्ञात कारणों से दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान काइसेरी प्रांत के कोकासिनान जिले के हसन अर्पा इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

थ्यानमेन नरसंहार की वर्षगांठ पर चीन-हांगकांग में भारी सुरक्षा

बीजिंग, एजेंसी

- लोकतंत्र समर्थकों पर कार्रवाई का गवाह है थ्यानमेन चौक

थ्यानमेन नरसंहार की 35वीं बरसी पर चीन और हांगकांग में सुरक्षा के भारी बंदोबस्त किए गए। इस दौरान लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों पर खूनी कार्रवाई के गवाह रहे थ्यानमेन चौक को जाने वाली सड़कों पर पुलिस चौकियां और बख्तरबंद वाहनों की कतारें देखी गईं।

हांगकांग पुलिस ने भारी चौकसी बरतते हुए बरसी संबंधी किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रम को रोकने के लिए सड़क से कम से कम दो लोगों को हटा दिया। चीन काफी समय पहले ही नरसंहार की उन सभी निशानियों को कुचल चुका है जब चीनी सरकार ने कम्युनिस्ट शासन को बनाए रखने और महीनों से चल रहे विरोध प्रदर्शनों को समाप्त करने के लिए सेना को कार्रवाई का आदेश दिया था। इस आदेश के बाद अनुमान है कि 180,000 सैनिक और सशस्त्र पुलिस बल टैंकों के साथ पहुंचे और थ्यानमेन चौक पर प्रदर्शनकारी छात्रों पर गोलियां बरसाईं। आज तक मरने वालों की संख्या का पता नहीं चल पाया है। ये माना जाता है कि हजारों नहीं तो सैकड़ों लोग इस अभियान में मारे गए थे जो कि एक रात पहले शुरू होकर 4 जून, 1989 की सुबह समाप्त हुआ था। यह नरसंहार आधुनिक चीनी इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ। कम्युनिस्ट पार्टी के कट्टरपंथियों के पक्ष में संकट समाप्त हो गया जो राजनीतिक सुधारों की बजाय नियंत्रण का समर्थन करते थे।

सैन फ्रांसिस्को में इजराइली मिशन की इमारत से फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी

सैन फ्रांसिस्को में इजराइली वाणिज्य दूतावास की इमारत की लॉबी में घुसे फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शनकारियों को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया। हालांकि, यह तुरंत स्पष्ट नहीं हो पाया कि कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन एसोसिएट प्रेस के संवाददातओं ने पुलिस को लगभग 50 लोगों को अपने साथ ले जाते हुए देखा। अधिकारी उन्हें पुलिस वैन में बैठाकर वहां से ले गए।

सोमवार को फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शनकारियों का एक समूह इमारत में घुस गया और कई घंटों तक वहां रहा। प्रदर्शनकारियों ने इमारत के मुख्य द्वार पर इजराइल-हमास युद्ध को रोकने का आह्वान करते हुए पोस्टर लगाए। सैन फ्रांसिस्को पुलिस विभाग ने कहा कि पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को कई बार चेतावनी दी और उन्हें वहां से चले जाने को कहा, लेकिन इसके बाद वे आगे बढ़ते रहे, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। इजराइल के महावाणिज्यदूत मार्को सेरमोनेटा ने कहा कि प्रदर्शनकारी सुबह करीब नौ बजे फाइनेंशियल डिस्ट्रिक की इमारत के पास एकजुट हुए, लेकिन वाणिज्य दूतावास के कार्यालयों में प्रवेश नहीं कर सके।

प्रदर्शनकारियों को ले जाती पुलिस।

- सोमवार को दूतावास की इमारत में घुस गए थे प्रदर्शनकारी

द. कोरिया ने की अफ्रीकी देशों संग पहले शिखर सम्मेलन की मेजबानी

सोल, एजेंसी

- 4 से 8 जून तक चीन की यात्रा पर हुए रवाना

दक्षिण कोरिया ने मंगलवार को अफ्रीकी देशों के साथ अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया।

शिखर सम्मेलन सोमवार रात को शुरू हुआ और बुधवार को एक व्यापार शिखर सम्मेलन के साथ समाप्त होने वाला है, जिसमें राज्य और सरकार के प्रमुख और 48 अफ्रीकी देशों के प्रतिनिधिमंडल के प्रमुखों के साथ-साथ अफ्रीकी संघ और उसके संस्थानों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। संयुक्त घोषणा के तहत दोनों पक्षों ने यह विचार साझा किया कि द. कोरिया और अफ्रीका के बीच आपसी विश्वास, एकजुटता और समान ऐतिहासिक अनुभवों के आधार पर नए रणनीतिक सहयोग बनाने की आवश्यकता है। जलवायु परिवर्तन, संघर्ष, खाद्य असुरक्षा, स्वास्थ्य संकट, ऊर्जा संकट और आपूर्ति श्रृंखला व्यवधान सहित जटिल चुनौतियों के उद्भव के बीच, दोनों पक्ष तीन स्तंभों के आसपास संरचित मजबूत और पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी बनाने के लिए दृढ़ हैं। द. कोरिया और अफ्रीकी देशों ने 40 से अधिक व्यापार और निवेश संवर्धन ढांचे और आर्थिक विकास सहयोग निधि पर बुनियादी समझौते, साथ ही प्रमुख खनिज, बुनियादी ढांचे, गतिशीलता, कृषि, मत्स्य पालन पर समझौता ज्ञापन, चिकित्सा और स्वास्थ्य सहयोग जैसेएमओयू पर हस्ताक्षर किए।

बॉलीवुड हलचल

मिस्टर एंड मिसेज माही के गाना का वीडियो रिलीज

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव और अभिनेत्री जान्हवी कपूर की आने वाल फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का गाना तू ही तो का वीडियो रिलीज कर दिया गया है। राजकुमार राव और जान्हवी कपूर अभिनीत रोमांटिक ड्रामा मिस्टर एंड मिसेज माही लगातार लोगों का दिल जीत रही है। अपनी शानदार सिनेमाई रिलीज के बाद, फिल्म के निर्माताओं ने अब तू है तो नामक रोमांटिक गीत का आधिकारिक वीडियो जारी किया है। हनी एंड बनी द्वारा रचित, बनी और सागर द्वारा गाया गया, सागर के बोलों के साथ, तू है तो एक सूफी प्रेम गीत है। गाने के बारे में बात करते हुए, संगीतकार और गीतकार जानी ने साझा किया, तू है तो एक भावपूर्ण धुन है जो श्रोताओं को सूफी प्रेम गीतों के युग में वापस ले जाती है। यह व्यक्तिगत रूप से फिल्म के मेरे पसंदीदा गीतों में से एक है और मुझे लगता है कि हनी और बनी ने इसे अविश्वसनीय रूप से बेहतरीन तरीके से पेश किया है। मुझे खुशी है कि गाना आखिरकार अब रिलीज़ हो गया है।

पिता बने वरुण धवन पत्नी नताशा ने दिया बेटी को जन्म

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और नताशा दलाल के घर बेटी का जन्म हुआ है। वरुण धवन के पिता और निर्देशक डेविड धवन ने सभी फैंस को बेबी गर्ल के जन्म की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नताशा ने बेटी को जन्म दिया है और वरुण बेटी के पिता बन गए हैं। यह खबर सुनकर फैंस काफी खुश हो रहे हैं। हर कोई वरुण को बधाई दे रहा है और साथ ही ढेर सारी शुभकामनाएं भी फैंस द्वारा दी जा रही है।

भारत के दो हेलीकॉप्टरों का इस्तेमाल कर रहे मालदीव के रक्षा कर्मी

माले। भारत के मालदीव से अपने सैनिकों को वापस बुलाने के बाद भी, भारत की ओर से मालदीव को दिए गए दो हेलीकॉप्टरों का नियमित रूप से संचालन किया जा रहा है।

अजाजू डॉट कॉम ने एक हवाईअड्डा अधिकारी के हवाले से कहा कि हेलीकॉप्टर उड़ाए जाने पर मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) का एक सैनिक उनपर मौजूद रहता है। चीन समर्थक राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पिछले साल सितंबर में सत्ता में आने पर अपने देश से सभी भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस भेजने का वादा किया था। 10 मई की तय समयसीमा तक 88 में से अंतिम भारतीय सैन्यकर्मियों को वापस भेज दिया गया था। भारत की तरफ से उपहार में दिए गए दो हेलीकॉप्टर और एक डोर्नियर विमान का उपयोग मालदीव में सैकड़ों निकासी और मानवीय मिशनों के लिए किया गया है।

खगोल विज्ञान चीनी विज्ञान अकादमी युन्नान वेधशाला के वैज्ञानिकों की खोज

बौनी आकाशगंगाओं में तारा निर्माण व विलय का खुलासा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : बौनी आकाशगंगाओं में तारों का निर्माण व उनके विलय का खुलासा वैज्ञानिकों ने किया है। बौनी आकाशगंगाओं में होने वाली भौतिक प्रक्रिया की यह पहली खोज है। जिस कारण इस खोज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

चीनी विज्ञान अकादमी युन्नान वेधशाला के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है। दरअसल बौनी आकाशगंगाओं के बारे में हमारी जानकारी अभी भी प्रयाप्त नही है। माना जाता था कि बौनी आकाशगंगाओं का ब्रह्मांड में सीमित स्थान है और उनमें बहुत कम प्रक्रिया होती होगी। मगर वास्तव में ऐसा नही है, बल्कि ब्रह्मांड में अपना खासा वर्चस्व रखती है।

बौनी आकाशगंगा की तस्वीर।

चीनी विज्ञान अकादमी के वैज्ञानिकों ने बौनी आकाशगंगाओं में विलय और ज्वारीय अंतःक्रियाओं सहित आकाशगंगाओं के बीच अंतःक्रियाओं का बड़े पैमाने पर अध्ययन किया गया है। शोध में बताया है कि विशाल आकाशगंगाओं के बीच विलय से आकाशगंगाओं की आकृतियाँ बदल सकती हैं, तारों का निर्माण बढ़ सकता है और यहाँ तक कि तारों का विस्फोट भी हो सकता है। मगर बौनी आकाशगंगाओं के कमजोर गुरुत्वाकर्षण के कारण तारा निर्माण वितरण और घनत्व विलय और तारकीय नकारात्मक प्रतिक्रिया से अधिक आसानी से प्रभावित होते हैं। वैज्ञानिकों ने बौनी आकाशगंगा वीसीसी 322 का विश्लेषण किया। यह शोध द एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशित हुआ है। शोधकर्ताओं ने आकाशगंगा का रंग और एकल तारकीय जनसंख्या मॉडल फिटिंग के आधार पर ज्वारीय धात्विकता और तारकीय आयु का अध्ययन किया। तब जाकर बौनी आकाशगंगा की भीतरी जानकारी सामने आ पाई।

बौनी आकाशगंगाओं पर अधिक शोध की जरूरत

बौनी आकाशगंगाओं को लेकर अधिक शोध की जरूरत है। भले ही यह पूर्णरूप से विकसित नही हो पाई हों, लेकिन ब्रह्मांड में इनके अस्तित्व को कम करके नही आंका जा सकता है। संभव है कि यह ब्रह्मांड के रहस्यों को उजागर करने में महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निभा सके।